
रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 27 जून 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 306 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### राष्ट्रपति कोविंद आज वृंदावन जाएंगे



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज उत्तर प्रदेश में एक दिन के वृंदावन दौरे पर जाएंगे। राष्ट्रपति सचिवालय ने जानकारी दी कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कृष्ण कुटीर के निवासियों से मिलने और उनसे परस्पर बातचीत करने के लिए कल यानी 27 जून को वृंदावन का दौरा करेंगे। कोविंद सुबह वृंदावन पहुंचने पर बांके बिहारी मंदिर जाएंगे और वहां पूजा अर्चना के बाद कृष्ण कुटीर जायेंगे। वृंदावन पहुंचने पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनका स्वागत करेंगे।

### बाइडेन और जी-7 के नेता रूसी सोने के आयात पर लगाएंगे प्रतिबंध



**लंदन।** ब्रिटिश सरकार ने जी-7 शिखर सम्मेलन की बैठक के दौरान कहा कि ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा और जापान यूक्रेन में युद्ध का आनन्द ले रहे मास्को की क्षमता पर हमला करने के लिए रूसी सोने के आयात पर प्रतिबंध लगाएंगे। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा कि आज हमने जिन उपायों की घोषणा की है, वे सीधे रूसी कुलीन वर्गों को प्रभावित करेंगे और व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीनरी के केंद्र में प्रहार करेंगे। उन्होंने कहा कि पुतिन इस व्यर्थ और बर्बर युद्ध पर अपने घटते संसाधनों को बर्बाद कर रहे है।

### अगरतला में कांग्रेस भवन पर भाजपा कार्यकर्ताओं का हमला

**अगरतला।** त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने शहर में कड़ी सुरक्षा वाले स्थल पर कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ की। इस घटना में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बिरजीत सिन्हा गंभीर रूप से घायल हो गये है। इस दौरान हुई हिंसा में बदमाशों ने कांग्रेस भवन में घुसकर कांग्रेस समर्थक रोनी मियां को चाकू मार दिया और कई अन्य लोगों को पीटा और पुलिस की मौजूदगी में कुछ मोटरसाइकिलों और वाहनों को नष्ट कर दिया।

# विशेष पिछड़ी जनजाति के बेरोजगारों को मिलेगी सरकारी नौकरी : सीएम भूपेश

पायनियर संवाददाता < कुनकुरी/रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विशेष पिछड़ी जनजाति के बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी दिए जाने की घोषणा की। बघेल से जशपुर जिले के बगीचा में भेंट मुलाकात के दौरान पत्थलगांव क्षेत्र से विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के युवक और युवती ने सरकारी नौकरी के लिए फरियाद की। इस पर मुख्यमंत्री ने दोनों से चर्चा की और छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजाति के चयनित 9623 बेरोजगारों को तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में पात्रता के अनुसार नौकरी देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बताया इसके लिए समिति ने सर्वे का काम पूरा कर लिया है। ऐसे सभी



लोगों को तत्काल प्रभाव से नौकरी मुहैया करा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बगीचा मे पालिटेक्निक कालेज, मरोल मे विद्युत सब स्टेशन, बगीचा का तहसील कार्यालय मार्ग पर ढ़ाई किमी का गौरव पथ का निर्माण के अलावा फलोद्यान एवं तिलहन पर आधारित प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना करने की भी घोषणा की। उन्होंने बगीचा क्षेत्र के जलप्रपात और अन्य पर्यटन स्थलों को भी विकसित करने के निर्देश दिए। बघेल ने जिले के कुरकुरी में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि 15 साल से छत्तीसगढ़ अपनी पहचान बदल कर नक्सलगढ़ में बदल गया था। यहां पर केवल खदानों का ही काम होता था लेकिन अब कांग्रेस की सरकार ने यहां तेजी से परिवर्तन लाकर देश ही नहीं बल्कि दुनिया में इस राज्य की अलग पहचान बनाई है। अब किसानों, हार्टिकल्चर और पर्यटन विकास के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इसका सभी को लाभ मिल रहा है। इसके पहले जशपुर जिले का प्रवास के दूसरे दिन भी विकास कार्यों की सौगातें देकर उन्होंने लोगों का मन जीत लिया। जिले में स्पोर्ट्स एडवेंचर को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने जब डेढ़ करोड़ रुपये देने की घोषणा की तो संसदीय सचिव यूडी मिंज ने उनके सामने 133 केव्ही विद्युत स्टेशन की भी मांग रख दी।



**दुर्ग।** राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर द्वारा कृषि पर आधारित पत्रिका 'समृद्ध किसान, समृद्ध छत्तीसगढ़' का विमोचन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी मनीष बंछोर, आशीष वर्मा, के.के.चंद्रवंशी (मुख्यमंत्री के निज सचिव), पायनियर के दुर्ग ब्यूरो प्रमुख संजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : शाह

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केन्द्र सरकार देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को सबसे अधिक महत्व देती है और अपराध का पता लगाने तथा रोकथाम के लिए प्रणालियों को मजबूत करने एवं प्रभावशाली कानूनो के माध्यम से लोक कल्याण के प्रति कटिबद्ध है। शाह की अध्यक्षता में गुजरात के केवड़िया में 'न्यायालयिक विज्ञान क्षमताएं' समयबद्ध और वैज्ञानिक जांच के लिए सुदृढ़ीकरण' विषय पर गृह मंत्रालय से सम्बद्ध संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। बैठक में देश में उपलब्ध फोरेंसिक विज्ञान क्षमताओं, विशेष रूप से फोरेंसिक जांच पर आपराधिक न्याय प्रणाली की बढ़ती निर्भरता को ध्यान में रखते हुए व्यापक समीक्षा की गई। शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय 90 प्रतिशत तक दोषसिद्धि दर हासिल करने और देश में नागरिक अनुकूल और प्रभावी आपराधिक न्याय प्रणाली प्रदान करने के प्रति कटिबद्ध है।



## त्रिपुरा उपचुनाव : भाजपा ने तीन, कांग्रेस ने एक सीट जीती

वार्ता < अगरतला
www.dailypioneer.com

त्रिपुरा में चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव मतगणना में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मुख्यमंत्री माणिक साहा की बर्दोवाली सीट सहित तीन सीटों पर जीत हासिल की है वहीं कांग्रेस ने अगरतला निर्वाचन क्षेत्र की प्रतिष्ठित सीट पर जीत हासिल की। भाजपा ने बर्दोवाली और सूरमा को बरकरार रखा तथा जुबराजनगर को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से छीना है। पहला सीधा चुनाव लड़ने वाले मुख्यमंत्री माणिक साहा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के आशीष साहा को 6,104 मतों से हराया। डा. साहा को 17,181 मत मिले तथा कांग्रेस उम्मीदवार को 11,077 मत मिले। आशीष साहा ने यह सीट 2018 में जीती थी लेकिन कांग्रेस में शामिल होने पर इसे छोड़ दिया था। अगरतला सीट पर कांग्रेस के दिग्गज नेता सुदीप रॉयबर्मन ने भाजपा के अशोक सिन्हा को 3,163 मतों से हराया। श्री रॉयबर्मन को 17,431 मत मिले जबकि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष को 14,268 मत मिले। कांग्रेस ने यह सीट भाजपा से छीन ली, क्योंकि रॉयबर्मन ने भगवा पार्टी के टिकट पर 2018 में जीत हासिल की थी।

## बागी विधायकों को मुंबई लौटना ही होगा : संजय राउत

एजेंसी < मुंबई
www.dailypioneer.com



शिवसेना नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने असम के गुवाहाटी में डेरा डाले हुए बागी विधायकों पर कटाक्ष किया और कहा कि उन्हें देर-सबेर मुंबई लौटना होगा। शिवसेना की अयोग्यता याचिका पर 16 बागी विधायकों को नोटिस देने वाले डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल की तस्वीर पोस्ट करते हुए राउत ने ट्वीट किया विधायक गुवाहाटी में लंबे समय तक नहीं रह पायेंगे और उन्हें मुंबई के चौपाटी लौटना होगा। इस बीच शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे ने 40 से ज्यादा विधायकों का एक बड़ा समूह बना लिया है। उनकी बगावत से राज्य में महा विकास अघाड़ी सरकार के लिए खतरे की स्थिति निर्मित हो गयी है। वहीं सत्तारुढ़ शिवसेना-कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने इन सभी घटनाओं में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शामिल होने का आरोप लगाया है।

## देश की सुरक्षा के साथ खतरा है अग्निपथ : माकन

पायनियर संवाददाता < लखनऊ
www.dailypioneer.com

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और कांग्रेस महासचिव अजय माकन ने अग्निपथ योजना को युवाओं के साथ विश्वासघात और राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खतरा बताते हुये इसे वापस लेने की मांग दोहरायी है। माकन ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अग्निपथ योजना अभी तक भाजपा सरकार द्वारा बनाई गई एक और नई गलत योजना है, जो मौजूदा समस्याओं का समाधान किए बिना भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नई समस्याएं पैदा करेगी। अग्निवीरों के लिए प्रशिक्षण की अल्प अवधि (6 महीने) का सशस्त्र बलों की गुणवत्ता, दक्षता और प्रभावशीलता पर नकारात्मक असर पड़ेगा। व्यवहार और वेतन/लाभ के दो पैमाने निष्पक्षता के सभी मानदंडों का उल्लंघन है। यह भेदभाव सशस्त्र बलों और उनमें अनुशासन के लिए कई अप्रत्याशित और गंभीर समस्याएं पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि सेना में सबसे बड़ा एस्सेट सैनिक है, जो यूनिट के जुड़ाव के आधार पर लड़ता है और देश की रक्षा करता है। एक अनुशासित कमान में हर कुबार्नी देने वाला फौज के लिए परंपराओं का यह जुड़ाव उन्हें एक परिवार बनाता है, तथा उस मार्ग पर चलकर वह देश के लिए सर्वोच्च कुबार्नी करने को सदैव तत्पर रहते हैं। क्या चार साल के कॉन्ट्रैक्ट भर्ती के सैनिक इस परंपरा, परिपाटी, जुड़ाव व अनुशासन की भावना अपना पाएंगे। क्या इतने थोड़े समय में यह संभव हो पाएगा। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि हम अग्निवीर योजना को तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग करते हैं। प्रधानमंत्री युवाओं की बात क्यों नहीं सुन रहे हैं। वह चुप क्यों है। हम उनसे उनके अहंकार को त्यागने का निवेदन करते हैं। उनके इसी अहंकार ने किसान आंदोलन के दौरान 700 किसानों की जान ली थी। देश हित में, हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस इतिहास को दोहराया नहीं जाना चाहिए। श्री माकन ने कहा कि यह तुगलकी सरकार पहले फैसला करती है, और बाद में सोचती है। अग्निपथ योजना के मामले में भी अनेक बदलाव आ चुके हैं, लेकिन भारत के युवा इसे वापिस लेने की मांग कर रहे हैं। आज देश को बचाने की जरूरत है, परंतु यह सरकार पैसे बचाने में लगी है। युवा, पूर्व सैनिक तथा रक्षा विशेषज्ञ, सभी हितधारकों ने मोदी सरकार की इस अग्निपथ योजना को नकार कर दिया है। अनेक सेवारत अधिकारियों ने निजी तौर पर इस संबंध में अपनी चिंता व्यक्त की है।




### अग्निपथ के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

कांग्रेस ने अग्निपथ योजना को देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक बताते हुए इसे युवकों के साथ धोखा करार दिया और कहा कि यह फैसला सेना का नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के जनविरोधी रवैया का परिणाम है। कांग्रेस प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस इस फैसले का कड़ा विरोध कर देशभर में युवाओं को बता रही है कि सरकार उनके साथ धोखा कर रही है। देश के 20 राज्यों की राजधानियों में आज एक साथ संवाददाता सम्मेलन कर सरकार की इस नीति के खिलाफ युवाओं को जागृत किया जा रहा है।

## नाले में बहकर महिला और दो बच्चों की मौत

पायनियर संवाददाता < पत्थलगांव
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले में पंडरापाठ क्षेत्र का भड़िया साप्ताहिक बाजार से घर लौट रही एक महिला अपने दो बच्चों के साथ तेज बहाव के नाले में बह गयी, जिससे उनकी मौत हो गयी। महिला सरगुजा जिले में लुंड्रा ब्लॉक के सरईपानी गांव की निवासी थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले की सूचना के बाद पुलिस के गोताखोरों की टीम ने आज पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों शवों को बरामद कर लिया है। मृतक सुमित्रा बाई (35) और उसके दो बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को सौंप दिया है। भड़िया गांव के सरपंच धनंजय यादव ने बताया कि यहां मुख्य मार्ग पुल विहीन नाला है। कल शाम तेज बारिश हो जाने से यह नाला उफान पर था, जिसको पार करते समय संतुलन खो देने से पहाड़ी कोरवा महिला अपने दोनों बच्चों के साथ बह गयी।



श्री भूपेश बघेल
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा
27 जून से 24 जुलाई 2022

परिवार नियोजन का अपनाओ उपाय
लिखो तरक्की का नया अध्याय

शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में नसबंदी उपरांत हितग्राहियों हेतु
प्रावधानित प्रोत्साहन/प्रतिपूर्ति राशि

| नसबंदी सेवा प्रकार | प्रोत्साहन/प्रतिपूर्ति राशि |
|---|---|
| 1. अंतराल महिला नसबंदी | 2000 रू. |
| 2. प्रसवोत्तर महिला नसबंदी | 3000 रू. |
| 3. पुरूष नसबंदी | 3000 रू. |



सही उम्र में शादी करें, सोच समझ कर बच्चे
मिलकर ज़िम्मेदारी निभाएं, बनें पालक अच्छे

अस्थायी गर्भ निरोधक साधन छाया एवं अन्तरा को अपनाएं
अधिक जानकारी के लिए निकटतम शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र से सम्पर्क करें

सभी शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क परिवार कल्याण के साधन जैसे पुरूष एवं महिला नसबंदी, निरोध, गर्भ निरोधक गोली, इंजेक्शन, कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए अपने निकट के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वास्थ्य केंद्र अथवा टोल फ्री नंबर 104 पर संपर्क करें।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़

S-32994/11

**देश की अदालतें, हर संवैधानिक संस्था, प्रेस, सब पर नियंत्रण लगा दिया गया था**

# आपातकाल को देश की आने वाली पीढ़ियों को कभी भूलना नहीं चाहिएः प्रधानमंत्री मोदी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आपातकाल में लोकतंत्र को कुचलने का जो काम हुआ और जनता के अधिकारों को जिस निर्ममता से मसला गया तथा लोगों ने तानाशाही के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से लड़ते हुए जिस तरह से लोकतंत्र बहाल किया आने वाली पीढ़ियों को इसिहास की इस घटना को कभी भूलना नहीं चाहिए। मोदी ने कहा कि जून महीने में ही 1975 में देश में आपातकाल लगाकर लोगों की अधिकारों को छीना गया था और लोकतंत्र के गले को घोटने का काम हुआ था। देश की आने वाली पीढियां कभी इसे भूला नहीं सकती हैं। आपातकाल के दौरान लोगों के अधिकारों को छीन लिया गया था और उन पर तरह-तरह के प्रतिबंध लगाए गए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उस समय भारत के लोकतंत्र को कुचल देने का प्रयास किया गया था। देश की अदालतें, हर संवैधानिक संस्था, प्रेस, सब पर नियंत्रण लगा दिया गया था। प्रतिबंधों की ये हालत थी कि बिना स्वीकृति कुछ भी छापा नहीं जा सकता था। मुझे याद है कि तब मशहूर गायक किशोर कुमार ने सरकार की वाह-वाही करने से इनकार किया तो उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। रेडियो में उनकी एंट्री हटा दी गई लेकिन बहुत कोशिशों, हजारों गिरफ्तारियों और लाखों लोगों पर अत्याचार के बाद भी, भारत के लोगों का लोकतंत्र से विश्वास डिगा नहीं, रत्ती भर नहीं डिगा। हम लोगों में सदियों से जो लोकतंत्र के संस्कार चले आ रहे हैं, जो लोकतांत्रिक भावना हमारी रग-रग में है आखिरकार जीत उसी की हुई। लोकतांत्रिक तरीके से ही आपातकाल को हटाकर लोकतंत्र की स्थापना की। उन्होंने कहा कि उस दौर में संवैधानिक संस्थाओं को कुचल दिया गया था लेकिन लोगों ने संविधान को जिंदा रखा और लोकतांत्र को जिंदा रखने की लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से लड़ी। लोगों ने तानाशाही और तानाशाही की मानसिकता को पराजित किया। उन्होंने कहा कि ऐसा उदाहरण दुनिया में कहीं और नहीं मिलता है। देश आज आजादी के 75वें साल पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है इतिहास की सभी अहम पड़ाव से सीखते हुए हम सबको आगे बढ़ते रहना है।



### अंतरिक्ष क्षेत्र में सफलता का आकाश छू रहा है देश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में मिल रही उपलब्धियों के साथ ही देश अब अंतरिक्ष क्षेत्र में भी नया आकाश छू रहा है और स्टार्टअप जैसे कार्यक्रम के जरिए युवा अंतरिक्ष के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि स्टार्ट अप उनकी सरकार की अनूठी योजना है और इसके जरिये देश का युवा नए आकाश को छूने की कोशिश में लगा है।

अन्तरिक्ष कार्यक्रम में जब से निजी क्षेत्र को मौका दिया गया है देश के युवा भी इससे जुड़ रहे है और विभिन्न कढ़ेत्तों में प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते कुछ समय में हमारे देश में अन्तरिक्ष क्षेत्र से जुड़े कई बड़े काम हुए हैं। देश की इन्हीं उपलब्धियों में से एक इन स्पेस नाम की एजेंसी है जो स्पेस के क्षेत्र में निजी क्षेत्र के लिए नए अवसर दे रही है। इस शुरुआत ने देश के युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित किया है। कुछ दिन पहले जब मैं इन स्पेस के लोकार्पण के लिए गया था तो मैंने कई युवा स्टार्ट एप के आईडिया और उत्साह को देखा। मैंने उनसे काफी देर तक बातचीत भी की। आप भी जब इनके बारे में जानेंगे तो हैरान हुए बिना नहीं रह पाएँगे।

# आजमगढ़ में भाजपा की जीत 'डबल इंजन' सरकार की नीतियों का सुफल है : योगी

वार्ता लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राज्य की आजमगढ़ लोक सभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' की जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार जताया है। आजमगढ़ सीट पर मतगणना के दौरान चुनाव आयोग के शाम पांच बजे तक मिले रुझान के मुताबिक भाजपा के प्रत्याशी निरहुआ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार धर्मेन्द्र यादव से 08 हजार से अधिक मतों की निर्णायक बढ़त बना ली थी। हालांकि चुनाव आयोग ने अभी इस सीट पर चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। योगी ने ट्वीट कर अपने बधाई संदेश में कहा, ÷आजमगढ़ सदर लोक सभा सीट पर उप चुनाव में मिली ऐतिहासिक विजय आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 'डबल इंजन की भाजपा सरकार' की लोक-कल्याणकारी नीतियों का सुफल है। भाजपा के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं को यह जीत समर्पित है। आभार आजमगढ़ वासियो। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में रामपुर और आजमगढ़ लोक सभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। दोनों सीटों पर गत गुरुवार को हुए मतदान के बाद रविवार को मतगणना में मिले रुझान के मुताबिक दोनों सीट पर भाजपा ने निर्णायक बढ़त बना ली है। आजमगढ़ सीट पर शुरुआती दौर की मतगणना में दोपहर तक सपा के उम्मीदवार धर्मेन्द्र यादव भाजपा के दिनेश यादव 'निरहुआ' से लगभग 13 हजार मतों से पीछे चल रहे थे। शाम को दोनों के बीच बढ़त का अंतर कम होकर आठ हजार रह गया है। वहीं इस सीट पर बसपा के शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली तीसरे स्थान पर हैं। ज्ञात हो कि 2019 के लोक सभा चुनाव में आजमगढ़ से सांसद चुने गये अखिलेश यादव और रामपुर सीट से सांसद आजम खान के इस्तीफे के कारण रिक्त हुई इन दोनों सीटों पर उपचुनाव कराया जा रहा है। गत विधानसभा चुनाव में अखिलेश और आजम ने विधायक चुने जाने के कारण लोक सभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

## भाजपा 2024 में उप्र की सभी 80 सीट जीतेगी : योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ और रामपुर लोक सभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की निर्णायक बढ़त के बाद दावा किया कि इस उप चुनाव के परिणाम ने 2024 में उप्र की सभी 80 लोक सभा सीटों पर भाजपा के विजय की ओर अग्रसर होने का दूरगामी संदेश दिया है। योगी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा ने दोनों सीटों पर चुनौतीपूर्ण लड़ाई को जीत में बदलकर 2024 के लिए एक दूरगामी संदेश दे दिया है। उन्होंने आजमगढ़ और रामपुर में भाजपा के उम्मीदवारों की जीत का दावा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की सकारात्मक, सर्वसमावेशी और कल्याणकारी योजनाओं के तहत गांव, गरीब, किसान, महिलाएं और समाज के हर वर्ग के लिए जो काम किए गए हैं वो जनता ने हाथों हाथ लिए हैं। गौरतलब है आजमगढ़ लोक सभा सीट पर उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार धर्मेन्द्र यादव पर 13 हजार से अधिक मतों की निर्णायक बढ़त बना ली है। जबकि रामपुर सीट पर भाजपा के घनश्याम कोरी ने सपा के आसिम रजा को लगभग 42 हजार मतों से पीछे छोड़ दिया। चुनाव आयोग ने अभी इन दोनों सीटों पर चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। योगी ने दोनों सीट पर भाजपा के उम्मीदवारों को चुनावी जीत के लिये सोशल मीडिया पर बधाई देने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों सीट पर भाजपा की जीत ने जनता द्वारा नकारात्मक राजनीति को नकारने का स्पष्ट संदेश दिया है।

# भारत किसी को एक इंच भी जमीन नहीं देगा : राजनाथ

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत अपनी एक इंच भी जमीन चीन को नहीं देगा और उम्मीद जताई कि पूर्वी लद्दाख में सीमा पर जारी गतिरोध से संबंधित सभी लंबित मुद्दों का समाधान दोनों देशों के बीच बातचीत के जरिए हो जाएगा। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि भारत अपनी एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी व्यक्ति को मुंहतोड़ जवाब देगा, क्योंकि भारत अब 'कमजोर' देश नहीं है। पूर्वी लद्दाख में गतिरोध पर विपक्ष द्वारा सरकार की आलोचना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा राजनीतिक विरोधी तथ्यों को पूरी तरह से जाने बिना कुछ सवाल उठाते रहते हैं। राजनाथ सिंह ने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम के दौरान कहा, मैं वर्ष 1962 के चीन-भारत युद्ध के दौरान क्या हुआ, इसमें नहीं जाना चाहता। लेकिन मैं देश के रक्षा मंत्री के रूप में आश्वस्त करना चाहता हूं कि जब हम सरकार में हैं, तो चीन के कब्जे में एक इंच भी जमीन नहीं जा सकती है।

**किसी भी कीमत पर देश की प्रतिष्ठा से समझौता नहीं-** उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार किसी भी कीमत पर देश के गौरव और प्रतिष्ठा से समझौता नहीं करेगी। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष ने दिखाया है कि अगर दुनिया के किसी भी हिस्से में युद्ध होता है, तो इसे शामिल देशों को लड़ना होगा और कोई तीसरा देश आसानी से शामिल नहीं होगा। पैंगोंग क्षेत्र में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प के बाद मई 2020 की शुरुआत में पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध शुरू हुआ था।

**भारत-चीन के बीच में हो चुकी है कई दौर की बातचीत-** कई दौर की सैन्य वार्ता के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों ने पिछले साल पैंगोंग झील के उत्तर और दक्षिण तट तथा गोगरा क्षेत्र में सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी की, हालांकि तनाव के कुछ बिंदुओं को लेकर गतिरोध जारी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों के सैनिकों के बीच तनातनी काफी हद तक वास्तविक नियंत्रण रेखा के बारे में चीन की धारणा के कारण होती है।

**वामपंथी उग्रवाद अब अपने सबसे न्यूनतम स्तर पर-** नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम के बारे में सिंह ने कहा कि यह एक साल से अधिक समय से लागू है। भारत के कद का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इससे पहले पाकिस्तान संघर्ष विराम पर राजी होने के बाद इसका उल्लंघन करता था। लेकिन फिलहाल संघर्षविराम को लागू हुए एक साल से अधिक समय हो गया है, लेकिन पाकिस्तान इसका उल्लंघन करने का साहस नहीं जुटा पाया है। यह काम कर रहा है।

# झारखंड में सरकार न चल रही है, न रेंग रही है; नींद में विभोर है : रघुवर

वार्ता रांची
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि राज्य की वर्तमान हेमंत सरकार न चल रही है, नहीं रेंग रही है; सिर्फ नींद में विभोर है। दास ने कहा कि और जो सरकार नींद में विभोर हो उससे संवेदना की उम्मीद करना पानी गर्म कर गाढ़ा करने की नाहक कोशिश भर है।उन्होंने राज्य की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि राज्य में बालू और गिट्टी की अनुपलब्धता राज्य के विकास को और पीछे ढकेल रही है। दरअसल इसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। 2020 से न तो बालू घाटों की बंदोबस्ती हुई है न पत्थर खदानों की निलामी। सरकार के संरक्षण में अवैध बालू एवं गिट्टी का कारोबार की खबर समाचार पत्रों में आती रही है। कहा जाता है कि अवैध बालू एवं गिट्टी बांग्लादेश तक भेजा गया है। अब ईडी द्वारा इसकी जांच-पड़ताल करने एवं लगातार समाचार पत्रों में धंधे का खुलासा होने पर दिखावे के लिए छापेमारी की जा रही है। सरकार अगर दूरदर्शी सोच रखती और समय पर बालू घाटों की बंदोबस्ती एवं पत्थर खदानों की निलामी की गयी होती तो आज बालू-गिट्टी के लिए हाहाकार नहीं होता।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्राम्य सेतु योजना और अन्य सरकारी योजनाओं का निर्माण कार्य बालू गिट्टी के आभाव में दम तोडने वाली है। बालू और गिट्टी की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ प्रति दिन चौदह से पंद्रह सौ आवास बन रहे थे, वहीं अब यह घटकर पांच सौ से नीचे पहुँच गया है ।इसी प्रकार मुख्यमंत्री ग्राम्य सेतु योजना के तहत बनने वाली पुल-पुलिया का निर्माण कार्य लगभग ठप है। जहाँ काम हो रहा है वहां काम करने में काफी मुश्किलें आ रही हैं। सरकारी निकम्मेपन की वजह से रियल एस्टेट का कारोबार लगभग ठप है ।

# उपचुनाव के नतीजों के बीच आपस में भीड़े बीजेपी-कांग्रेस कार्यकर्ता, जमकर चले लाठी-डंडे

एजेंसी अगरतला
www.dailypioneer.com



त्रिपुरा में विधानसभा उपचुनाव नतीजें के बीचे अगरतला में बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प देखने को मिली है। भारी संख्या में बीजेपी और कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़क पर लाठी डंडों के साथ नजर आए। झड़प को लेकर बीजेपी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है। बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव भट्टाचार्जी ने कहा कि अचानक कांग्रेस के गुंडों ने बीजेपी कार्यकर्ताओं पर पथराव कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने बीजेपी कार्यकर्ताओं पर ईंटें फेंकी, जिसका भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जवाब दिया। भट्टाचार्जी ने कहा कि हम कायर नहीं है और इस तरह की क्रूरताओं का सामना करना जानते हैं। त्रिपुरा में आज विधानसभा उपचुनाव के नतीजे भी सामने आ गए हैं। नतीजों में बीजेपी ने दो और कांग्रेस ने एक सीट पर जीत हासिल की है। वहीं एक अन्य सीट पर भाजपा उम्मीदवार पांच हजार से ज्यादा वोटों से आगे चल रहा है। भाजपा के लिए मुख्यमंत्री माणिक साहा भी जीत हासिल करने में कामयाब रहे हैं। इसके साथ ही उनकी मुख्यमंत्री की कुर्सी सुरक्षित हो गई है। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री और भाजपा उम्मीदवार माणिक साहा ने टाउन बारदोली विधानसभा सीट पर 6104 वोटों से जीत हासिल की है।

## कर्नाटक सड़क दुर्घटना में नौ की मौत, बोम्मई ने मुआवजे की घोषणा की

**बेलागावी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को बेलागावी जिले में सड़क दुर्घटना में मारे गये लोगों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से पांच लाख रुपये और जिला उपायुक्त ने भी सड़क दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक मृतक मजदूर के परिजनों को दो लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। बोम्बई ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घटना के बारे में सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ है। मैंने राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

# महाराष्ट्र संकट : उद्धव ठाकरे को फिर बड़ा झटका, मंत्री उदय सामंत भी हुए बागी

एजेंसी मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र की सत्ताधारी पार्टी में से एक शिवसेना को रविवार को एक और तगड़ा झटका लगा है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री उदय सामंत गुवाहाटी में एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हो गए हैं। वह शिंदे के नेतृत्व वाले बागी ग्रुप में शामिल होने वाले उद्धव ठाकरे मंत्रिमंडल से आठवें मंत्री हैं। सात मंत्री इससे पहले ही शिंदे गुट को ज्वाइन कर चुके हैं। उदय सामंत को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे का काफी करीबी माना जाता रहा है। आदित्य ठाकरे हुंकार भर रहे थे कि बागियों को पार्टी में वापस नहीं लिया जाएगा, तब तक एक और मंत्री ने तगड़ा झटका दे दे दिया है। उदय सामंत चार्टेड प्लेन से सूरत से गुवाहाटी के लिए रवाना हो गए हैं। प्लेन में बैठते वक्त की उनकी तस्वीर भी सामने आई है।

**आदित्य ठाकरे की बागियों को चेतावनी-** आदित्य ठाकरे ने गुवाहाटी में मौजूद पार्टी के बागी विधायकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि मुंबई हवाईअड्डे से विधान भवन तक जाने वाली सड़क वर्ली से होकर गुजरती है। मुंबई का वर्ली इलाका पारंपरिक रूप से शिवसेना का गढ़ रहा है, जहां से आदित्य ठाकरे विधायक हैं। शिवसेना अध्यक्ष और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य (30) ने शनिवार शाम पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी में बागियों के लिए कोई जगह नहीं है।

**फिलहाल गुवाहाटी में डेरा डाले हुए शिंदे गुट के विधायक-** उन्होंने महाराष्ट्र में चल रहे राजनीतिक संकट के बीच यह बयान दिया, जो वरिष्ठ मंत्री एकनाथ शिंदे के विद्रोह से उत्पन्न हुआ है। शिवसेना के अधिकांश विधायकों ने शिंदे का समर्थन किया है और वे फिलहाल भाजपा शासित राज्य असम के गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं। शिंदे और उनके समूह ने दावा किया है कि वे असली शिवसेना का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# बेटा राज धर्म का पालन करेगा, मैं अपने राष्ट्र धर्म का... राष्ट्रपति चुनाव में बीजेपी सांसद जयंत के वोट पर बोले यशवंत सिन्हा

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने रविवार को कहा कि 18 जुलाई राष्ट्रपति चुनाव व्यक्तिगत मुकाबले से कहीं अधिक है और सरकार की सत्तावादी प्रवृत्ति का विरोध करने की दिशा में एक कदम है। चुनाव में अपने बेटे और बीजेपी सांसद जयंत सिन्हा के समर्थन को लेकर उन्होंने कहा कि वह अपने राज धर्म का पालन करता है, मैं अपने राष्ट्र धर्म का पालन करूंगा।

यशवंत सिन्हा ने कहा, वह अपने बेटे और बीजेपी सांसद जयंत सिन्हा का समर्थन नहीं मिलने को लेकर किसी भी धर्म संकट में नहीं हैं। वह अपने राज धर्म का पालन करता है, मैं अपने राष्ट्र धर्म का पालन करूंगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल भारत के राष्टपति के चुनाव से अधिक है। यह चुनाव सरकार की सत्तावादी नीतियों का विरोध करने की दिशा में एक कदम है। यह चुनाव भारत के लोगों के लिए एक संदेश है कि इन नीतियों का विरोध होना चाहिए।

राष्टपति चुनाव के लिए बीजेपी नीत एनडीए ने आदिवासी नेता द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामित किए जाने पर, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक व्यक्ति को ऊपर उठाना पूरे समुदाय का उत्थान सुनिश्चित नहीं करता है और बीजेपी की ओर से द्रौपदी मुर्मू का मैदान में उतारना राजनीतिक प्रतीकवाद से ज्यादा कुछ नहीं है। यशवंत सिन्हा ने कहा कि सार्वजनिक जीवन के अपने लंबे अनुभव से, मैं कह सकता हूं एक व्यक्ति का उत्थान पूरे समुदाय को नहीं बढ़ाता है।

## हत्या का खुलासा : पत्नी बेटा और रिश्तेदार गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के मझौली थाना क्षेत्र में पुलिस ने हत्या के एक मामले का आज खुलासा करते हुए पत्नी, बेटा और रिश्ते के दामाद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 19 जून की शाम ग्राम कोनीकला के कोटवार ने गांव के बाहर खेत के चादर से बंधी एक लाश मिलने की सूचना दी थी। चादर को खोलकर देखा गया तो लाश का सिर और हाथ नहीं थे। तलाशी के दौरान लगभग 15 किलोमीटर दूर ग्राम मुरगवां थाना कटंगी में सिर और हाथ मिले। हाथ में एमके तथा ओम गुदा हुआ था। पतासाजी के दौरान ज्ञात हुआ कि ग्राम कोनीकला निवासी मनोज सिंह 18 जून से लापता है। मृतक के फोटोग्राफ्स को देखकर उसकी पत्नी कलेश बाई तथा बेटे कविराज ने उसकी शिनाख्त की। उन्होंने जिस चादर और खोल में लाश लिपटी थी, उसे घर का बताया था, जिसके बाद पुलिस ने उनसे शंका के आधार पर पूछताछ की। पत्नी और बेटे ने हत्या की वारदात को अंजाम देने स्वीकार किया। उन्होंने पुलिस को बताया कि मनोज सिंह ने पुश्तैनी जमीन कुछ समय पूर्व बेची थी। जमीन की रकम वह शराबखोरी में उडा रहा था। शराब पीकर अक्सर वह उनके साथ मारपीट करता था। आगे की भविष्य की चिंता करते हुए उन्होने मृतक के बडे भाई के दामाद अभिषेक राजपूत निवासी भेडाघाट के साथ हत्या की योजना बनाई।

# रंगासामी ने अपनी शक्तियां सौंपी सुंदरराजन को : नारायणसामी

वार्ता पुड्डुचेरी
www.dailypioneer.com



केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी के पूर्व मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी ने रविवार को कहा उपराज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन 'सुपर मुख्यमंत्री' हैं और वर्तमान मुख्यमंत्री एन रंगासामी एक 'डमी' हैं क्योंकि श्री रंगासामी ने अपनी शक्तियों को पूरी तरह से उपराज्यपाल को सौंप दी हैं। नारायणसामी ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कैबिनेट को जमीन के लेन-देन का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी है कि भूमि लेनदेन की शक्तियां उपराज्यपाल को सौंपने का वर्तमान कदम सार्वजनिक संपत्ति को निजी पार्टियों को देना है। उन्होंने कहा कि पुड्डुचेरी में कई सार्वजनिक संपत्तियां हैं। इन संपत्तियों को उपराज्यपाल के हवाले की जा रही हैं। गौरतलब है कि यहां सैदारपेट में सरकार द्वारा अधिग्रहित 800 एकड़ जमीन और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को निजी हाथों में सौंप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी भी अनुमति नहीं देगी कि सार्वजनिक संपत्तियों को निजी पार्टियों को सौंप दिया जाए। श्री नारायणसामी ने कहा कि पिछले एक साल में करीब 35 केंद्रीय मंत्रियों ने पुड्डुचेरी का दौरा किया। लेकिन उन्होंने यहां के विकास के लिए एक भी पैसा नहीं दिया। श्री नारायणसामी ने कहा कि जब वह मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने पुड्डुचेरी के विकास के लिए 10 प्रतिशत अधिक धन प्राप्त किया था लेकिन रंगासामी केवल 1.56 प्रतिशत धन जुटा सके।

# सुब्रमण्यम ने मंडाविया से नीट यूजी में छूट का किया अनुरोध

वार्ता चेन्नई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुक मंडाविया से यूजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा में छूट के समर्थन सहित राज्य के संबंध में कई अनुरोध किए है। आज यहां शहर के ओमांदुरार सरकारी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की सुविधाओं के निरीक्षण के दौरान सुब्रमण्यम ने डॉ मनसुख मंडाविया से मुलाकात कर उनसे तमिलनाडु विधानसभा में पारित नीट छूट विधेयक का समर्थन करने का अनुरोध किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को लिखे पत्र में श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि राज्य कोटे के तहत पीजी मेडिकल प्रवेश के मसौदा नियमों को संशोधित मसौदे की उप-धारा 10.1 को हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस समय प्रवेश प्रक्रिया को बदलने के उद्देश्य से प्रयास किए जा रहे हैं राज्य द्वारा आवंटित सीटों को तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने मदुरै में एम्स अस्पताल के काम में तेजी लाने जाने का भी अनुरोध किया। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से कोयंबटूर में एम्स अस्पताल को मंजूरी के अलावा राज्य के छह जिलों में नये मेडिकल कॉलेज की स्थपाना को मंजरी दिए जाने का अनुरोध किया। सुब्रमण्यम ने कहा कि सरकार को यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए भारत में मेडिकल कॉलेजों में अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए एक रास्ता खोजना चाहिए।

उन्होंने डॉक्टर मंडाविया से मेडिकल की सीटों की संख्या बढ़ाने, विदेश में पढ़ने वाले छात्रों को राज्य में अभ्यास और प्रशिक्षण के लिए आवेदन में 7.50 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि 50 स्वास्थ्य उप केंद्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 25 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को 30 बिस्तरों वाले उन्नत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में अपग्रेड करने का अनुरोध किया गया है।

# केंद्र जल्द शुरू करेगा 'वन नेशन, वन डायलिसिस' कार्यक्रम : मांडविया

वार्ता चेन्नई
www.dailypioneer.com



केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री राष्टीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत शीघ्र ही 'वन नेशन वन डायलिसिस' कार्यक्रम शूरू करेगी। तमिलनाडु के दो दिवसीय प्रवास पर यहां आये डॉ. मंडाविया ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत कोई भी मरीज देश में कहीं भी डायलिसिस सेवा का लाभ उठा सकता है। डा. मांडविया ने यहां तमिलनाडु सरकार के मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का दौरा कर रोबोटिक सर्जरी की सुविधा देखी ,उन्होंने अस्पताल में स्थित गर्भावस्था की शुरूआती जांच केंद्र का भी दौरा किया। उन्होंने उपनगर अवड़ी में सीजीएचएस स्वास्थ्य केन्द्र और और एक प्रयागशाला की आधारशिला भी रखी। इसके अलावा उन्होंने यहां ट्रॉमा केन्द्र में रोगियों और गंभीर रोगियों के साथ बातचीत की। यहां खेल के दौरान लगने वाली चोटों का उन्नत तकनीक द्वारा शल्य क्रिया कर उपचार किया जाता है। डा. मांडविया ने यहां एक सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि तमिलनाडु सरकारी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ऐसा पहला ऐसा अस्पताल है जहां शल्य चिकित्तकों के दो पैनल है। उन्होने एमएमआर और आईएमआर जैसी चिकित्सा सुविधायें अन्य राज्यों की तुलना में पहले स्थापित करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार को बधाई दी।

## चुनाव नतीजा दर्शाता वाईएसआरसीपी पर लोगों को है भरोसा : मंत्री

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के आत्मकुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में हुए उपचुनाव में लोगों ने भारी मतों से सत्तारूढ़ युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआर कांग्रेस पार्टी) को भारी मतों से जिताया है। इस शानदार जीत पर वाई एस जगन मोहन रेड्डी की सरकार में जल संसाधन मंत्री अंबाती रामबाबू ने रविवार को कहा कि यह पार्टी के प्रति लोगों के समर्थन को दर्शाता है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, लोगों मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी द्वारा लाए गए सुशासन और कल्याणकारी योजनाओं के गवाह रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारी बहुमत के साथ जीत हासिल हुई है।

तिरुपति लोकसभा और बडवेल विधानसभा क्षेत्र के उपचुनावों सहित सभी चुनावों में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की रिकॉर्ड जीत पर बात करते हुए मंत्री ने कहा विपक्षी दल तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) और जनसेना के द्वारा बड़े पैमाने पर चुनाव प्रचार करने के बावजूद भी पार्टी ने तिरुपति उपचुनाव में 2.7 लाख और बडवेल में 90,228 वोटों के भारी बहुमत से जीत हासिल की है। आत्मकुर में हुए उपचुनाव के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यहां भी पार्टी के उम्मीदवार मेकापति विक्रम रेड्डी ने 83,742 वोटों की बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। यह साल 2019 में पार्टी को मिली 22,276 की बहुमत को भी पार कर गई है। मंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों, विशेषकर तेदेपा नेताओं की बुरी साजिशों के बावजूद लोग हमेशा वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के साथ खड़े रहे है।

# भाजपा को हराने की कुव्वत सिर्फ बसपा के पास : मायावती

वार्ता लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशी के प्रदर्शन पर संतोष जताते हुये पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि चुनाव परिणामों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बसपा के पास ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने की कुव्वत है। मायावती ने रविवार को उपचुनाव परिणाम आने के बाद ट्वीट किया उपचुनावों को रूलिंग पार्टी ही अधिकतर जीतती है, फिर भी आज़मगढ़ लोकसभा उपचुनाव में बीएसपी ने सत्ताधारी भाजपा व सपा के हथकण्डों के बावजूद जो काँटे की टक्कर दी है वह सराहनीय है। पार्टी के छोटे-बड़े सभी जिम्मेदार लोगों व कार्यकताओं को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ना है। उन्होने कहा कि यूपी के इस उपचुनाव परिणाम ने एकबार फिर से यह साबित किया है कि केवल बीएसपी में ही यहाँ भाजपा को हराने की सैद्धान्तिक व जमीनी शक्ति है। यह बात पूरी तरह से खासकर समुदाय विशेष को समझाने का पार्टी का प्रयास लगातार जारी रहेगा ताकि प्रदेश में बहुप्रतीक्षित राजनीतिक परिवर्तन हो सके। गौरतलब है कि बसपा ने आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ढाई लाख से अधिक वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। यहां भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ को जीत मिली जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) के धमेन्द्र यादव दूसरे स्थान पर रहे। गुड्डू जमाली ने हार स्वीकार करते हुये कहा कि मैं अपनी हार मानता हूं। मैंने, पार्टी कार्यकर्ताओं और बसपा प्रमुख मायावती ने वो सब कुछ किया जो संभव था। जनता का फैसला सर्वोपरि है। हम अपना संदेश जानता तक नहीं पहुंचा सके। रामपुर में बसपा ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। रामपुर में सीधा मुकाबला भाजपा और सपा के बीच था जहां कांटे की टक्कर में भाजपा को जीत मिली। भाजपा ने आजमगढ और रामपुर सीट सपा से छीन ली हैं। आजमगढ़ सीट सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के विधानसभा की सदस्यता हासिल करने के कारण रिक्त हुयी थी जबकि सपा के मजबूत गढ़ रामपुर सीट मोहम्मद आजम खान के विधायक निर्वाचित होने के कारण रिक्त हुयी थी।

# विकास मरकाम की अगुवाई में नंदलाल मुड़ामी राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुंबई पहुंचे

पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी परिसर महाराष्ट्र में आयोजित किया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला में देश भर से भाजपा अजजा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ छत्तीसगढ़ से भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम के साथ दंतेवाड़ा से अजजा मोर्चा महामंत्री नंदलाल मुंडामी पहुंचे।कार्यशाला में विभिन्न विषयों के साथ जनजातीय क्रांतिवीरों का गौरवशाली इतिहास एवम उनकी उपलब्धियां पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जनजातिय समस्या के निराकरण, जनजातियों का अधिकार और केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनजाति हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई।

कार्यक्रम में देशभर से आए प्रदेश पदाधिकारियों को विशेष रुप से वी.सतीश राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव एवम अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रदेशों से आये पदाधिकारियों को विशेष मार्गदर्शन दिया गया। उक्त कार्यक्रम में अजजा बाहुल्य छत्तीसगढ़ से शामिल मोर्चा के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवम अजजा वर्ग को लेकर बनाई जाने वाली योजनाओं एवम उनके क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव देकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश से विकास मरकाम प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा,महेश गागड़ा पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन,कमलभान सिंह राष्ट्रीय अजजा उपाध्यक्ष,श्रीकांत सोमवार राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य अजजा मोर्चा, नंदलाल मुड़ामी, सत्यनारायण सिंह प्रदेश महामंत्री अजजा मोर्चा,विद्या सिदार, होरीलाल रावटे,श्याम लाल मरावी प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित हुए। मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी ने बताया कि,केंद्र की भाजपा सरकार लगातार जनजातीय वर्ग को सक्षम एवम समृद्ध बनाने के लिए प्रयासरत है। इसलिए विभिन्न योजनाओं के जरिए जनजातियों के जीवन स्तर में सकारात्म बदलाव कैसे आए, योजनाओं का क्रियान्वयन कैसे हो, आदि विषयों को लेकर भाजपा सदैव इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रहती है, ताकि वर्तमान की परिस्थितियों के आधार पर योजनाएं बनाई जा सकें। उन्होंने कहा कि, इस कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए व बस्तर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगे बताया कि आजादी के बाद भाजपा ही एक ऐसा दल है जो जनजातीय वर्ग को लेकर लगातार गंभीर है,भाजपा एवम केंद्र सरकार हर हाल में जनजातीय वर्ग का जीवन स्तर ऊंचा ऊपर उठाने में लगीं है,देश में पहली बार जनजातीय वर्ग की महिला को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बना कर भाजपा ने ये साबित भी किया है। इसके लिए उन्होंने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी,भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित सभी सहयोगी दलों का आभार भी व्यक्त किया है और द्रोपदी मुर्मू जी को जीत की अग्रिम बधाई प्रेषित की है।

# कलयुगी बेटे ने पिता को पीट पीटकर उतारा मौत के घाट

- धनोरा पुलिस ने चंद घण्टों में आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com



केशकाल अनुविभाग के धनोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हाटचपई में एक कलयुगी बेटे ने अपने ही पिता की कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दी है। शराबी पिता द्वारा आए दिन शराब के नशे में धुत होकर अपनी पत्नी व घर के अन्य सदस्यों से मारपीट करने के कारण उसके बेटे का आक्रोशित होना इस हत्या का कारण बताया जा रहा है।

फिलहाल धनोरा पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विशेष टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी करते हुए आरोपी युवक को चंद घण्टो में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मसाय ने धनोरा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करवाया था दिनांक 23 जून की रात 9 बजे उसका पति रैनूराम नशे की हालत में घर आया। वह खाना ठीक नहीं बनने की बात को लेकर प्रार्थिया से मारपीट करने लगा। मारपीट होती देख उसका बेटा अस्सीराम आकर बीच बचाव करने लगा। पिता द्वारा आए दिन शराब के नशे में घर आकर झगड़ा करने से आक्रोशित बेटे ने लोहे के धारदार से अपने ही पिता के सिर में दो बार मारकर उनकी हत्या कर दी। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर धनोरा पुलिस ने आरोपी का कृत्य अपराध धारा 302 भा.द.वि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ततपश्चात वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी भूपतसिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह पुजारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना धनोरा से टीम गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु रवाना की गई। परिणामस्वरूप अस्सीराम उम्र 19 वर्ष को कुछ ही घण्टे में दिनांक 24 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष दिनांक 25 जून को पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेन्द्र सिंह पुजारी उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, सउनि गोपालसिंह ठाकुर, प्र.आर मुपेन्द्र कुमार साहू, सुखनंदन पिस्दा, तेजराम सिदार एवं स्टाफ की अहम भूमिका रही।

# यातायात पुलिस बीजापुर द्वारा ऑटो स्टैंड में यातायात नियम के पालन करने के संबंध में ऑटो चालक को जागरूक किया गया

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



यातायात पुलिस बीजापुर द्वारा लगातार यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी के तहत शहर में चल रहे ऑटो ऑटो स्टैंड में जाकर बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को रोकने यातायात नियमों का पालन करने एवं वाहन चालकों को वाहन से संबंधित दस्तावेज जिसमें वाहन का बीमा, वाहन का फिटनेस प्रमाण पत्र , वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर , प्रदूषण सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र, निर्धारित यूनिफॉर्म धारण कर ऑटो चलाने एवं शराब पीकर व ओवर स्पीड में वाहन चलाकर अपना व दूसरों के जीवन को जोखिम में ना डालें, यातायात नियमों का पालन करें संबंधित संदेश दिया गया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक संजय सूर्यवंशी ,सहायक उपनिरीक्षक विजय कुमार मंडावी, प्रधान आरक्षक जगदेव मंडावी, रामेश्वर नेताम,सुरेश मेश्राम ,अवध राम सिन्हा, भुनेश्वर राणा लकेश्वर पुरैना, प्रवीण चापडी, ऑटो संघ के अध्यक्ष तुलसीराम लेकाम , उपाध्यक्ष एवं समस्त ऑटो चालक ऑटो स्टैंड पर उपस्थित रहे।

# आरक्षक की हत्या करने की घटना में शामिल 1 माओवादी मिलिशिया सदस्या गिरफ्तार

**बीजापुर।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना जांगला एवं सीआरपीएफ 222/ ए कम्पनी के संयुक्त बल द्वारा ग्राम कोतरापाल से गश्त के दौरान घेरा बंदी कर 01 माओवादी मिलिशिया सदस्य को पकड़ा गया । पकड़े गये माओवादी गंगो कुहरामी पिता सन्नू, उम्र 23 वर्ष, जाति मुरिया, साकिन लखापालपारा कोतरापाल थाना जांगला



क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 28.01.2021 को ग्राम कोतरापाल तलाब के पास आरक्षक सोमडू उर्फ मल्लेश पोयाम की टंगिया, छुरी से मारकर हत्या करने की घटना में शामिल था। गिरफ्तार माओवादी के विरूद्ध थाना जांगला में 01 स्थाई वारंट भी लंबित है। पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना जांगला में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।

# द्रोपदी मुर्मू की उम्मीदवारी से आदिवासी व महिलाओं को मिला सम्मान : दीपिका

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



एनडीए के द्वारा राष्ट्रपति की उम्मीदवार के नाम पर ओड़िसा की द्रोपदी मुर्मू के नाम की घोषणा के पश्चात सिर्फ ओड़िसा में ही नहीं ओड़िसा से लगे हुए छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में भी खुशी का माहौल है इस विषय पर भाजयुमो की प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता दीपिका शोरी ने बयान जारी करते हुए कहा की देश में भारतीय जनता पार्टी व प्रधानमंत्री नरेंद्रे मोदी की ही सोच ही है जो एक आदिवासी को भारतवर्ष का सबसे उच्च पद राष्ट्रपति हेतु आगे बढ़ाया हैं दलगत राजनीति को छोड़कर भारतवर्ष के सभी पार्टियों के नेताओं व आदिवासी कर्मचारी अधिकारियों व भारतवर्ष की हर महिला को पीएम मोदी का आभार व्यक्त करना चाहिए उन्होंने जो सम्मान आज आदिवासियों एवं महिलाओं को दिया है आज तक किसी भी पार्टी नें नहीं सोचा था मोदी सरकार लगातार आदिवासी व दलितों व महिलाओं के हित के लिए कार्य कर रही है द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्पति चेहरा बनाकर मोदी सरकार ने महिलाओं को जो सम्मान दिया है उस हेतु मै आभार व्यक्त करती हुँ।

**पार्षद से राष्ट्रपति का सफर-** दीपिका ने कहा की राष्ट्रपति हेतु एन डी ए की ओर से द्रोपदी मुर्मू जी ऐसे ही उम्मीदवार नहीं बनाई गई है उनका पूरा जीवन राजनीति व समाजसेवा को समर्पित रहा है द्रौपदी मुर्मू ने साल 1997 में राइरंगपुर नगर पंचायत के पार्षद चुनाव में जीत दर्ज कर अपने राजनीतिक जीवन का आरंभ किया था। उन्होंने भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। साथ ही वह भाजपा की आदिवासी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य भी रहीं है। द्रौपदी मुर्मू ओडिसा के मयूरभंज जिले की रायरंगपुर सीट से 2000 और 2009 में भाजपा के टिकट पर दो बार जीती और विधायक बनीं। ओडिसा में नवीन पटनायक के बीजू जनता दल और भाजपा गठबंधन की सरकार में द्रौपदी मुर्मू को 2000 और 2004 के बीच वाणिज्य, परिवहन और बाद में मत्स्य और पशु संसाधन विभाग में मंत्री बनाया गया था

**पहली आदिवासी राज्यपाल बनने का गौरव भी इन्हे प्राप्त है-** दीपिका ने बताया कि द्रौपदी मुर्मू मई 2015 में झारखंड की 9वीं राज्यपाल बनाई गई थीं। झारखंड की पहली महिला राज्यपाल बनने का खिताब भी द्रौपदी मुर्मू के नाम रहा।

# एनएमडीसी में फील्ड अटेंडर के पदों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी की किरंदुल एवं बचेली परियोजना में फील्ड अटेंडर के पदों में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आज 26 जून को आयोजित की गई । दंतेवाड़ा जिले में एनएमडीसी में नियुक्ति परीक्षा 26 जून 2022 को किरंदुल ,बचेली ,दंतेवाड़ा एवं गीदम में पदों की भर्ती प्रक्रिया के लिए लिखित परीक्षा प्रारंभ हुई ।यह लिखित परीक्षा आज चार पाली में आयोजित की जा रही है । प्रथम पाली प्रातः 8 बजे से10 बजे तक द्वितीय पाली 11 से 1 बजे तक एवं तृतीय पाली 2 से 4 बजे तक तथा चतुर्थ पाली 5 से 7 बजे तक निर्धारित है। किरंदुल के डीएवी स्कूल,परियोजना विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, प्रकाश विद्यालय,एवं बचेली नगर के डीएवी स्कूल,केंद्रीय विद्यालय, प्रकाश विद्यालय के साथ साथ दंतेवाड़ा के पीजी कॉलेज,गर्ल्स कॉलेज, बॉयज हाई सेकंडरी स्कूल,गर्ल हायर सेकंडरी स्कूल, सरस्वती शिशुमंदिर, कन्या शिक्षा परिसर पातरराश, एग्रीकल्चर कॉलेज, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल लक्ष्य ,गीदम पॉलिटेक्निक कॉलेज, कारली हायर सेकंडरी स्कूल,निर्मल निकेतन,डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल आदि स्थानों में एनएमडीसी के द्वारा जारी पदो पर भर्ती के पूर्व लिखित परीक्षा के लिए केंद्र बनाए गए हैं।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पामेड़ को मिली नए एम्बुलेंस की सौगात

**बीजापुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने जिले के दूरस्थ क्षेत्र पामेड़ के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉं भारती को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पामेड़ को एम्बुलेंस सुविधा



उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश पर त्वरित अमल करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पामेड़ को नए एम्बुलेंस प्रदाय किया गया। एम्बुलेंस मिलने से अब पामेड़ के ग्रामीणो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आवागमन में परेशानी नहीं होगी विशेषकर गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचने में सहुलियत होगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजीव रंजन मिश्रा द्वारा संस्था प्रभारी डॉ. सुनील गौड़ को एम्बुलेंस की चाबी सौपा गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य अमला मौजूद थे।

# कुलपति ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ .गिरीश चन्देल ने कृषि विज्ञान केंद्र सुकमा के प्रशासनिक भवन, कृषक छात्रावास, बीज प्रक्रिया इकाई एवं जिला प्रशासन के द्वारा स्वीकृत लगभग सात करोड़ की लागत से निर्माणाधीन इकाई मशरूम कृषक प्रशिक्षण,मिट्टी परीक्षण लेब,मछली बीज उत्पादन इकाई,बकरी पालन,मुर्गी पालन,वर्मी खाद उत्पादन इकाई,नलकूप,सड़क निर्माण,आहाता निर्माण इत्यादि इकाइयों का निरीक्षण किया।

**निरीक्षण पश्चात दिया निर्देश-** आगरी जबलपुर द्वारा स्वीकृत भवनों के निर्माण कार्य में कमियों को देखते हुए सुधार हेतु अधीक्षक भौतिक संयंत्र इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर को निर्देश भी दिया,साथ ही जिला प्रशासन द्वारा स्वीकृत विभिन्न इकाइयों में कार्य शुरू करने हेतु वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मनीष चौरसिया व कृषि वैज्ञानिक राजेन्द्र प्रसाद कश्यप को निर्देश दिया। नक्सल प्रभावित व जंगल क्षेत्र होने के बावजूद जिला प्रशासन के सहयोग से करोड़ो के विभीन्न इकाइयों को स्थापित करने के लिए कुलपति के द्वारा कृषि वैज्ञानिक राजेन्द्र प्रसाद कश्यप की सराहना की। कुलपति द्वारा गाँव गाँव से आये लगभग 40 किसानों को जिंक राइस बीज छत्तीसगढ़ धान बीज का वितरण किया गया तो वही कृषि विज्ञान केंद्र सुकमा द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कुलपति के द्वारा निरक्षण के समय निदेशक रिसर्च इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर कुलपति डॉ रवि, शहीद गुण्डाधूरकृषि महाविद्यालय के डीन डॉ आर एस नेताम, उद्यानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ अश्विन ठाकुर, अधीक्षक भौतिक संयंत्र इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय श्रीवास्तव, कृषि विज्ञान केंद्र दन्तेवाड़ा के वैज्ञानिक डॉ नारायण साहू व कृषि विज्ञान केंद्र के सहायक कर्मि भारती,आकांक्षा भदौरिया, ज्योति कुमार पोटला, परमेश सोरी, लक्ष्मी ठाकुर, शुभम साहू आदि उपस्थित थे।

# शहर के बीच से गुजरने वाली जीवन दायनी दूध के अस्तित्व को बचाने समाज सेवियों की अनोखी पहल निकाली साइकिल यात्रा, महाअभियान, लोगों को किया जागरूक

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



समाज सेवी संस्था जन सहयोग द्वारा अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आज कांकेर दूध नदी की रक्षा हेतु वृहदरूप में साइकिल रैली निकाली गई एवं दूध नदी तथा पर्यावरण की रक्षा के लिए आम जनता को संदेश भी दिया। कांकेर के समाजसेवियों ने अजय पप्पू मोटवानी के नेतृत्व में दूध नदी के उद्गम मलाजकुडूम जाकर रीति रिवाज के अनुसार नदी की पूजा, अर्चना व आरती कर नदी व आस पास की सफाई कर इस दूध नदी बचाओ के महाअभियान का शंखनाद किया गया व इस अभियान को रोचक बनाने उत्साही समाजसेवियों ने खुशी के साथ नाचते गाते नारे लगाते हुए और भी लोगों को उत्साहित किया। ग्राम पंचायत मर्दापोटी में ग्रामवासियों की सभा लेकर पर्यावरण रक्षा एवं दूध नदी की सुरक्षा हेतु संदेश भी दिया गया। सभा में सरपंच सहित समस्त ग्राम वासियों ने भाग लिया। साइकिल रैली की शुरुआत ग्राम भावगीर नवागांव से हुई और बैंड ,बाजा, नृत्य ,गीत के साथ कांकेर शहर के पुराने बस स्टैंड में संपन्न हुई इस बीच रास्ते भर पर्यावरण संबंधी संदेश देने वाले पर्चे वितरित किए गए तथा नागरिकों को नदी तालाब आदि की रक्षा का महत्व समझाया गया। साइकिल यात्रा में जन सहयोग संस्था के अलावा भी अनेक उत्साही युवकों ने अपनी ओर से भाग लिया और इस कार्यक्रम का समर्थन किया। ज्ञातव्य है कि सन् 2019 में भी दूध नदी की रक्षा हेतु साइकिल यात्रा हो चुकी है। इस बार वही कार्यक्रम दुगने उत्साह से संपन्न किया गया कांकेर की जनता ने साइकिल यात्रियों का स्वागत किया और इस सफल कार्यक्रम के लिए जन सहयोग संस्था के समाजसेवियों तथा अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को हार्दिक बधाइयां प्रदान की हैं। आज के इस अभियान में सक्रिय सहयोग देने वालों में वरिष्ठ नागरिक ई एस एन कुंजू साहब, आशाराम नेताम, अनुराग उपाध्याय, संजय मंशानी, मोहन सेनापति, प्रवीण गुप्ता, धर्मेंद्र देव, सरकार सिंह ठाकुर, सागर देव, जितेंद्र प्रताप देव, रोशन मोटवानी ,चरण यादव, करण नेताम, रवि पटेल, प्रतीक पटेल, राजेश चौहान, संजू मोटवानी, सदा साहू, गोपाल पटेल ,दिनेश मोटवानी ,पिंटू महाराज, कृष्णा चौरसिया, विशाल शोरी, पप्पू साहू ,राम पटेल, रिंकू ,मनोज दुबे, रितिक सोनी तथा दिव्यांग भूपेंद्र यादव ने उल्लेखनीय सहयोग दिया।

# कांकेर जिला फोटोग्राफी एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी किया गया गठन



**कांकेर।** जिला फोटोग्राफी एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का गठन राज्य से आये छ.ग. फोटोग्राफी महासंघ के अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में कांकेर साहू सदन में किया गया। जिसमे अध्यक्ष योगेश साहू,उपाध्यक्ष भक्त प्रह्लाद सिन्हा,सचिव नविन सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष विकास गुप्ता ,सह सचिव दिलीप सोनी को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया,एवं संरक्षक राजेन्द्र श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, अजय शर्मा को चुना गया। संगठन के विस्तार एवं मजबूती के लिए जिले के सभी फोटोग्राफरों को इस संगठन से जुड़ने का आहवाहन किया गया है। इस बैठक में भूपेन्द्र सिन्हा, जीतू मटियारा, गौतम बोरकर, राहुल राजपूत, प्रिंस ओबेद, प्रकाश साहू, दीपक नेताम, इश्वर साहू, भावेश सिन्हा, तुलेश्वर साहू सहित जिले के फोटोग्राफर उपस्थित थे।

# कल होगा बीटीओए ट्रक यूनियन का चुनाव

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



बैलाडिला ट्रक ओनर एसोसिएशन के चुनाव में कई राजनीतिक दल आमने सामने हैं जिनकी किस्मत का फैसला कल होने वाले मतदान से होगा जहां एक और पूर्व बचेली नपा अध्यक्ष, वर्तमान नपा अध्यक्ष पति, वर्तमान कांग्रेसी विधायक प्रतिनिधि जैसे बड़े पहुंच रखने वाले राजनीतिक दलों के लोग इस ट्रक ओनर एसोसिएशन के चुनाव में आमने सामने मैदान में हैं जहां 2 पैनल में भाजपा कांग्रेस दोनों ही दलों के सदस्य है वहीं दूसरी ओर एक निर्दलीय ने भी अपना नामांकन फॉर्म जमा किया है।ए अनिल पैनल से सचिव पद के प्रत्याशी गौरंग साहा बीजेपी के बचेली पालिका अध्यक्ष बीटीओए के अध्यक्ष रह चुके हैं वही अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ए अनिल जो पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष एवं बीटीओए के सचिव रह चुके हैं जिनके पास बहुत ही ज्यादा अनुभव एवं चुनाव लड़ने में दक्ष क्षमता है वही निर्दलीय उम्मीदवार सचिव पद के प्रत्याशी तपन कुमार दास जो कर्मा परिवार के करीबी माने जाते हैं जो पूर्व में किरंदुल ब्लॉक कांग्रे अध्यक्ष एवं वर्तमान में कांग्रेस जिला महामंत्री है बता दें कि ए अनिल नगर पालिका उपाध्यक्ष और ट्रक यूनियन के भी सचिन थे मंदी के समय धरने पर बैठे और जेल गए काफी संघर्ष किया बैलाडीला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के लिए वहीं दूसरी और मनोज सिंह पैनल से अध्यक्ष पद पर मनोज सिंह लड़ रहे हैं वही सचिव पद से बचेली नगर पालिका अध्यक्ष के पति गुड्डा साव चुनावी मैदान में है जिनका प्रचार खुद बचेली नगर पालिका अध्यक्ष किया मैदान उतर अपने पति और पैनल के लिए घर-घर जाकर वोट मांगती दिखी वही सचिव पद पर तीन निर्दलीय प्रत्याशी अपना किस्मत आजमा रहे हैं पर ट्रक ओनर एसोसिएशन के चुनाव में आज तक का इतिहास में कोई भी निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत हासिल नहीं की है पर निर्दलीय सचिव पद के प्रत्याशी तपन कुमार दास इस बार इस रिकॉर्ड को तोड़ पाएंगे या नहीं यह तो मतदान के साथ ही सभी प्रत्याशियों की किस्मत का पता चलेगा बाकी सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं वही कल 27 जून को सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा जो दोपहर 3 बजे तक चलेगा 3.30 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी जिसके बाद जीते हुए प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

# भाजपा देश की एकमात्र राष्ट्रवादी दल जो भारत को शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व में स्थापित कर रही : विष्णुदेव साय

## बलौदाबाजार में शुरू हुआ भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



7 जिला भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आगाज हुआ. शिविर के पहले दिन पुर्व केंद्रीय मंत्री व प्रदेशाध्यक्ष भाजपा विष्णु देव साय, पुर्व विधानसभा अध्यक्ष व प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक शिवरतन शर्मा सहित सांसद सुनील सोनी, प्रदेश महामंत्री व विधायक नारायण चंदेल सहित भाजपा के प्रदेश स्तर के नेतागणों ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव ने बताया की जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेशाध्यक्ष विष्णु देव साय के करकमलों से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं की गरिमामय उपस्थिति में ध्वज फहराकर व महापुरुषों के तैल चित्र के समक्ष दीपक प्रज्वलित और वंदे मातरम गीत से हुआ.

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता पुर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने की सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय ने 'भाजपा का इतिहास एवं विकास' विषय पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया. उन्होंने कहा कि भाजपा के इतिहास को जानने के लिए हमें जनसंघ को समझना होगा और जनसंघ को समझने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भूमिका को जानना होगा. उसके लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और डॉक्टर हेडगेवार के बारे में जानना होगा. अतीत को देखकर वर्तमान में आगे बढ़ना ही गौरवपूर्ण हो सकेगा, तत्पश्चात उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध व शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए संकल्पित है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया। इसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। छत्तीसगढ़ में भाजपा पार्टी के 15 साल के कार्यकाल में डॉ. रमन सिंह ने तीर्थ यात्रा जैसे अनेक गरीब कल्याणकारी योजना चलाकर लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की।

भारतीय जनता पार्टी ने चार दशक पूर्ण कर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा प्राप्त कर भाजपा कार्यकताओं की विशाल फौज खड़ी कर दी है, भाजपा की विशेषता है कि वह 'पार्टी विथ द डिफरेंस' है और भाजपा केडर बेस पार्टी है जिसका मूल मंत्र 'नेशन फर्स्ट' है हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है पार्टी द्वितीय है।

पश्चात द्वितीय सत्र में सोशल मीडिया की समझ, उपयोग और उसकी प्रासंगिकता पर आई. टी. सेल के प्रदेश संयोजक दीपक महस्के ने कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया इस सत्र की अध्यक्षता जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने किया, तृतीय सत्र में मीडिया के व्यवहार एवं उपयोग विषय के प्रतिपादन हेतु प्रकाशन विभाग के प्रमुख पंकज झा ने उपस्थित कार्यकताओं को मार्गदर्शित किया इसकी अध्यक्षता प्रदेश कार्य समिति सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने किया। क्रमशः आई. टी. सेल के संयोजक दीपक महस्के और प्रकाशन विभाग के प्रमुख पंकज झा ने कहा कि मौजूदा समय में सोशल मीडिया और मीडिया के बढ़ते प्रभाव से शायद ही कोई अनजान हो। सोशल मीडिया सामाजिक और आर्थिक जीवन में भी अहम किरदार अदा करने लगा है। सोशल मीडिया से कैसे इंसान का व्यवहार बदलता है और कैसे उसको व्यापार व करियर के अवसर में बदला जा सकता है, यह हर कोई जानता है मीडिया के अनेक प्लेटफार्म आज के समय में त्वरित अपनी बात कहने का सरल माध्यम है इसकी प्रासंगिकता निरंतर तीव्र गति से बढ़ती जा रही है, इसका हम प्रभावी उपयोग कर लोगो के हित में एक बेहतरीन कार्य कर सकते है। चतुर्थ सत्र में केंद्र सरकार की विकास योजनाएं एवं हमारा प्रदेश विषय के प्रतिपादन हेतु रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी ने कार्यकताओं को जानकारी दी और इस सत्र की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक शिवरतन शर्मा ने की सोनी ने केंद्र की मोदी सरकार की ओर से गरीबों के कल्याण के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदम और केंद्र सरकार की अभिनव पहल के बारे में विस्तार से जानकारी और बताया की पिछले आठ वर्षों में सरकार की अंत्योदयी पहल पर विस्तृत चर्चा की।

# सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा सरकार की योजना पर उठा सवाल



पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

हजारों गाय वंशी एवं वाम वंशी की सुरक्षा के साथ पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को बढ़ाने सहित मवेशियों के चलते दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर राज्य सरकार ने नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना के तहत जिले के कोने कोने पर गौठान का निर्माण कराया गया है ताकि मवेशियों को गौठान पर पानी चारा सहित तमाम सुविधा मिल पाए और मवेशियों से होने वाले दुर्घटना पर विराम लगे इसके मद्देनजर गौठनों में नोडल अधिकारी की नियुक्ति भी हुई है बावजूद इसके मवेशियों का चौक चौराहा सहित मुख्य मार्ग पर जमावट देखना राज्य सरकार की योजना पर सवाल खड़े करने जैसा माना जा रहा है खासकर देवभोग गांधी चौक मैनपुर धवलपुर गौरघाट सहित जिला मुख्यालय के कई जगह देर शाम मवेशियों का जमावड़ा देखने को मिलता है जिसकी टकराव से अधिकांश लोग दुर्घटना का शिकार भी होते हैं इसके अलावा आजू बाजू खड़ी वाहनों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है जिसकी परवाह ना संबंधित पंचायत को होती है और ना विभागीय अफसर गंभीर है जबकि इस मार्ग से आए दिन अधिकारियों के साथ हजारों राहगीरों का आवागमन रोजाना लगा होता है ऐसे में राहगीरों का मवेशियों का जमावड़ा देख भूपेश सरकार की योजना पर सवाल उठाते कहते हैं कि 2 रुपए रुपए किलो गोबर खरीदी के साथ गांव थानों में मवेशियों को तमाम व्यवस्था देने के बावजूद क्या कमी है जिसके चलते चौक चौराहा मुख्यालय पर मवेशियों की तस्वीर देखनी पड़ती है जबकि मवेशियों के जमावट का खामियाजा से अक्सर अधिकारी भली-भांति अवगत है लेकिन अफसोस की बात है कि मवेशियों को चौक चौराहा से हटाने की पहल अब तक नहीं हो रहा है।

# भारत स्काउट्स, गाइड्स की त्रिदिवसीय कार्यशाला संपन्न

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर बंजारा सर के निर्देशानुसार और जिला संगठन आयुक्त शुक्ला सर के मार्गदर्शन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी पदेन आयुक्त देवांगन सर के अगुवाई में नारायण दास बगडिया शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवरा क्र 02 में भारत स्काउट्स /गाइड्स की त्रिदिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला के समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगरपालिका परिषद तिल्दा नेवरा मनोजकुमार निषाद पार्षद वार्ड 06 थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष ललित साहू ने की।मुख्य अतिथि के रूप बोलते हुए मनोज निषाद ने आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्काउट्स /गाइड्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।यह जानकारी देते हुए भारत स्काउट्स /गाइड्स के विकासखंड प्रभारी अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में संचालक दल के 08 स्काउटर/गाइडर विभिन्न विद्यालयों से 28 स्काउट विंग/गाइड कैप्टन एवं 71 स्काउट्स /गाइड्स, कब-बुलबुल और रोवर-रेंजर भाग लिए। विकासखंड तिल्दा के हायर सेकंडरी स्कूल तरपोंगी में 26 से 28 जून और हायर सेकंडरी स्कूल टोहड़ा में 30 जून से 02 जुलाई तक इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होंगे।पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य राजेश कुमार चंदानी ने कहा कि उनकी शाला में इस तरह का आयोजन होना गौरव और प्रसन्नता की बात है। विकासखंड सचिव जामवंत पटेल के कुशल मार्गदर्शन और बी. पी. वर्मा के संचालन तथा गाइड कैप्टन श्रीमती राधिका वर्मा, श्रीमती हेमलता चन्द्राकर, सुसुशीला वर्मा एवं संचालक मंडल के भागीरथी पान्से, नीलकंठ धुव, ओमप्रकाश वर्मा, टी. पी. वर्मा ने इस त्रिदिवसीय कार्यशाला को सम्पन्न कराने में अपना भरपूर योगदान दिया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य एन. पी. वर्मा, तिर्की सर जी, सुभाष शर्मा जी, दुष्यंत सोनी, एस.पी. वर्मा ने विशेष सहयोग प्रदान किया। आभार प्रदर्शन संस्था के प्रधानपाठक केशरी लाल तिवारी ने किया।

# दो लोगों से 4 लीटर महुआ शराब सहित 21 पौवा देशी प्लेन मदिरा जब्त

पायनियर संवाददाता ∢ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



चौकी भंवरपुर द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम भंवरपुर में दो लोगों से 4 लीटर महुआ शराब सहित 21 पौवा देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई है। पुलिस चौकी भंवरपुर से मिली जानकारी अनुसार आरोपी रामेश्वर साव पिता श्यामलाल साव उम्र 40 वर्ष एवं असली भार पिता ग्रहण भार उम्र 57 वर्ष ग्राम बाराडोली थाना बसना को शिवशक्ति पेट्रोल पंप के सामने मेन रोड भंवरपुर में आरोपी के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्टी महुवा शराब एवं 21 पौवा देशी प्लेन शराब कुल कीमती 2 हजार 4 सौ 80 रुपए जो परिवहन वास्ते साधन वाहन का इंतजार कर रहे गवाहों के समक्ष जप्त कर मौके पर सीलबंद कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी रामेश्वर साव, असली भार का कृत्य अपराध धारा 34(2)आबकारी एक्ट का पाये जाने पर गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय होने से आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरी नसीम उद्दीन खान सहायक उपनिरीक्षक श्यामाचरण ध्रुव विशेष योगदान रहा।

# नवनिर्मित कांजी हाऊस भवन में अवारा मवेशियों को रखा जाये : लक्ष्मी साहू

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



नवनिर्मित कांजी हाऊस भवन में अवारा घुमने वाले मवेशियों को रखने, चारा पानी की व्यवस्था कराने की मांग पूर्व पार्षद लक्ष्मी साहू ने जिला प्रशासन से की है। इन्होने कहा है कि पूर्व में पुराना नगर पालिका कार्यालय दीनदयाल मार्केट में संचालित हो रहा था, जिसके पीछे कांजी हाऊस संचालित होते रहा है। जहां नगर में अवारा घुमने वाले मवेशियों को रखा जाता था, किन्तु वर्तमान में उक्त कांजी हाऊस का संचालन बंद हो गया है। साहू ने कलेक्टर को दिये गये पत्र में कहा है कि नगर पालिका के द्वारा नया कांजी हाऊस भवन निर्माण भैसरा पसरा देवार पारा के पास किया जा चुका है। जिसका संचालन वर्तमान में प्रारंभ नही हुआ है। नगर में अवारा मवेशियों की संख्या बढ गयी है। उक्त मवेशियों के द्वारा सब्जी, फल विक्रेताओं के दुकानों को सामानों को खा लिया जाता है तथा सब्जी एवं फल खरीदने आये लोगो के थैला या डिक्की में रखे सब्जी, फल एवं अन्य सामाग्रीयों को खा लिया जाता है। जिससे आमजनों को अत्यधिक परेशानियों को सामना करना पड रहा है। वहीं आवारा मवेशी बीच रोड में भी बैठे रहते है। जिसके कारण यातायात करने वालों लोगो को अवागमन करने में अत्यधिक परेशानी हो रही है तथा इसी वजह से दुर्घटना भी घटित हो रही है। वर्तमान में कृषि कार्य प्रारंभ हो चुका है, कुछ दिनों पश्चात फसल उग जायेगा, जिसे उक्त अवारा मवेशी खेतो मे जाकर फसल को रौंदेंगे एवं चरकर फसल को नुकसान पहुंचाया जायेगा। जिससे किसानों को आर्थिक क्षति होगी। उक्त परिस्थियों को ध्यान में रखते हुए नगर में नये कांजी हाऊस को प्रारंभ कर उसमे मवेशियों को रखा जाना आवश्यक है। श्री साहू ने नवनिर्मित कांजी हाऊस भवन में अवारा घुमने वाले मवेशियों को रखने तथा उनके चारा पानी की व्यवस्था करने नगर पालिका बलौदाबाजार को निर्देशित करने की मांग कलेक्टर से की है।

# श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में अब तक 58 लाख रुपए से अधिक हुई दवाईयों की बिक्री

- 15 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने की 41 लाख रूपये की शुद्ध बचत

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से अब तक जिलें के 9 दुकानों में अब तक 58 लाख 62 हजार रूपये की दवाईयों की बिक्री हुई है। इससे 15 हजार 93 उपभोक्ताओं ने 41 लाख 44 हजार 557 रूपये की शुद्ध बचत की है। वर्तमान में जिलें के सभी 9 नगरी निकायों में एक-एक श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का संचालन किया जा रहा है। जिनमें लगभग 59 से 72 प्रतिशत तक की छूट एमआरपी पर दी जा रही है।

बलौदाबाजार नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर बलौदाबाजार में अब तक 3 हजार 678 उपभोक्ताओं ने 39 लाख 23 हजार रूपये,भाटापारा में 2 हजार 690 उपभोक्ताओं ने 4 लाख 68 हजार 832 रूपये, सिमगा में 430 उपभोक्ताओं ने 66 हजार रूपये, भटगांव में 486 उपभोक्ताओं ने 1 लाख 22 हजार 700 रूपये, लवन में 2 हजार 975 उपभोक्ताओं ने 3 लाख 46 हजार 500 रूपये, कसडोल में 2 हजार 2521 उपभोक्ताओं ने 5 लाख 64 हजार 560 रूपये,पलारी में 723 उपभोक्ताओं ने 85 हजार रूपये, टुण्डरा में 575 उपभोक्ताओं ने 53 हजार रूपये, बिलाईगढ़ में 1हजार 15 उपभोक्ताओं ने 2 लाख 35 हजार 317 रूपये की खरीदी की है। इसमें बलौदाबाजार में लगभग 25 लाख 49 हजार रूपये, भाटापारा में 3 लाख 4 हजार 546 रूपये, सिमगा में 1 लाख 14 हजार रूपये, भटगांव में 97 हजार 360 रूपये, लवन में 3 लाख 95 हजार 683 रूपये, कसडोल में 3 लाख 27 हजार 410 रूपये, पलारी में 60 हजार 400 रूपये, टुण्डरा में 42 हजार 254 रूपये, बिलाईगढ़ में 2 लाख 56 हजार 677 रूपये की बचत हुई है। इस तरह कुल 15 हजार 93 उपभोक्ताओं ने दवाईयों में छूट के बाद 41 लाख 44 हजार 330 रूपये की बचत की है। बलौदाबाजार वार्ड क्रमांक 12 निवासी पुरूषोत्तम कुमार वर्मा ने कहा कि मैं पहले बाबूजी और पत्नि के लिए हर महिनें लगभग 6 सौ 50 रूपये की दवाईयां खरीदता था अब मैं इन्ही दवाईयों को श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से लगभग 300 रूपये में खरीदता हूं। इससे लगभग मुझे प्रतिमाह 3 सौ 50 रूपये की बचत होती है जो कि अन्य खर्चो में उपयोग होता है।

## आप लोगों से रूबरू होना मेरा सौभाग्य : कलेक्टर

# समर कैंप में निस्वार्थ सेवा देने वाले 3 सौ से अधिक शिक्षक हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





कलेक्टर डोमन सिंह ने आज विकासखंड कसडोल अंतर्गत समर कैम्प् में निस्वार्थ सेवा देने वाले 303 शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने सहभागी शिक्षकों के कार्य की प्रशंसा करतें हुए कहा की आपका यह छोटा सा योगदान किसी छात्र के जीवन को नई राह दिखाता है। शहर के बच्चों को तो इस तरह के प्रशिक्षण मिल जाता है। पर गाँव के बच्चों को नहीं। इसी को देखते हुए अपने यह कार्य करने की कोशिश किया। जिसमे हमने सफलता भी अर्जित की है। हमने दो चरणों मे 5 हजार से अधिक छात्र- छात्राओं को समर कैम्प् से लाभांवित किए है। और यह सब आप जैसे शिक्षकों से ही संभव हो पाया है। आप जैसे शिक्षकों ने रूबरू होना मेरे लिए आज सौभाग्य की बात है। उन्होंने आगे कहा कि जिले से संचालित नव प्रेरणा कोचिंग की भांति हायर सेकेन्ड्री के कक्षा 12वीं के गणित, भौतिकी, व रसायन शास्त्र की कोचिंग जिला मुख्यालय से दी जावेगी जिसमें अधिका लधिक छात्र-छात्राओ को उनके विद्यालय स्तर पर करने लाभांवित करने की योजना है। साथ ही 1 जुलाई 2022 को ऐसे शिक्षकों कर्मचारियों व अधिकारियों को सम्मानित करने की अपील किये है जो प्रतिदिन हैलमेट का उपयोग करते है। इसके पीछे संदेश देना चाह रहे है कि सभी लोग सुरक्षित यात्रा के लिये हैलमेट का उपयोग अवश्य करें। उक्त कार्यक्रम कसडोल नगर के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के सभागार में हुई। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि समर कैम्प की भांति अब सभी विद्यालयों में विद्यार्थी शनिवार को बिना बस्ता के विद्यालय आकर विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करेंगें। इस दौरान कसडोल के एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल मिशन समन्वयक सोमेश्वर राव, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीईओ हिमांशु वर्मा, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमित मेरावी, एनआईसी अधिकारी सत्यनारायण प्रधान, बीइओ के.के.गुप्ता, के.एन वर्मा, सहायक कार्यक्रम समन्वयक मनहरण लाल साहू उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जिले के शिक्षकों द्वारा ग्रीष्म कालीन अवकाश अवधि 1 मई से 15 जुन 2022 के दौरान समर कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने अपनी संस्था के विद्यार्थियों को खेल खेल में शिक्षा, संगीत, नृत्य डाईग, पेन्टिग, चित्रकला, गायन, संगीत, योगा आदि का प्रशिक्षण दिया। ग्रामीण स्तर पर ग्रीष्म अवकाश के दौरान विद्यार्थी अक्सर गांव में घुमते रहते थे, इस वर्ष कलेक्टर डोमन सिंह के आग्रह पर शिक्षकों ने स्वस्फूर्त बच्चों को प्रशिक्षण दिये। जिसमें शिक्षकों एवं छात्र, छात्राओं ने उत्साह पूर्वक इस समर कैम्प में भाग लिए। जिले के सभी 06 विकास खण्डों के शिक्षकों ने बढ़ चढ़ कर इस समर कैम्प मे भाग लेकर छात्र छात्राओं को लाभांवित किये थे।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 108.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 108.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 26 जून तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलें में सर्वाधिक 204.1 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 59.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 69.9 मिमी, सूरजपुर में 92.6 मिमी, जशपुर में 59.9 मिमी, कोरिया में 106.9 मिमी, रायपुर में 65.0 मिमी, बलौदाबाजार में 112.5 मिमी, गरियाबंद में 131.1 मिमी, महासमुंद में 87.9 मिमी, धमतरी में 94.2 मिमी, बिलासपुर में 112.3 मिमी, मुंगेली में 154.0 मिमी, रायगढ़ में 123.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 168.0 मिमी, कोरबा में 146.4 मिमी, दुर्ग में 75.8 मिमी, कबीरधाम में 109.5 मिमी, राजनांदगांव में 110.4 मिमी, बालोद में 152.0 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।


## कार्यालय, सेनानी, 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छ.स.बल, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक-17वीं बटा./छसबल/क.था./सा.अ./निविदा एन-18/2022,  कबीरधाम, दिनांक 27/06/2022

### // निविदा आमंत्रण सूचना //

सेनानी 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छसबल, कबीरधाम की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु 03 लिफाफा पद्धति, जिसमें लिफाफा 'अ' में अमानत राशि एवं निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र, लिफाफा 'ब' में तकनीकी एवं अन्य दस्तावेज तथा लिफाफा 'स' निविदा प्रपत्र आमंत्रित मुहर बंद निविदा में ई-पंजीयन अंतर्गत ''द'' श्रेणी अथवा उससे अधिक के ठेकेदारों से अंतर्गत किया जाता है:-

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (लाख) में | धरोहर राशि रूपये में | कार्यपूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 17वीं वाहिनी आवासीय परिसर पहुंच मार्ग इज सीमेंट कांक्रीट सड़क 225 मीटर कार्य | 11.64 | 34,920/- | 03 माह |

01. चालान जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 27/07/2022
02. ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत जमा करने की अंतिम तिथि - 29/072022 के 15.00 बजे
03. निविदा खोलने की तिथि - 29/07/2022 के 16.00 बजे

**नोटः**- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु रू. 750/- को सेनानी 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छसबल, कबीरधाम के नाम से ''लेखा शीर्ष 0055 एम.पी.आर. उपशीर्ष 800 अन्य रिसिप्ट'' में चालान के माध्यम से स्वीकार्य होगा। तथा निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के द्वारा ही स्वीकार्य की जावेगी। निविदा से संबंधित अन्य शर्ते व जानकारी अधोहस्ताक्षरित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**सेनानी,**
**17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छसबल,**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

G- 92466/4

# ठेकेदार और वनविभाग की लापरवाही से सड़क बनी जानलेवा

- वन परिक्षेत्र पिथौरा के अंतर्गत निर्माणधीन सड़क विभागीय उदासीनता का शिकार बरसात में मिट्टी डालने से ग्रामीण फिसलकर हो रहे है घायल





पायनियर संवाददाता ‹ पिथौरा
www.dailypioneer.com

ठाकुरदिया से बुंदेली मार्ग पर वनमार्ग में करीब 4 किलोमीटर डब्लूबीएम सड़क प्रस्तावित है, उक्त सड़क का उपयोग कोई 50-60 गांव के हजारो लोग स्कूल, हॉस्पिटल, दफ्तर, दुकान, आवागमन रोजाना करते है, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा लापरवाहीपूर्वक सड़क में मुरुम व गिट्टी की जगह बरसात में पीली मिट्टी डाल दिया है जिससे रोजाना कई राहगीर स्कूली छात्र, मरीज गिरकर घायल हो रहे है, ओर शासन-प्रशासन को कोस रहे है ,इधर जवाबदार विभागीय अधिकारियों को मार्ग की जानकारी का अभाव स्पष्ट झलक रहा है, सवालों पर वन परिक्षेत्र अधिकारी के द्वारा कार्य की स्थिति देखे बगैर ही प्राकलन के अनुसार होना बताया, बीते वर्ष जंगलो में शिकार, आग लगने की अनेक दुर्घटनाएं हुई लेकिन वन की सुरक्षा भी भगवान भरोस प्रतीत हो रही है,

विभागीय उदासीनता से ठेकेदार बरसात के दिनों में सड़क में मिट्टी डालकर सड़क को अनुपयोगी बनाने की भूमिका निभा रहा है, इस संबंध में ग्रामीण व समाजसेवी खेमलाल ने बताया कि उक्त सड़क से रोजाना हजारों लोग आवागमन करते हैं किंतु ठेकेदार के द्वारा बरसात में मिट्टी डालना समझ से परे है इस मार्ग का उपयोग करने से अनुविभाग की दूरी करीब 10 किलोमीटर कम पड़ती है इसलिए ग्रामीण सबसे जयादा इस मार्ग का उपयोग करते हैं, किन्तु अब मार्ग पर मिट्टी डालने से वाहन से फिसलकर गिर रहे है, किसानों के ट्रेक्टर धंस रहे है विभाग कुम्भकर्णी निद्रा में है उन्हें ग्रामीणों की कोई चिंता नही है, आपको बता दें विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में खासा आक्रोश पनप रहा है, ज्ञात हो कि बरसात लगते ही क्षेत्र में किसानी कार्य प्रारंभ हो जाता है किसान मार्ग का उपयोग कर खेतो में पहुचता है लेकिन सड़क में मिट्टी डाल जाने से कई किसान प्रभावित हो रहे हैं खेत तक पहुंच मार्ग मिट्टी होने से वे जाने में असमर्थ है।

### तालाब से निकाली जा रही मिट्टी

जानकारी के अनुसार बुंदेली मार्ग में स्थित एक तालाब से उपकरणों के माध्यम से मिट्टी निकाल कर सड़क में फैलाई गई है, मिट्टी गीली होने से राहगीर गिर कर घायल हो रहे है, वही उक्त तालाब में मनरेगा कार्य भी होता है जिससे भविष्य में गहरीकरण के नाम से भ्रष्टाचार होने की आशंका भी जताई जा रही है।

अभी उतना ज्यादा बरसात नही हुआ है , बरसात ज्यादा होगा तो काम बंद कर दिया जाएगा, कार्य प्राकलन के अनुसार किया जा रहा है

**-जयकांत गंडेचा,**
रेंजर, पिथौरा

## 3 महाद्वीपों के पर्वतों पर तिरंगा फहराने वाले पर्वतारोही चित्रसेन ने कहा हम समस्या नहीं समाधान प्रधान बने



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विश्व विख्यात दिव्यांग पर्वतारोही चित्रसेन साहू का नवागढ के गुरुकुल विद्यालय में आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने बच्चों से अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर प्रधान विकास धर दीवान, विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड सैनिक हरीश अवस्थी व महिला नेत्री मधु राय रहीं।

विद्यालय के संचालक राजेश धर दीवान ने परिचय देते हुए बताया कि चित्रसेन साहू जो पेशे से सिविल इंजीनियर है एक रेल हादसे मे उनके दोनो पैर कट गए किंतु हौसला और आत्म विश्वास के बल से कृत्रिम पैर से सेवन सम्मिट का लक्ष्य रखा।जिसमे से तीन महाद्वीप अफ्रीका, आस्ट्रेलिया और युरोप के सबसे उँची चोटी मे तिरंगा फहरा चुके हैं। अगला लक्ष्य दक्षिण अमेरिका के 22841 फीट ऊंची पहाड़ी माऊँट एकन्गुआ मे भारत का झंडा लहराना चाहतें हैं। पर्वतारोही चित्रसेन साहू ने कहा कि वही होता है जहां ईश्वर की मर्जी होती है। उन्होंने कहा कि हमारे अंदर असीमित संभावनाएं होती है बशर्ते जरूरत है कि हम लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहें। मुझे अपने लक्ष्य की प्राप्ति में रास्तों में अनेक कठिनाइयां आयी, लेकिन मैंने सभी कठिनाइयों को दूर कर दृढ़ निश्चय से अपना लक्ष्य प्राप्त किया। आज हमें आवश्यकता है हम समस्या नहीं समाधान प्रधान बने तभी हमें लक्ष्य की प्राप्ति होगी। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों व पालकों से अनुरोध किया कि बच्चों पर अपना इच्छा ना डालें। उनकी योग्यताओं व रुचि को पहचान कर ही उन्हें अवसर प्रदान करें। बच्चों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने पहला माउंटेन अफ्रीका के किलिमंजारो को फतह किया था वही उनके संघर्ष के समय में परिवार एवं मित्रों का विशेष सहयोग मिला था। श्री दीवान ने कहा कि गुरुकुल विद्यालय बधाई का पात्र है कि यहां हमेशा देश व समाज में विशेष योगदान देने वाले लोगों का आगमन होता है। जिससे बच्चों को कुछ ना कुछ पढ़ाई के अतिरिक्त विशेष ज्ञान मिलता है। उन्होंने पर्वतारोही साहू की सराहना करते हुए कहा कि सारी मुश्किलों और कठिनाइयों को दूर कर उन्होंने हमारे लिए एक मिसाल कायम की है हर किसी को उनसे कुछ सीखना चाहिए। इस दौरान अश्वनी दीवान, वीरेंद्र जायसवाल, मेघा दीवान, दिलीप जायसवाल सहित शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

## केंद्र के समान 34% डीए व एचआरए प्रदान करने को लेकर प्रदेश के 146 विकासखंड में होगा धरना प्रदर्शन व महारैली का आयोजन : शंकर साहू

पायनियर संवाददाता ‹ डौंडी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक- कमल वर्मा, प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री- मनीष मिश्रा व जिला संयोजक- के. एल. टांडेकर, जिला महासचिव- सतीश ब्यौहारे तथा छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष- शंकर साहू सहित छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने कहा है कि उनके समस्त साथियों के नेतृत्व में केंद्र के समान 34 % DA (मंहगाई भत्ता) व HRA (गृह भाड़ा भत्ता) दिलाने हेतु दिनांक- 29-06-2022 को पूरे छ.ग. के 146 विकासखंड मुख्यालयों, सभी जिला मुख्यालय व प्रदेश की राजधानी-रायपुर में विशाल धरना-प्रदर्शन व महारैली का आयोजन कर ज्ञापन छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन जिला- राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष-शंकर साहू व समस्त ब्लॉक अध्यक्षों- यशवंत कुमार देशमुख, सुनील शर्मा, देव कुमार यादव, कीरत कुमार गणवीर, रमेश साहू, हीरालाल मौर्य, कौशल श्रीवास्तव, रामलाल साहू व रोशन साहू के साथ ही समस्त साथियों के द्वारा छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष- मनीष मिश्रा के निर्देशानुसार 29 जून 2022 के विशाल धरना-प्रदर्शन व महारैली में शामिल होकर केंद्र के समान छत्तीसगढ़ में भी 34 ? DA (मंहगाई भत्ता) व HRA (गृह भाड़ा भत्ता) प्राप्त हो सके, इस हेतु वे अपनी आवाज बुलंद करेंगे। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन जिला- राजनांदगांव के सभी 09 ब्लॉक के साथियों के द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में एक दिन की सामुहिक अवकाश लेकर इस विशाल धरना-प्रदर्शन में अपने-अपने ब्लॉक मुख्यालय में उपस्थिति प्रदान करेंगे।

## वरिष्ठ कांग्रेसी इस्माइल बेग का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



पायनियर संवाददाता ‹ देवकर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इस्माइल बेग के जन्मदिन शनिवार को विधायक प्रतिनिधि कार्यालय में कांग्रेसियों ने बड़े धूम-धाम से मनाया। इस अवसर पर सभी कांग्रेसियों ने बेग को बधाई दी और उच्च स्वास्थ्य व दिर्घायु की मंगल कामना किए । इस अवसर पर सभी वरिष्ठ कांग्रेसी, पार्षदगण, एल्डरमैन, एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता, एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक एवं कलेक्टर ने नगर पंचायत भैरमगढ़ का किया दौरा

- सड़क, बिजली, पानी सहित विभिन्न बुनियादी सुविधाओं का दिया सौगात

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी एवं कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने नगर पंचायत भैरमगढ़ का सघन दौरा कर वार्ड की समस्याओं से रूबरू हुए सड़क, बिजली, पानी, भवन, आंगनबाड़ी, स्कूल भवन जैसे विभिन्न सौगात दिए। वार्ड भ्रमण के दौरान वार्ड वासियों द्वारा विधायक एवं कलेक्टर का आत्मीय स्वागत किया गया। नगर पंचायत भैरमगढ़ की वार्ड क्रमांक 4 में सामुदायिक भवन निर्माण स्ट्रीट लाईट, सीसी सड़क, नाली निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र मरम्मत के निर्देश दिए गए। वार्ड क्रमांक 3 में ठेठापारा स्कूल के पास सीसी सड़क, हाई मास्क लाईट। वार्ड क्रमांक 11 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती, स्ट्रीट लाईट, सीसी सड़क, पानी टंकी से माता मंदिर तक स्ट्रीट लाईट, आंगनबाड़ी बाऊड्रीवाल, किचन सेड, हेण्ड पंप, सोलर डयूल पंप, सीसी सड़क, वार्ड क्रमांक 12 में हनुमान मंदिर से भैरमबाबा मंदिर तक स्ट्रीट लाईट, आंगनबाड़ी भवन, पाण्डेपारा आंगनबाड़ी मरम्मत, सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 13 माहरा पारा में सीसी सड़क मरम्मत, 3 मीटर स्पॉन पुलिया निर्माण, स्ट्रीट लाईट, वार्ड क्रमांक 14 लंकापारा में हाईमास्क लाईट, 2 नग हेण्ड पंप, खेल मैदान का समतलीकरण, वार्ड क्रमांक 8 में 200 मीटर सीसी सड़क, हेण्ड पंप, वार्ड क्रमांक 10 में पाईप लाईन मरम्मत सहित विभिन्न बुनियादि सुविधाओं की सौगात दी गई।

## बेमेतरा विधानसभा में खुलेंगे और दो स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल आशीष छाबड़ा




पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधायक आशीष छाबड़ा ने जानकारी दी है कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के विकास हेतु दो नए स्वामी आत्मानंद स्मृति अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए जाने की स्वीकृति राज्य सरकार से प्राप्त हुई है जिसमें शहर के बच्चे प्रवेश ले सकेंगे ज्ञात हो कि बेमेतरा शहर में आज तक एक भी केंद्रीय विद्यालय अथवा अंग्रेजी माध्यम के हायर सेकेंडरी स्कूल की व्यवस्था नहीं थी कांग्रेस सरकार के सत्ता में आते ही स्वामी आत्मा नंद की स्मृति में अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की नीव रखी गई बेमेतरा शहर में एक ही अंग्रेजी माध्यम स्वामी आत्मानंद स्कूल आरंभ किया गया।

इकलौते अंग्रेजी माध्यम स्कूल होने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जिला मुख्यालय होने के कारण लोगों का रुझान अपने बच्चों को बेमेतरा में पढ़ाने को लेकर रहा है स्वामी आत्मा नंद स्मृति शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में वर्तमान में लगभग 750 बच्चे अध्ययनरत थे जिनके बैठने की व्यवस्था नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था सीटें कम होने की वजह से बच्चों को स्कूल में प्रवेश नहीं मिल पा रहा था आम जनता की परेशानियों को समझते हुए विधायक आशीष छाबड़ा ने संवेदनशील के साथ बेमेतरा विधानसभा परिवार के मुखिया की जिम्मेदारी निभाते हुए राजधानी में मुख्यमंत्री निवास तथा शिक्षा मंत्री से कई दौर की बातचीत कर इस बात को मनवाने में कामयाब रहे कि बेमेतरा शहर की आवश्यकताओं को देखते हुए एक और स्वामी आत्मानंद स्कूल खोला जाए साथ ही विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के विकास तथा ग्रामीण अंचल में अंग्रेजी माध्यम स्कूल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु देवरबीजाऔर भीभौरी में भी स्वामी आत्मानंद स्मृति अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किया जाए जिस पर राज्य सरकार ने देवरबीजा मैं स्वामी आत्मानंद स्मृति अंग्रेजी माध्यम स्कूल को स्वीकृति दी है तथा ज्ञात हो कि विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के चौमुखी विकास हेतु कृत संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं जिससे सभी क्षेत्रों में बेमेतरा विधानसभा नए सोपान तय कर रहा है इसमें दो राय नहीं कि इससे पूर्व शिक्षा के क्षेत्र में इतनी बड़ी कामयाबी पूर्व में कभी भी क्षेत्र की जनता को नहीं मिल पाया आम जनता जिस पर महंगाई की मार हावी है अपने बच्चों के भविष्य को सवाने की जिम्मेदारी है।

# कठिन कुछ भी नहीं, इच्छाशक्ति आवश्यक : चित्रसेन साहू

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



समाधान महाविद्यालय बेमेतरा एवं समाधान आई.टी.आई में, छत्तीसगढ़ के गौरव चित्रसेन साहू जिन्होने प्रोस्थेटिक लेग के जरिए तीन बड़े पर्वतों पर फतह हासिल कर चुके है उनका आगमन हुआ। चित्रसेन यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊँची चोटी माउंट एलब्रुस पर भी तिरंगा लहरा चुके है।

चित्रसेन ने यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊँची चोटी लिमंजारो और ऑस्टेऊलिया की मांउट कोजीअस्को पर भी फतह हासिल कर चुके है। इसके लिए उन्हे अनेक राष्ट्रीय पुरूस्कार से भी सम्मान्नित हूए है। समाधान महाविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी चलाये जा रहे निःशुल्क एक माह के समर कैंप के छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को चित्रसेन साहू ने प्रेरणादायक संदेश दिये। चित्रसेन साहू ने सभी को संबोधित करते हुये कहा कि अतिआत्मविश्वास एवं आत्मविश्वास की कमी दोनों से बचना चाहिए। दोनों के बीच की वास्तविकता को पहचानना चाहिए एवं हमें अपने लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करना चाहिए। आप अपनी योग्यता का आंकलन स्वयं कर सकते है एवं उसके अनुरूप आप कार्य करिये, सफलता निश्चित है। कठिन कुछ भी नहीं होता बस अपनी इच्छाशक्ति को पहचान के आगे बढ़ते रहिये। उन्होने आगे कहा कि आप अपने देश एवं समाज के हित को सोचकर कार्य करिये क्योंकि कोई देश या समाज किसी एक व्यक्ति से नहीं चलता उसके लिये हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना है। कार्यक्रम में किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि आपका स्वस्थ शरीर आपका सबसे अच्छा मित्र है इस कारण आप सब स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देवे। महाविद्यालय डायरेक्टर अवधेश पटेल ने कहा कि कोई भी कार्य करने से पहले आपका स्वयं के ऊपर विश्वास होना अत्यंत आवश्यक है।

यही आत्माविश्वास आपको आगे बढ़ने में मदद करती है। इस कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसमें समर कैंप एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पूछा गया एवं संतुष्टजनक उत्तर भी मिले जिसमें एक विद्यार्थी ने पूछा कि सफलता कि परिभाषा क्या है? चित्रसेन साहू जी ने कहा कि आपकी मन की प्रसन्नता एवं मन की शांति ही सफलता है। क्योंकि सफलता आपको मन की शांति से ही मिलती है। कार्यक्रम में अतिथियों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये श्री अविनाश तिवारी, संचालक एवं अध्यक्ष समाधान महाविद्यालय, ने कहा कि राम सदा सेवक रूचि राखी!! परिवार एवं समाज की व्यवस्था बनाकर रखना है। आपको अपनी मंजिल तक जाने के लिये संघर्ष का मार्ग ही अपनाना होगा। आपको लगातार मेहनत करते रहना है जब तक कि सफलता न मिल जाये सफलता का कोई पूर्ण विराम नहीं होता है। कार्यक्रम का समापन अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पन्नालाल यादव, प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, निधि तिवारी, स्वीटी मलिक, प्रज्ञा पटेल, आशा झा, प्रीति शर्मा, जी.डी. मानिकपुरी, नेहा शर्मा, ममता जोशी, तुकाराम जोशी, होरी लाल देवांगन, ब्रम्हेन्द्र तिवारी, विनिता अग्रवाल, सरला साहू, विनीता शर्मा आदि सभी प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एनएमडीसी ने नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत कोड़ेनार पंचायत में निर्मित दंतेश्वरी मार्ट का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com





लौह नगरी किरन्दुल के ग्राम पंचायत कोड़ेनार के अंतर्गत सुकरू कैम्प में एनएमडीसी किरन्दुल के नैगमिक सामाजिक दायित्व के अंतर्गत दन्तेश्वरी मार्ट का निर्माण किया गया। किरन्दुल कॉम्प्लेक्स के अधिशासी निदेशक आर. गोविन्दराजन ने निर्मित भवन का शुभारंभ किया।

एनएमडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सुमित देव के दिशा निर्देशन में किरन्दुल परियोजना द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व के दिशा में सामाजिक विकास के कई कार्य किये जा रहे है जिसका लाभ बस्तर वासियों को प्राप्त होता आ रहा है।आर. गोविन्दराजन के इस नेक सामाजिक कार्य से सुकरू कम्प के वासियों में हर्षोल्लास के साथ गोविन्दराजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है।

दन्तेश्वरी मार्ट स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा संचालन किया जा रहा है जिससे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के जीविकोपार्जन में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप महाप्रबंधक बी.के माधव ने एनएमडीसी किरन्दुल परियोजना के द्वारा किये जा रहे नैगमिक सामाजिक दायित्व कार्यों का व्याख्यान किया।बी.के. माधव द्वारा ग्राम वासियों को बताया कि किरन्दुल परियोजना ग्राम विकास के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम में परियोजना के विभिन्न अधिकारी एवं ग्रामवासी के साथ सकल कॅम्प के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

DOC टॉक

डॉ. चांदनी तुगनैत
एमडी (एएम) साइकोथेरेपिस्ट,
लाइफअल्केमिस्ट
कोच और हीलर, गेटवे ऑफ हीलिंग
की संस्थापक व निदेशक



# एकांत समय को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं



शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक कल्याण के लिए सामाजिक संबंध महत्वपूर्ण हैं। जहां हमारे संबंधों व रिश्तों को पोषित करना महत्वपूर्ण है, वहीं व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए थोड़ा एकांत समय निकालना भी जरूरी है। एकांत समय एक शानदार तनाव राहतकारी है और रचनात्मकता, ऊर्जा व व्यक्तिगत अन्वेषण के पोषण में भी सहायता करता है। बहुत से लोग बस अपना ध्यान नहीं हटा पाते। इसका मतलब है कि वे लगातार काम, अपने रिश्तों या सामाजिक घटनाओं के बारे में सोच रहे हैं, भले ही वे अन्य लोगों की उपस्थिति में न हों। ये विचार उन्हें तनावग्रस्त और चिंतित महसूस करा सकते हैं, इसलिए एकांत समय बिताना महत्वपूर्ण है।

एकांत समय वह अवधि है जब व्यक्ति दूसरों से अलग होता है। हालांकि कुछ लोग एकांत समय का आनंद ले सकते हैं क्योंकि यह उन्हें गोपनीयता प्रदान करता है, मगर अन्य लोग एकल गतिविधियों में शामिल होना चुन सकते हैं जैसे कि किताब पढ़ना या टहलना क्योंकि यह उन्हें अपने जीवन पर चिंतन करने का अवसर प्रदान करता है। इसके अलावा, यह शांति और सुकून की भावना लाता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। हालांकि कई लोगों को लगता है कि यह अंतर्मुखी लोगों के लिए सच हो सकता है, जिन्हें सामाजिक संवाद के बाद रिचार्ज करने के लिए एकांत समय की आवश्यकता होती है, मगर अध्ययनों से पता चला है कि पर्याप्त एकांत समय नहीं मिलने से मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है, भले ही आप बहिर्मुखी हों। लगातार दूसरे लोगों के आस-पास रहने से हम तनावग्रस्त, चिंतित या थकान का अनुभव कर सकते हैं। साथ ही, अकेले रहना एकांत में होने के समान नहीं है।

**लक्षण**

- दूसरों पर गुस्सा उतारना या चिढ़न महसूस करना
- काम पर ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होना
- गतिविधियों में रुचि खत्म होना
- दूसरों के साथ रहने को लेकर चिंतित महसूस करना
- अभिभूत या अतिउत्तेजित महसूस करना
- भावनात्मक भोजन / भूख न लगना
- छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आना
- हर किसी से और हर चीज से दूर भागने या छिपने का मन करता है
- दूसरों के साथ समय बिताने से बचने के लिए सामाजिक न्यौतों को अस्वीकार करना
- सामान्य से अधिक विचलित महसूस करना

अक्सर, वास्तविकता से भागने के रूप में, लोग सोशल मीडिया पर रोजाना 3-6 घंटे स्क्रॉल करते हैं, जिनमें से अधिकांश दिमाग में बकवास बंद करने की तलाश को लेकर  नासमझ है। यह चुना जाने वाला एकांत समय नहीं है। इसके बजाय ऐसी गतिविधियां चुनें जो आपको स्वयं के साथ संबंध मजबूत करने में मदद करें जैसे कि जर्नलिंग, नृत्य, संगीत, ध्यान, खाना बनाना, स्केचिंग, रंग भरना, टहलना, स्व-देखभाल गतिविधियां, पढ़ना और शोध करना। हालांकि स्वाभाविक प्रवृत्ति यह महसूस करने की है कि मैं बहुत व्यस्त हूं और मेरे पास अपने लिए समय नहीं है, एक निर्णय लेना और उस समय को न केवल मानसिक स्वास्थ्य बल्कि समग्र भलाई व रिश्तों को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित करना महत्वपूर्ण है।

**अपने जीवन में एकांत समय को शामिल करने के कुछ तरीके**

- **इसके लिए एक समय निर्धारित करें** – अकेले समय की योजना बनाएं और निर्धारित करें। सुनिश्चित करें कि आपके आस-पास के लोग जानते हैं कि इस दौरान आपको परेशान नहीं होना है। स्वयं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान करें।
- **सही मानसिकता विकसित करें** – 'अकेले समय' को एक कार्य के रूप में न देखें, इसके बजाय, समय-समय पर अकेले में लिप्त होने की खुशी महसूस करें।
- **एक सुरक्षित स्थान बनाएं** – अकेले अपने समय का आनंद लेने के लिए शांत और आरामदायक स्थान बनाएं।
- **समझदारी का अभ्यास करें** – लंबित कार्यों या दूसरे क्या सोच रहे हैं, इसकी चिंता किए बिना वर्तमान क्षण से अवगत रहें। अपने संबंध में पूरी तरह से डूब जाएं।

सही मानसिकता के साथ अकेले रहना और सही तरीके से मन, शरीर को पुनः जीवंत और सक्रिय करता है और एक सहायक समुदाय के साथ रहना-दोनों का स्वस्थ मिश्रण स्वस्थ मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह न केवल आपको तरोताजा करेगा बल्कि उत्पादकता, ऊर्जा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को भी बढ़ावा देगा। उसे चुनें जो आपके लिए सबसे अच्छा काम करता है और अगर आपको लगता है कि स्वस्थ 'एकांत समय' के अपने प्रयासों के बावजूद आप रोजमर्रा की जिंदगी की अराजकता से राहत पाने में असमर्थ हैं, तो किसी विशेषज्ञ की मदद लें।

## कूलर

**खीरा पानी :** पानी के बिना आपका शरीर ठीक से काम नहीं करेगा। व्यक्ति को प्रतिदिन छह से आठ गिलास पानी पीना चाहिए। हम सभी जानते हैं कि हमें दिन भर में पानी पीना चाहिए, लेकिन सादा पानी पीना थोड़ी देर बाद बोझिल हो सकता है। खीरा स्वाद की एक परत जोड़ता है जो आपको अधिक पीने के लिए प्रोत्साहित करता है। यदि आप अपना वजन कम करने का प्रयास कर रहे हैं, तो मीठे सोडा, स्पोर्ट्स ड्रिंक और जूस के बजाय खीरे के पानी को अपनाने से आपको अपने आहार से कैलोरी को खत्म करने में मदद मिल सकती है।



खीरे में एंटीऑक्सिडेंट के साथ-साथ कुकुर्बिटासिन नामक यौगिक व लिग्नान नामक खनिजों की एक श्रेणी शामिल होती है, जो मनुष्यों को कैंसर से बचाने में मदद कर सकती है।



# जल्द जांच आवश्यक है

महिला के मासिक धर्म चक्र के दौरान, स्तन के ऊतकों की बनावट और स्थिरता बदल सकती है जिससे स्तन कोमल हो जाते हैं। **डॉ. अंजलि कुमार** का कहना है कि उम्र के साथ उनमें बदलाव भी आते हैं

पश्चिमी देशों की तुलना में भारत में स्तन कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, यह स्पष्ट है कि हमें अपने स्तनों की उसी तरह देखभाल करने की आवश्यकता है जैसे हम शरीर के अन्य अंगों की देखभाल करते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2018 में, विश्व स्तर पर स्तन कैंसर से लगभग 627,000 महिलाओं की मृत्यु हुई, जो कि महिलाओं में कैंसर से होने वाली समस्त मौतों का लगभग 15 प्रतिशत है। इसलिए, स्तन-गांठ निस्संदेह एक गंभीर स्थिति है और स्तन कैंसर का प्रारंभिक लक्षण हो सकती है। लेकिन साथ ही, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि सभी स्तन गांठ कैंसर नहीं होती हैं। विशेष रूप से युवा महिलाओं में, स्तन गांठ एक सौम्य स्थिति का संकेतक हो सकता है। हालांकि, यदि आप एक नई गांठ महसूस करते हैं या यदि स्तन ऊतक नियमित बनावट से अलग महसूस करते हैं, तो डॉक्टर द्वारा इसका मूल्यांकन करवाना चाहिए।

**स्तन ऊतक सामान्य रूप से कैसा महसूस करता है?**

हमारे स्तन ऊतकों का एक संयोजन होता है जो बनावट और स्थिरता में भिन्न होते हैं।

ये वसायुक्त, ग्रंथियां और संयोजी ऊतक हो सकते हैं। महिला के मासिक धर्म के दौरान, इन ऊतकों की बनावट और स्थिरता भी बदल सकती है जिससे स्तन कोमल हो जाते हैं। उम्र के साथ स्तन के ऊतकों में भी बदलाव आता है।

**डॉक्टर को कब दिखाना चाहिए?**

- जब आप एक नयी स्तन गांठ या मोटापन पाते हैं जो आसपास के ऊतक से अलग लगता है
- स्तन के आकार, प्रकार या रूप में परिवर्तन होता है
- स्तन का दर्द अधिक समय तक बना रहता है अर्थात एक मासिक धर्म चक्र से अधिक
- स्तन के पास की त्वचा में कुछ बदलाव होते हैं, जैसे खुजली, लालिमा, स्केलिंग या पकना
- निप्पल थोड़ा अंदर की ओर चला गया है या निप्पल से असामान्य डिस्चार्ज हो रहा है



**डॉ. अंजलि कुमार**
सीनियर कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट एंड ऑब्स्टेट्रिशियन एंड फाउंडर, मैत्री वुमन हेल्थ

**स्तन गांठ का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया**

स्तन गांठ के निदान की पुष्टि करने के लिए आपका डॉक्टर आपको कुछ परीक्षण करवाने के लिए कह सकता है।

**इसमें शामिल हैं :**

- मैमोग्राम
- स्तन अल्ट्रासाउंड
- स्तन एमआरआई
- स्तन बायोप्सी

> स्तन-गांठ निस्संदेह एक गंभीर स्थिति है और स्तन कैंसर का प्रारंभिक लक्षण हो सकती है। लेकिन साथ ही, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि सभी स्तन गांठ कैंसर नहीं होती हैं। विशेष रूप से युवा महिलाओं में, स्तन गांठ एक सौम्य स्थिति का संकेतक हो सकता है।

**स्तन गांठ के मूल्यांकन के बाद फालोअप या अनुवर्ती कार्रवाई आवश्यक है।**

यदि स्तन गांठ कैंसर नहीं है, तो आपका डॉक्टर यह तय करेगा कि आपको नैदानिक स्तन परीक्षाओं के साथ अल्पकालिक निगरानी या स्तन इमेजिंग को दोहराने  की आवश्यकता है । आपको दो से तीन महीने में फिर से डॉक्टर के पास जाना पड़ सकता है। यदि आपके स्तन में कोई परिवर्तन हुआ है तो डॉक्टर फिर से जांच करेंगे।

यदि अपेक्षित निदान या नैदानिक स्तन परीक्षा और मैमोग्राम संदेह के क्षेत्रों को दिखाता है, लेकिन बायोप्सी सौम्य ऊतक को प्रकट करती है - आपको आगे के परामर्श के लिए एक सर्जन या अन्य विशेषज्ञ के पास भेजा जाएगा।

यदि स्तन गांठ कैंसरयुक्त है, तो आप उपचार योजना बनाने के लिए अपने डॉक्टर के साथ काम करेंगी। स्तन कैंसर का चरण और प्रकार आगे की उपचार प्रक्रिया तय करेंगे। आम तौर पर, गांठ कैंसर साबित होने पर सर्जरी की जाती है। सर्जरी करने से पहले सर्जन उचित सर्जिकल विकल्पों की व्याख्या करेगा और आपको यह निर्णय लेने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करेगा। अतिरिक्त उपचार के लिए आपको अन्य चिकित्सकों के साथ कई परामर्श करने पड़ सकते हैं, जिसमें विकिरण चिकित्सा और कीमोथेरेपी या हार्मोन थेरेपी शामिल हैं।

**-लेखक मैत्री वुमैन्स हेल्थ की संस्थापक एवं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ हैं।**

# खतरे का जड़ से सफाया



**डॉ. जेए जयलाल** कहते हैं कि चिकित्सकों के रूप में हमने देखा कि रोग कैसे एक टीकाकृत और एक टीका न लगवाने वाले व्यक्ति में प्रकट होता है। इन टीकों ने न केवल लोगों की जान बचाई बल्कि लाखों लोगों की रक्षा भी की

जब 2020 में देश में कोरोना वायरस की महामारी फैली थी, तब इस संक्रमण के बारे में बहुत कम जानकारी थी। हम केवल इतना जानते थे कि यह अत्यधिक संक्रामक था। हमारी पहली प्राथमिकता हमारे फ्रंटलाइन हेल्थकेयर वर्कर्स की सुरक्षा करना थी, जो संक्रमण के उच्च जोखिम वाले संभावितों में थे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस) और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ मिलकर काम किया, ताकि डॉक्टरों, अस्पतालों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रोगियों को संभालने व खुद को बचाने के लिए प्रोटोकॉल तैयार किया जा सके। फिर हमने उस समय हमारे पास जो भी उपचार और दवाएं थीं, उनके साथ रोगियों का प्रभावी ढंग से इलाज करने के दिशा-निर्देशों पर काम किया।

प्रारंभ में, देश ने महसूस किया कि इस परिमाण की महामारी से निपटने के लिए, उसे अपनी आबादी की रक्षा के लिए एक शक्ति शाली टीका विकसित करने की आवश्यकता है। और एक साल से भी कम समय में, देश ने अपने लोगों के लिए टीकों का विकास और उत्पादन किया।

सरकार ने पहले स्वास्थ्य कर्मियों का प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण करने का निर्णय लिया। यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात थी जब सरकार ने एक शक्तिशाली दवा या चिकित्सा के अभाव में महामारी से लड़ने में स्वास्थ्य सेवा समुदाय के प्रयासों को मान्यता दी।

वास्तव में, स्वास्थ्य कर्मियों को अपने रोगियों का इलाज करते समय बीमारी से संक्रमित होने का सबसे बड़ा जोखिम था। लेकिन शुरुआत में, इन टीकों की सुरक्षा को लेकर चिकित्सा बिरादरी के भीतर चिंताएं थीं क्योंकि ये बहुत कम समय में विकसित किए गए थे।

लेकिन आईएमए को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वैज्ञानिकों और देश के कड़े नियामक तंत्र पर अटूट विश्वास था। वास्तव में, भारत, जिसे दुनिया की फार्मेसी के रूप में जाना जाता है, का एक गौरवशाली इतिहास है, जब टीके विकसित करने की बात आती है। देश ने टीकों की मदद से विभिन्न घातक व दुर्बल करने वाली बीमारियों का उन्मूलन किया है।

पूरे भारत में, हम, स्वास्थ्यकर्मी आगे आए और टीका लगवाया। हमने इसे सिस्टम में अपना विश्वास और भरोसा दिखाने के अवसर के रूप में लिया, और हमने अपने वैज्ञानिकों के समर्पण व अथक प्रयासों के कारण विकसित टीकों के लिए राजदूत बनने का फैसला किया।

एक साल बाद यह साबित हो गया है कि हमारा भरोसा गलत नहीं था। टीकों ने बीमारी की गंभीरता को कम करके लाखों लोगों की जान बचाई है। चिकित्सकों के रूप में, हमने देखा कि कैसे रोग एक टीकाकृत और एक गैरटीकाकृत व्यक्ति में प्रकट होता है। इन टीकों ने न केवल लोगों की जान बचाई, बल्कि कोविड-19 के प्रभाव से लाखों लोगों की रक्षा भी की।

आज देश में अट्ठानबे प्रतिशत वयस्कों को टीके की कम से कम एक खुराक मिली है, 15 से 18 वर्ष की आयु के 70 प्रतिशत से अधिक बच्चों को उनकी पहली खुराक मिल चुकी है।

जल्द ही छोटे बच्चों को टीका लगाया जाएगा। हम उन्हें पहले से ही गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को दे रहे हैं। और आईएमए के अनुरोध पर, सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों व बुजुर्गों को एहतियाती खुराक उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है।

**--लेखक इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

# सीमित मात्रा में ही खाएं नमक

ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज रिपोर्ट के अनुसार, सोडियम का अधिक सेवन मृत्यु दर में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। विस्तार से बता रही हैं **डॉ. अंजलि नाकरा**

नमक का इस्तेमाल इंसान हजारों सालों से करता आ रहा है। यह समुद्र के पानी, जमा खनिज (पृथ्वी के नीचे), सतह, खारी झीलों और झरनों के जरिए उपलब्ध है। यह आसानी से उपलब्ध नहीं था, और प्राचीन काल में बहुत कीमती वस्तु था, कि इसका उपयोग मुद्रा के रूप में किया जाता था या वस्तु विनिमय किया जाता था। भारत की आजादी की लड़ाई में भी इसकी भूमिका थी।

नमक का उपयोग भोजन को स्वाद और संरक्षित करने के लिए किया गया है। आज नमक की उपलब्धता सर्वव्यापी है और सस्ते में उपलब्ध है। अधिकांश देशों में यह आयोडीन मिला कर उपलब्ध होता है।

**यह महत्वपूर्ण क्यों है?**

मनुष्यों में पानी और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखने के लिए नमक आवश्यक है। इसमें सोडियम और क्लोराइड होता है, जो मानव जीवन के लिए आवश्यक है। सभी खाद्य सामग्रियों की तरह, बहुत कम या बहुत अधिक - दोनों स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। पिछले कुछ दशकों में उपयोग किए जाने वाले नमक की मात्रा में कई गुना वृद्धि हुई है।

**अनुशंसित सेवन**

नमक की सिफारिश प्रतिदिन 2300 मिलीग्राम या 5 ग्राम (1 चम्मच) की जाती है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन स्वास्थ्य और बीमारी की रोकथाम के लिए रोजाना 1500 मिलीग्राम या 3.8 ग्राम नमक की सिफारिश करता है।

1 साल से कम उम्र के बच्चों को नमक नहीं देना चाहिए। यह पाया गया है कि अधिकांश देशों में नमक की औसत खपत बहुत अधिक है। भारत में, विभिन्न अध्ययनों ने डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों की तुलना में दोगुने स्तरों पर उपयोग होने का अनुमान दिया है।

लैंसेट में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज अध्ययन के अनुसार, सोडियम का अधिक सेवन मृत्यु दर में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है और डालीज(विकलांगता समायोजित जीवन वर्ष) के लिए दूसरा सबसे महत्वपूर्ण कारक है।

यदि वैश्विक नमक की खपत को अनुशंसित स्तर तक कम कर दिया जाता है, तो हर साल अनुमानित 25 लाख मौतों को रोका जा सकता है।



**मेरा नमक कहां है?**

- प्रसंस्कृत और आरामदेह खाद्य पदार्थ
- घर के खाने में जोड़ा गया
- भोजन में स्वाभाविक रूप से होता है
- टेबल नमक के रूप में जोड़ा गया

**यह कैसे प्रभावित करता है?**

नमक के अधिक सेवन से सूजन और मेटाबॉलिक स्ट्रेस-ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है।

इसे हाई ब्लडप्रेशर से जोड़ा गया है।

**धमनियां :** अतिरिक्त नमक धमनियों की परत को नुकसान पहुंचाता है और उन्हें सख्त बनाता है।

**दिल:** लंबे समय तक अधिक नमक के सेवन से हृदय -कक्षों में से एक, बाएं वेंट्रिकल का आकार बढ़ जाता है।

**गुर्दे :** नमक का भार गुर्दे पर अनुचित कार्य करता है, जिससे कई अन्य खनिजों का असंतुलन हो जाता है।

**मस्तिष्क :** यह रक्त परिसंचरण को प्रभावित करता है, और मस्तिष्क में अनेक न्यूरोनल सर्किटों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

**त्वचा :** त्वचा में सूजन को बढ़ाता है और त्वचा में सोडियम जमा होने का कारण बनता है।

**हड्डियां :** कैल्शियम के साथ अस्थि खनिज घनत्व और हड्डियों की खनिज सामग्री को कम करता है। धमनियों व अन्य अंगों पर ये प्रभाव हाई ब्लडप्रेशर से होने वाले नुकसान से स्वतंत्र होते हैं। आहार नमक स्ट्रोक और मनोभ्रंश के लिए भी एक स्वतंत्र जोखिम कारक है।

सोडियम सेवन में प्रत्येक 1000 मिलीग्राम प्रतिदिन की वृद्धि के कारण कार्डियोवैस्कुलर घटनाओं में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। किशोरावस्था में नमक का अधिक मात्रा में सेवन करने से हाई ब्लडप्रेशर का खतरा बढ़ जाता है। व्यक्तियों, लिंग और यहां तक कि कुछ जातियों पर अधिक नमक सेवन का प्रभाव भिन्न होता है। अनुसंधान से पता चला है कि यह न केवल नमक की मात्रा बल्कि ऊर्जा सेवन हेतु नमक का अनुपात है, जो महत्वपूर्ण है, सिफारिशों को भी इसमें कारक होना चाहिए।

**- लेखक डॉ. अंजलि नाकरा एमबीबीएस, डीओ, लाइफस्टाइल मेडिसिन फिजिशियन फाऊंडरः पाथ टू हेल्थ क्लिनिक सर्टीफाइड वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन, सेक्रेटरीः इंडियन सोसाइटी ऑफ लाइफस्टाइल मेडिसिन (आईएसएलएम) में डिप्लोमेट एलएम हैं।**

# अवैध प्लाटिंग में नगर पालिका व राजस्व टीम की संयुक्त कार्यवाही

## अवैध संरचनाओं में चलाया बुलडोजर

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बिलासपुर-रायपुर बायपास मार्ग में रेडियंस हॉस्पिटल के सामने आज बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध प्लाटिंग के बाद तैयार ही रहे सड़क और अवैध संरचनाओं को जेसीबी से उखाड़ा गया। शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है जो लगातार जारी रहेगा।

बिलासपुर रायपुर बायपास मार्ग रेडियंस हॉस्पिटल के सामने वार्ड क्रं. 24 में खसरा नं. 951/1 रकबा 0.798 हे. नरेश सिंह पिता कन्हैया सिंह, खसरा नं. 951/2 रकबा 0.399 हे. विरेन्द्र सिंह पिता कन्हैया सिंह, खसरा नं. 951/3 रकबा 0.399 हे. प्रहलाद सिंह पिता कन्हैया सिंह के नाम से दर्ज है इन भूखण्डों पर अवैध प्लाटिंग की मंशा से मार्ग संरचना तैयार किया जा रहा था। इसे टीम ने मूल स्वरूप में बदलने की कार्रवाई की और मौके पर निर्मित मुरूम रास्ते को हटाया गया। कार्यवाही में मार्ग संरचना को हटाने के साथ ही छोटे-छोटे खंभे को भी धराशाही किया गया है। इससे पूर्व भी कुछ दिनों पहले मार्ग संरचना को हटाने की कार्यवाही की गई थी। साथ ही अवैध प्लाटिंग नहीं करने को लेकर समझाईश व नोटिस दिया गया था उसके बाद भी कई लोगों द्वारा अवैध प्लाटिंग का कार्य बिना अनुमति के किया जा रहा है। कवर्धा में नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत बड़े पैमाने में बिना अनुमति के अवैधानिक तरीके से प्लाटिंग की जा रही थी जिसकी लगातार शिकायत मिल रही थी। अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध आगे भी लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

### निर्माण कार्य के पूर्व ले अनुमति

विभागीय अधिकारियों की माने तो नगर एवं ग्राम निवेश सिर्फ कालोनी व अन्य निर्माण कार्य के पूर्व एनओसी जारी करने का काम करता है। एनओसी के शर्तो के अनुरूप अगर निर्माण नहीं हो रहा है तो संबंधित विभाग उस पर कार्रवाई कर सकता है।

लेकिन अगर कहीं पर सिर्फ अवैध प्लॉटिंग हुई है तो उस पर नगर एवं ग्राम निवेश, राजस्व विभाग, नगर को कार्रवाई करने का अधिकार होता है। इस कार्यवाही में राजस्व विभाग से तहसीलदार मोरध्वज साहू, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे, पटवारी निर्मल साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक, बदी राम साहू, मनीष सिंह ठाकुर, जीवन लाल शर्मा, घनश्याम सिंह ठाकुर, लालाराम निषाद, प्रदीप सिंह ठाकुर, मदनलाल पाली, राजेन्द्र कुमार देवांगन, मदन लाल पाली, सहित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने ली जिले के समस्त थाना/चौकी के विवेचकों की मीटिंग



**कवर्धा।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा 25 जून को शाम 4:00 बजे से 8:00 बजे तक पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के समस्त थाना चौकी में कार्यरत विवेचना अधिकारी प्रधान आरक्षक, सहायक उप.निरीक्षक, आदि अधिकारी कर्मचारियों का मीटिंग आयोजित कर वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए सख्त हिदायत देते हुए थाने में विभिन्न प्रकरणों के लगभग 1000/ कंडम हो रहे वाहनों को थाने से हटाकर राजसात (नीलामी) कार्यवाही करने हेतु जल्द से जल्द थाना चौकी में वाहन संबंधी मामलों का निराकरण कर उचित वैधानिक कार्यवाही कर नियमानुसार राजसात की कार्यवाही करने कहा गया, साथ ही 10 दिवस के अंदर थानों में दर्ज पूर्व के प्रकरणों में प्रोग्रेस रिपोर्ट देने भी कहा गया है। पुलिस कप्तान के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में 1000/ से अधिक टू व्हीलर, फोर व्हीलर, भारी वाहन अलग-अलग थानों में विभिन्न प्रकरणों से खड़े-खड़े जंग लग कर कंडम हो रहे हैं।

# हितग्राहियों को मिला पट्टा: आशियाना बनाने का सपना हुआ साकार: ऋषि कुमार शर्मा

## प्रधानमंत्री आवास योजना के 7 साल पूर्ण होने पर सम्मान कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना के 7 साल पूरे होने पर सर्वश्रेष्ठ व समय-सीमा में मकान निर्माण करने वाले परिवारों को नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने साल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बेघर परिवारों को आवास प्रदान करने की परिकल्पना को नगर पालिका परिषद कवर्धा साकार कर रही है हितग्राहियों को पट्टा मिलने से उनके सपने भी पूरे हुए है। उन्होनें बताया कि निजी भूमि के लगभग सभी हितग्राहियों का प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास का निर्माण किया जा चुका है चूंकि पुराने पट्टेधारियों का आवास निर्माण में हितग्राही लाभान्वित नहीं हो रहे था छत्तीसगढ़ सरकार व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रयास कवर्धा शहर सभी पात्रताधारी को आवासीय पट्टा प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देते हुए नया मकान तैयार कराया जा रहा है। उन्होनें बताया कि नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 11 सर्वश्रेष्ठ हितग्राहियों को साल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### इन हितग्राहियों का किया सम्मान

प्रधानमंत्री आवास योजना के सात साल पूरे होने पर नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत 11 हितग्राही क्रमशः ममता वर्मा वार्ड क्रं. 06, राधा साहू वॉउ क्रं. 08, दीपा साहू वार्ड क्रं.03, राखी पाली वार्ड क्रं.16, अशोक श्रीवास वार्ड क्रं.08, त्रिलोचन नाथ शिवोपासक वार्ड क्रं. 24, राजबाई यादव वार्ड क्रं.01, ममता सोनी वार्ड क्रं. 24, मुकेश गुप्ता वार्ड क्रं.08, नारद चंद्रवंशी वार्ड क्रं.01, जानकी बाई यादव वार्ड क्रं. 14, शांता बाई यादव वार्ड क्रं.24 को साल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा व उपस्थित पदाधिकरियों ने सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, सभापति नरेन्द्र देवांगन, पार्षद संजय लांझी, हिरेश चतुवेदी, राजेश गुप्ता, अजय सिंह ठाकुर, शंकर शर्मा, पुखराज शर्मा, निलेश मिश्रा सहित अधिकारी-कर्मचारीगण अधिक संख्या में उपस्थित थे।

# अमर पारवानी कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मांगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी संजय चौबे ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 25 जून 2022 को नागपुर में आयोजित हुआ। जिसमें व्यापारिक मुद्दो के परिचर्चा के पश्चात् पदाधिकारियों का निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। पदाधिकारियो के निर्वाचन में पूरे भारतवर्ष से सभी राज्यों से पदाधिकारियों ने भाग लिया था। चुनाव अधिकारी सी.ए. निखिलेश ठक्कर जी ने सभी प्रत्याशियों के नामाकंन प्रमाण पत्रों की जांच कर और निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण किया। तत्पश्चात् नई टीम की घोषणा की गई, जिसमें अमर पारवानी वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। नई टीम का कार्यकाल 2 वर्ष का होगा। उल्लेखनीय हैं कि अमर पारवानी द्वारा व्यापारी हित में किए जा रहे कार्यों की बदौलत लगातार उन्हें तीसरी बार कैट के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। इससे पहले वे लगातार दो बार कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हो चुके है। वर्ष 2018 में उन्हें पहली बार कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसके बाद लगातार छत्तीसगढ़ के व्यापारियों की मांग को वे दिल्ली में केंद्र सरकार तक पहुँचाते रहे। एक बार छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर अपनी मांग रखने का मंच मिलेगा। इस बार पारवानी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली है। इससे छत्तीसगढ़ के व्यापारियों की ताकत और बढ़ गई है। पारवानी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर कैट राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी.भरतीया एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खण्डेलवाल ने उन्हें हार्दिक शुभकामनायें दी है और पूरे प्रदेश के सभी व्यापारिक संगठनों एवं कैट सी.जी. चैप्टर के सदस्य ने बधाई संदेश प्रेषित कर रहे हैं।

# संयुक्त खदान मजदूर संघ (एटक) ने की वेतन पर्ची पुन: चालू करने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



संयुक्त खदान मजदूर संघ (एटक) के संगठन सचिव तोरण लाल साहू ने मुख्य महाप्रबंधक (खदान एवं रावघाट) आई ओ सी राजहरा के नाम पत्र जारी कर वेतन पर्ची पुनः जारी करने की मांग की है। विदित हो कि पूर्व में माइंस में काम करने वाले सभी नियमित कर्मचारियों को वेतन पर्ची प्रतिमाह दी जाती थी। लेकिन कोरोना काल के कारण प्रबंधन के द्वारा सोशल डिस्टेंस रखते हुए इसे पिछले 2 वर्षों से बंद कर दिया गया है। वर्तमान में स्थिति सामान्य हो गई है। इसलिये कर्मचारियों की मांग है कि वेतन पर्ची पुनः चालू की जाए। जिससे प्रबंधन के द्वारा दी गई वेतन की उन्हें संपूर्ण जानकारी हो। चूंकि यह इ-सहयोग में उपलब्ध तो रहता है। जो कि प्रत्येक कर्मचारियों के पहुंच से बाहर है। जिसके कारण उन्हें वेतन संबंधित जानकारी नहीं मिल पाती। इसलिए तोरण लाल साहू संगठन सचिव एस के एम एस ने प्रबंधन से अनुरोध किया है कि हमारी मांग को स्वीकार करते हुए अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दें कि फिर से माइंस में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए वेतन पर्ची जारी हो।

जिससे कर्मचारी अपने मिलने वाली वेतन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सके। साहू ने पत्र की कॉपी मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक भिलाई इस्पात संयंत्र, महाप्रबंधक कार्मिक भिलाई इस्पात संयंत्र और उप महाप्रबंधक कार्मिक (आई ओ सी) राजहरा को सौंपा है।

# छत्तीसगढ़ म्यूथाई एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन साहू के मार्गदर्शन में ओवरऑल चैंपियन का खिताब 17वीं बार हासिल किया

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यूथाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में स्पोर्ट्स म्यू थाई एसोसिएशन मध्यप्रदेश द्वारा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक- बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप एवं प्रो नाईट फाइट का आयोजन 16 से 22 जून 2022 तक श्रीमन्त तुकोजी रॉव पवार इंडोर स्टेडियम देवास (म.प्र.) में किया गया। उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम ने छत्तीसगढ़ म्यूथाई एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन साहू के मार्गदर्शन में 18 स्वर्ण पदक, 25 रजत और 18 काँस्य पदक जीतकर कुल 61 पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब 17वीं बार हासिल कर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया। बालोद जिला म्यूथाई संघ के अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने बताया कि छत्तीसगढ़ म्यूथाई टीम की ओर से खेलते हुए दल्लीराजहरा जिला बालोद के 4 खिलाड़ियों साधिके दुबे, पल्लवी साहू, प्रियांशु इनवते, राजकुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार 10 खिलाड़ियों आरुष भास्कर, वरुणिका भास्कर, हिमानी दरसेना, महिमा उइके, जिया जायसवाल, सृष्टि झा, वंशिका सखारकर, वाणी ,विनय कुमार यादव, लिली साहू ने रजत पदक प्राप्त किया।

4 खिलाड़ियों सोनम साहू, नीरज साहू, ऊषा चौधरी, बिरेन्द्र कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। तकनीकी पैनल में छत्तीसगढ़ की ओर से दल्लीराजहरा की हरबंस कौर, टामिन साहू, मिलन मरई शामिल हुए। इनके अलावा कोच मैनेजर के रूप में दल्लीराजहरा की मंजू भास्कर शामिल हुई।

# पुलिस अधीक्षक से नगर में जल्द से जल्द चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



25 जून को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव से उनके कार्यालय बालोद में सौजन्य भेंट मुलाकात किया गया और पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया गया। इस दौरान राजहरा की ट्रैफिक व्यवस्था, भारी वाहनों की नो एंट्री, नो पार्किंग की समस्या पर चर्चा की गई। नगर में जल्द से जल्द चौक चौराहों पर सी सी टी वी लगाने के विषय पर भी चर्चा की गई। सड़क के दोनों ओर पसरा लगाकर व्यापार करने वालों को व्यवस्थित करने और सड़क जाम होने के कारण जनता को जो परेशानी हो रही हैं उससे अवगत कराया गया। ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढ़ाने व चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की मांग की गई। पुलिस अधीक्षक यादव ने कहा इस विषय पर दल्लीराजहरा में जल्द से जल्द बैठक कर सभी विषयों पर बी एस पी मैनेजमेंट, नगर पालिका परिषद, व्यापारी संघ, परिवहन संघ व जनप्रतिनिधियों राजनैतिक पार्टियों के साथ बैठक कर चर्चा करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव से मुलाकात के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, मण्डल कांग्रेस अध्यक्ष विवेक मसीह, ब्लॉक महामंत्री सुरेश ठाकुर, ब्लॉक सयुक्त महामंत्री रूबी एंथोनी जी उपस्थित रहे।

# कबीरधाम जिले के 04 प्रधान आरक्षक बने सहायक उप.निरीक्षक

**कवर्धा।** कबीरधाम पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह एवं पुलिस परिवार के द्वारा जिले के 04 प्रधान आरक्षको को स्टार लगाकर सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग के आदेशानुसार पदोन्नति हेतु जारी योग्यता सूची वर्ष 2022 में जिला पुलिस कबीरधाम के 04 प्रधान आरक्षको का सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हेतु योग्यता सूची जारी की गई है। जिन्हें 25 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में पदोन्नत प्रधान आरक्षको की पत्नी पुत्र एवं पुत्री के द्वारा स्टार लगा कर सहायक उप निरीक्षकों पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। जिसमें 01. प्रधान आरक्षक क्रमांक 128 मोहनलाल खुटें के एक कंधे पर पुलिस कप्तान एवं दूसरे कंधे पर पदोन्नत प्रधान आरक्षक की पत्नी कौशल्या खूटें के द्वारा स्टार लगा कर सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। 02. प्रधान आरक्षक क्रमांक 68 कृष्ण कुमार चंद्रवंशी के एक कंधे पर पुलिस कप्तान एवं दूसरे कंधे पर पत्नी त्रिवेणी चंद्रवंशी, पुत्र टीकम चंद्रवंशी के द्वारा स्टाल लगाकर सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। 03. प्रधान आरक्षक क्रमांक 10 दिलीप कुमार सोनकर को एक कंधे पर पुलिस कप्तान एवं दूसरे कंधे पर पदोन्नत प्रधान आरक्षक की पत्नी गीता सोनकर के द्वारा स्टार लगा कर सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। 04. प्रधान आरक्षक क्रमांक 25 दीपक शर्मा को एक कंधे पर पुलिस कप्तान एवं दूसरे कंधे पर पत्नी संतोषी शर्मा के द्वारा स्टार लगाकर सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई, तथा उपस्थित पदोन्नत अधिकारियों की पत्नी पुत्र, पुत्री के हाथों एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। साथ ही पदोन्नत अधिकारीगणो के परिजनों को पुलिस अधीक्षक के द्वारा बधाई देते हुए कहा गया कि हम तब ही विभाग में बेहतर काम कर सकते हैं, जब हमें अपने परिवार जनों का सहयोग प्राप्त हो इसीलिए इस सुखद अवसर पर आप सभी परिजनों को आपके पदोन्नत पति पिता को प्रधान आरक्षक के पद से पदोन्नत होकर एक पद और ऊपर सहायक उप.निरीक्षक बनते देख रहे हैं।

# वरिष्ठ कांग्रेसी बेग का बड़े धूम-धाम से मनाया जन्मदिन



**देवकर।** देवकर नगर पंचायत क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इस्माईल बेग का 75 वा जन्म दिवस केक काट कर उत्साह पूर्वक मनाया गया गया इस मौके पर वरिष्ठ नेताओं के अलावा कांग्रेसी कार्यकताओं ने इस्माईल बेग का मुंह मीठा कराकर बधाई दिए आपको बता दें की वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इस्माईल बेग की 75 वा साल गिरह मनाने वरिष्ठ नेता बलदाऊ मिश्रा, अमृत लाल गुप्ता तिजऊ, राम सिहोरे, विनोद कुंजाम विधायक प्रतिनिधि बिहारी साहू अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौबे राधे ढीमर एल्डरमैन रोशन अग्रवाल, एल्डरमैन सतीश धीवर, सुंदर लाल धुर्वे कीर्ति देवांगन दिलीप देवांगन सत्य कुमार सिन्हा राजू कुंजाम विकास राजपूत विनय देवांगन रौनक पांडे फज़ल बैग चेतन कुंजाम दिलीप निषाद मनोहर ढीमर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला परिवहन कार्यालय में लर्निंग लाइसेंस शिविर 27 जून को

**कवर्धा।** राज्य में परिवहन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के मंशानुसार एवं कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देश पर जिला परिहन कार्यालय में 27 जून सोमवार को सुबह 11 बजे से लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी मोहन लाल साहू ने बताया कि लर्निंग लाइसेंस शिविर में आवेदकों को आवश्यक दस्तावेज निवास प्रमाण पत्र, आधारकार्ड, जन्मप्रमाण पत्र के लिए पेनकार्ड, मार्कशीट लेकर उपस्थित होना होगा। आवेदन लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से किया जाएगा। जिसमें निर्धारित शुल्क मोटर सायकल के लिए 205 रूपए, लोक सेवा केन्द्र का शुल्क एवं मोटर सायकल कार के लिए 355 रूपए प्लस लोक सेवा केन्द्र का शुल्क देना होगा। अतः इच्छुक आवेदन दस्तावेज के उपस्थित होकर लर्निंग लाइसेंस बनवा सकते है।

**बेमेतरा में भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ**

# भाजपा एक ऐसी पार्टी जो मानती है, देश हित को सर्वोपरी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के तीन दिवसीय जजिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ रविवार को हुआ। उद्घाटन सत्र में राजनांदगांव लोकसभा सांसद सन्तोष पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि हमें गर्व है कि हम ऐसी पार्टी के कार्यकर्ता हैं जो देश, समाज और व्यक्ति के हितों को सर्वोपरि मानती है। उद्घाटन सत्र में भारत के वैश्विक परिदृश्य के विषय पर प्रकाश डालते हुए सांसद पांडेय ने कहा कि हर पार्टी की अपनी विचारधारा होती है, लेकिन भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो देश हित को सर्वोपरि मानती है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक के चक्कर में जो काम कांग्रेस 70 सालों में नहीं कर पाई, वह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने कर दिखाया है। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास व विकास विषय पर विचार व्यक्त किया। सांसद बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने के लिए अनवरत प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि हम सब का लक्ष्य भारत को परम वैभव की ओर ले जाना है। गरीबों के कल्याण के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में कार्य हो रहा है। प्रशिक्षण वर्ग की उपादेयता एवं महत्व पर पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की ऐसी पहली अनुशासित और प्रजातांत्रिक पार्टी है, जिसमें 11 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। भाजपा कार्यकर्ता पूर्ण अनुशासित तरीके से समर्पित होकर पार्टी का काम करते हैं। पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना ने कहा कि आयुष्मान योजना, जनधन खाता योजना, कोरोना काल से लेकर अब तक मुफ्त राशन योजना, धारा 370 का हटना आदि महत्वपूर्ण कार्य हुए। पूर्व सांसद लखन लाल साहू ने मीडिया के व्यवहार एवं उपयोग पर अपना विचार व्यक्त किया तो वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचन्द पारख ने भाजपा के इतिहास एवं विकास के बारे में चर्चा की। संचालन जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने किया। इस दौरान प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा, पूर्व मंत्री डीडी बघेल, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, फिरतुराम साहू, टार्जन साहू, राजा पांडेय, रीना साहू, सुरेंद्र सिंह, परमेश्वर वर्मा, देवादास चतुवेदी, मधु रॉय, दीपेश साहू, हरिकिशन कुर्रे, सतीश कसार, निशा चौबे, विकास घरडे, बलराम पटेल, छोटू साहू, मोंटी साहू, होरीलाल सिंहा, मूलचंद शर्मा, नथमल कोठारी, सावित्री रजक, लक्ष्मी साहू, चन्द्रपाल साहू, अजय साहू, राजेश दीवान, रघुनंदन तिवारी, लालाराम साहू, सन्तोष वर्मा, रामानंद त्रिपाठी व अन्य उपस्थित रहे।

# चौकी पोड़ी पुलिस द्वारा अवैध शराब विक्रेता के विरुद्ध कार्यवाही

## आरोपी के कब्जे से 17 पौवा देशी प्लेन मदिरा कीमती 1360 रुपए एवं नकदी 200 रुपये जप्त किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा नशा-मुक्ति अभियान सप्ताह के दौरान अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्यवाही करने आदेश मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उईके के निर्देशन पर थाना प्रभारी बोड़ला निरीक्षक व्यास नारायण चुरेंद्र के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नवरत्न कश्यप द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों का आदेश का पालन करते हुए पुलिस टीम के द्वारा कस्बा भ्रमण के दौरान जरिये मुखबिर से सूचना मिला की भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के सामने एक व्यक्ति अपने कब्जे में अवैध शराब रखकर अवैध धन अर्जित करने के लिए शराब बिक्री कर रहा है की मौके पर जाकर घेराबंदी कर रेड करवाई किया गया, आरोपी लल्लू टंडन पिता भक्कू टंडन उम्र 48 साल निवासी राम्हेपुर कला के कब्जे से 17 पौवा देसी प्लेन मदिरा किमती 1360 रुपये एवं नगदी 200रुपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपी का कृत्य धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट का पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, उक्त कार्रवाई में प्रधान आरक्षक लवकेश खरें आरक्षक मनहरण, अभिजीत ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।

# दस सालों से अधूरा है केलो डैम किसानों को नहीं मिल रहा लाभ

■ 975 करोड़ तक पहुंची 525 करोड़ की परियोजना

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले की सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना केलो डैम दस सालों के बाद भी पूरी नहीं हो पाई है, जिससे किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। दरअसल रायगढ़, जांजगीर जिले के 335 गांवों तक पानी पहुंचाने के लिए केलो बांध परियोजना की स्थापना की गई थी। बांध से 16 किमी की मुख्य नहर के साथ शाखा नहरों का निर्माण होना था। लेकिन नहरों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। लेटलतीफी की वजह से 525 करोड़ की इस परियोजना की लागत 975 करोड़ तक जा पहुंची है।

इस बांध की 24 हजार क्षमता है लेकिन वर्तमान में सिर्फ 7 हजार हेक्टेयर में सिंचाई हो पा रही है। योजना को लेकर अधिकारियों का कहना है कि नहरों के निर्माण के दौरान जमीनों का अधिग्रहण होना है। अधिग्रहण न होने की वजह से परियोजना में देरी हो रही है। वहीं भाजपा का कहना है कि राज्य शासन की उदासीनता की वजह से योजना की मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। नतीजन नहरों का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

# सड़क किनारे खड़ी गाडी में मिला चालक का शव

■ हत्या की आशंका, पुलिस मामले की जांच में जुटी

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ शहर के जामगांव रोड़ स्थित सड़क किनारे खड़े टेऊलर में आज चालक की संदिग्ध परिस्थितियो में लाश मिलने से इस क्षेत्र में सनसनी फै ल गई। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। घटना की सूचना के बाद चक्रधर नगर पुलिस मौके पर पहुंचकर मर्ग पंचनामा कार्रवाई पश्चात शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह जामगांव रोड़ में सड़क किनारे खड़ी टेऊलर क्र. सीजी 13 एल 4422 में मूलत बिहार निवासी चालक का शव मिला है। मृत चालक की उम्र लगभग 55 साल बताई जा रही है, जो कि एक सप्ताह पहले ही काम ज्वाईन किया था।


घटना की सूचना के बाद सीएसपी दीपक मिश्रा और चक्रधर नगर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवा दिया है। प्रारंभिक जांच में यह मामला हत्या का प्रतीत होता है। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात लोगों के द्वारा लूटपाट के इरादे से इस हत्या की वारदात को अंजाम दिया होगा। बहरहाल पुलिस ने इस मामले को जांच में ले लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# रोटरी क्लब रायगढ़ रॉयल द्वारा वस्त्र वितरण

**रायगढ।** नई उम्मीद विद्यालय में हुए कार्यक्रम में रोटरी क्लब रायगढ़ रॉयल द्वारा दिव्यांग बच्चों के विद्यालय नई उम्मीद के 109 बच्चों के लिए नवीन वस्त्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रो. हितेश सुनालिया एवं क्लब सचिव रो.संदीप अग्रवाल सहित क्लब के पदाधिकारी और सदस्यों ने सभा को सम्बोधित किया। सम्बोधन में क्लब सचिव रो. संदीप अग्रवाल ने कहा कि हमारे क्लब का मुख्य उद्देश्य समाज के हित में कार्य करना है और इसी के तहत रोटरी क्लब रायगढ़ रॉयल ने इन बच्चों के लिए नवीन वस्त्रों का वितरण किया।सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में रोटरी क्लब ने अपने सेवा कार्यों के बल पर अपना नाम स्थापित किया है। रोटरी क्लब रायगढ़ रॉयल को लोगों के सेवा में समर्पित संस्थान बताया। उक्त कार्यक्रम में चेयरमैन संदीप अग्रवाल (नवदुर्गा), ओम प्रकाश मोदी, आशीष महामिया, आशीष अरोरा, मनीष अग्रवाल (गणगौर), संतोष सिंघल, सुनील कुमार अग्रवाल, मयंक केडिया, अंकित अग्रवाल, आदि सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। रोटरी क्लब रायगढ़ रॉयल द्वारा पिछले माह उक्त संस्था को एक वाटर कूलर एवं एक कूलर भी प्रदान किया गया था।

# नर कंकाल मिलने से दहशत, लूंगी बनियान मौजूद लेकिन खोपड़ी गायब

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कंचनपुर जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में नरकंकाल मिलने का मामला प्रकाश में आया है। चूंकि , खोपड़ी गायब है और आसपास शर्ट-लूंगी और डंडा बरामद हुआ है इसलिए इस पेचीदी गुत्थी को सुलझाने पुलिस ने पीएम के लिए कंकाल को मेडिकल कॉलेज भेजा है। यह वारदात थाना क्षेत्र की है। घरघोड़ा इस संबंध में थाना प्रभारी प्रवीण मिंज ने बताया कि घरघोड़ा से तकरीबन किलोमीटर दूर ग्राम कंचनपुर में बुधवार दोपहर उस समय सनसनी फै ल गई, जब मवेशी चराने जंगल की तरफ गए कुछ ग्रामीणों की नजर किनारे पड़े एक ऐसे कंकाल पर पड़ी जिसकी खोपड़ी नहीं थी।

निर्जन जंगल में नरकंकाल मिलने की खबर आसपास फै लते ही मौके पर भीड़ लगने लगी। वहीं, इसकी भनक पुलिस को लगते ही हरकत में आए वर्दीधारी तत्काल घटना स्थल गए और आसपास जायजा लिया तो गर्दन के नीचे से कमर तक कंकाल के कुछ अन्य हिस्से भी दिखे। चूंकि कंकाल से लगभग 30 मीटर दूर संदिग्ध परिस्थितियों में एक डंडे के अलावे शर्ट और भी लावारिस पड़े मिले। कंकाल को एकबारगी देख लगता है कि उसे किसी जानवर ने नोंच खाया है या फिर वह किसी साजिश का शिकार हुआ होगा।

आशंका है कि मृतक गड़रिया होगा। पुलिस पंचनामा करते हुए आसपास के लोगों से यह पूछताछ कर रही है कि महीनेभर के अंतराल में कौन लापता है ताकि मृतक की पहचान होने बाद आसानी से विवेचना हो सके। बहरहाल जंगल से कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए रा के मेडिकल कॉलेज भेजा गया है । साथ ही उस डीएनए टेस्ट वगैरह भी कराया जाएगा। दूसरी तरफ घरघोड़ा पुलिस मर्ग कायम कर जांच जुटी है।

## इमरजेंसी को याद करते हुए मीसा बंदी का सम्मान

**बिलासपुर।** इमरजेंसी को याद करते हुए भाजपा दक्षिण मंडल ने मीसा बंदियोका शाल श्रीफल देकर सम्मान किया । सम्मान समारोह में बताया गया कि 47 साल पूर्व 25 जून 1975 को तात्कालिक कांग्रेस सरकार की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व की सरकार ने आपातकाल लागू कर देश में लोकतंत्र की हत्या की गई, राष्ट्रीय विचारधारा से जुड़े लोगों को मीसा आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया।

आपातकाल के दौरान मानवाधिकारों का हनन, प्रेस मीडिया की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध, तत्कालीन सरकार कांग्रेश के अलावा अन्य सभी राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर कठोर पाबंदी लगाकर, सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं की गिरफ्तारी की गई।

# ट्रेक्टर से बैटरी चोरी कर खपाने ग्राहक तलाश रहा आरोपी गिरफ्तार, जूटमिल चौकी पुलिस टीम की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जूटमिल चौकी की टाउन पेट्रोलिंग द्वारा चौकी प्रभारी जूटमिल के निर्देशन पर कोड़ातराई के अमित दास महंत उर्फ गुड्डू के घर दबिश देकर अमित दास महंत के कब्जे से एक चोरी की हुई ट्रैक्टर की बैटरी जप्त किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस को मुखबिर से सूचना मिली कि कोड़ातराई का अमित दास महंत बैटरी चोरी कर घर में छुपा रखा है जिसे बेचने के लिए कुछ लोगों से मोलभाव भी किया है। चौकी प्रभारी द्वारा सहायक उप निरीक्षक विजय गोपाल को टाउन पेट्रोलिंग के साथ जाकर मुखबिर सूचना की तस्दीकी कर कार्यवाही का निर्देश दिए पेट्रोलिंग द्वारा संदेही के घर जाकर बैटरी चोरी कर छिपा कर रखने के संबंध में हिकमतअमली से पूछताछ किया गया जिस पर अमित दास महंत अपने गांव के तालाब के पास खड़ी ट्रैक्टर की बैटरी को चोरी कर घर में छिपाकर रखना बताया और घर से निकाल कर सामने लाया।

आरोपी अमित दास महंत से एक नग एक्साइज कंपनी का बैटरी कीमत करीब 9,000 की जप्ती कर आरोपी पर धारा 41(1़4) 379 की कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। चैकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बेस के निर्देशन पर कार्यवाही में आरक्षक बनारसी सिदार, जितेंद्र दुबे, सत्या यादव और विनय तिवारी की अहम भूमिका रही है।

# पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह आज करेंगे प्योर पेट्रोलियम केएसके का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह 27 जून को जांजगीर-चांपा जिले के बम्हनीनडीह के इंडियन ऑयल कंपनी के नव स्थापित प्योर पेट्रोलियम केएसके का उद्घाटन करेंगे, उपरोक्त संस्थान जांजगीर-चांपा जिला पंचायत के सदस्य,वन विभाग के सभापति एवं भाजपा के जांजगीर-चांपा जिले के कोषाध्यक्ष गगन जयपुरिया का नवीन प्रतिष्ठान है, एवं बम्हनीनडीह से सारागांव मार्ग पर उपरोक्त नवीन पेट्रोल पंप का शुभारंभ होगा एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह 27 जून को अपने प्रवास पर भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने जांजगीर पहुंचेंगे एवं वहां से शाम 4:50 बजे रवाना होकर 5:15 बजे पहुंचेंगे, वहीं नव स्थापित प्योर पेट्रोलियम केसके के विकास सिंघानिया एवं गगन जयपुरिया ने



बताया कि उपरोक्त उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह,जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के सांसद गुहाराम अजगळे, भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री एवं जांजगीर-चांपा के विधायक नारायण चंदेल, अकलतरा के विधायक सौरभ सिंह,भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के मंत्री ओ. पी चौधरी तथा भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा प्रमुख अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

# कटनी रेल मार्ग में ट्रेन की चपेट में आकर मादा तेंदुआ की मौत

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कटनी रेल मार्ग में खोंगसरा के समीप शुक्रवार की रात ट्रेन की चपेट में आकर एक मादा तेंदुआ की मौत हो गई है। . घटना बिलासपुर जिले के कोटा क्षेत्र के परियोजना मंडल, वन विकास निगम के टुलुप वन बीट में हुई है । ट्रेन की चपेट में आकर मादा तेंदुआ का शरीर दो हिस्सों में बंट गया है । वन विभाग के तीन डॉक्टरों की टीम बिलासपुर से शव का पोस्टमार्टम करने मौके पर रवाना हो गई है ।

बिलासपुर वन मंडल में डीएफओ कुमार निशांत ने बताया कि बिलासपुर-कटनी रेल मार्ग में खोंगसरा के समीप शुक्रवार की देर रात ट्रेन की चपेट में आकर एक मादा तेंदुआ की मौत हो गई है । हादसे में मादा तेंदुआ का शरीर दो हिस्सों में बंट गया है । घटना परियोजना मंडल, वन विकास निगम, कोटा के अंतर्गत टुलुप वन बीट की है ।घटनास्थल के समीप से ही अचानकमार टाइगर रिजर्व का बफर जोन शुरू हो जाता है । वन अधिकारी ने बताया कि हादसे की सूचना आज सुबह मिली है। वन विभाग का अमला मौके पर मौजूद है और बिलासपुर से तीन डॉक्टरों की टीम पोस्टमार्टम के लिए रवाना हो चुकी है । कोटा वन विकास निगम के एसडीओ, फारेस्ट ललित दुबे ने बताया कि मादा तेंदुआ का शव वन कर्मियों की निगरानी में है । तेंदुआ की उम्र अनुमानतः 10 वर्ष के आसपास होनी चाहिए ।विस्तृत विवरण पोस्टमार्टम के बाद ही दिया जा सकता है . वन अधिकारी ने हादसे को दुर्घटना मानते हुए किसी भी किस्म के शिकार की संभावना से इनकार किया है ।उन्होंने कहा कि बिलासपुर के वन क्षेत्र में तेज गति से रेल परिवहन के कारण वन्य जीवों के चपेट में आ जाने की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए वन विभाग शीघ्र ही रेल प्रशासन को एक पत्र प्रेषित करने जा रहा हैं ।पत्र में उल्लेख किया जायेगा कि क्षेत्र की रेल लाइन के दोनों तरफ घना जंगल है । स्वाभाविक रूप से यह वन्य जीवों के विचरण का इलाका है । वन्य जीवों की रक्षा की दृष्टि से इस क्षेत्र में रेल परिचालन, नियंत्रित गति से किया जाए ।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में हेल्थ चेकप डे मनाया गया



पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में शनिवार को सालाना हेल्थ चेकप डे मनाया गया । प्राचार्य श्वेता शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह से मेडिकल ऑफिसर डॉ सुरेश पटेल एवं डॉ गरिमा साहू तथा उनकी मेडिकल टीम स्कूल के 250 बच्चो का स्वास्थ परीक्षण किया प्राचार्य श्वेता शुक्ला ने कहा कि कुछ बीमारियों के लक्षण दिखाई नही देते लेकिन समय के साथ बढ़कर गंभीर बीमारी का रूप ले लेते है अतः समय समय पर अपने स्वस्थ की जांच होती रहनी चाहिए।प्राचार्य ने कहा है कि योगा ओर बेलेन्स डाइट को ध्यान रखना चाहिए। अभी बारिश का मौसम है ऐसे में इन्फेक्शन से बच्चो को बचना जरूरी है इसलिए हाथो पैरों की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। डॉ पटेल ने बच्चों को सड़क किनारे के स्ट्रीट फूड को इस मौसम में खाने से बचने के लिए कहा है ताकि टाई फाईएड तपेदिक जैसे रोगों से बचा जा सके। कार्यक्रम का संचालन श्वेता दयालानी ने किया ।आभार लोकेश देवांगन तथा स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकये उपस्थि थे।

# नाबालिक बालिका के साथ छेड़खानी करने वाले अभियुक्त को 3 वर्ष की कठोर कारावास की सजा

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

नाबालिक बालिका से छेड़खानी करने वाले आरोपी को फास्ट ट्रैक कोर्ट सक्ती के विशेष न्यायाधीश यशवंत सारथी ने 3 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है,विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो राकेश महंत के अनुसार सक्ती थाना क्षेत्र की नाबालिक किशोरी के दादा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी 14 साल की नाबालिक नातिन दिनांक 29.09.2021 को सुबह 9 बजे पास के गांव के स्कूल में पढ़ने गई थी स्कूल से छुट्टी उपरांत 14 वर्षीय नाबालिग बालिका जो कक्षा 9वी में पढ़ती थी अपनी सहेलियों के साथ पैदल अपने घर आ रही थी तभी अभियुक्त 4:00 बजे गांव के मोड के पास आया और नाबालिग किशोरी को बेज्जती करने की नियत से उसके हाथ बाह को पकड़ने लगा बीच-बचाव की कोशिश की तो पास के धान के खेत में धक्का देकर मारपीट किया जिससे नाबालिग किशोरी के गले चेहरे में चोट लगा है उक्त रिपोर्ट पर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 354 323 भारतीय दंड संहिता एवं 8 पोक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया,तथा संपूर्ण विवेचना उपरांत थाना शक्ति द्वारा अभियुक्त के खिलाफ अभियोग पत्र विशेष न्यायालय फास्ट ट्रेक कोर्ट शक्ति में पेश किया गया था जहां संपूर्ण विचारण उपरांत नाबालिग बालिका उसकी सहेलियों तथा स्वतंत्र साथियों के साक्ष्य से घटना दिनांक को जब नाबालिग बालिका अपनी सहेलियों के साथ स्कूल से वापस आ रही थी तब अभियुक्त ने उसका रास्ता रोका जिससे नाबालिग बालिका के सहेलियां भागने लगी और अभियुक्त अभियोक्त्री के हाथ बाह को पकड़ लिया और अभियोक्त्री भागने लगी तो उसे खेत की ओर ले जाकर उसके साथ बदतमीजी एवं छेड़छाड़ करते हुए उसके मुंह एवं गले को दबा दिया।

# संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं आमसभा 29 जून को रायगढ़ में

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं आम सभा का आयोजन 29 जून को होटल अंश इंटरनेशनल ढिमरापुर रोड रायगढ़ में रखा गया है, तथा उपरोक्त बैठक महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल की अध्यक्षता में होगी, संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर की 29 जून को आयोजित बैठक में महासभा के अंतर्गत संबंध सभाओं के पदाधिकारी एवं महासभा के सभी सम्मानित सदस्यों को बैठक में आमंत्रित किया गया है, साथ ही सुबह 10:15 बजे से 11:00 बजे तक आगंतुकों का पंजीयन एवं स्वल्पाहार, दोपहर 11:30 बजे से 1:45 बजे तक शपथ ग्रहण कार्यक्रम,दोपहर 1:45 बजे से 2:30 बजे तक लंच (दोपहर भोजन), दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आमसभा, खुला सत्र एवं शाम 4:30 बजे से 5:00 बजे तक हाई टी एवं समापन होगा,महासभा की इस बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा एवं कार्य योजना, आंचलिक परिचय सम्मेलन एवं मुख्य परिचय सम्मेलन के संबंध में चर्चा- परिचर्चा, स्वास्थ्य सेवा से संबंधित उपकरणों की खरीद एवं सेवा शुल्क पर चर्चा ,शिक्षा एवं चिकित्सा स्थायी कोष में वृद्धि पर चर्चा एवं निर्णय तथा अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से होंगे,उपरोक्त बैठक में संभागीय अग्रवाल महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष नागरमल अग्रवाल कोरबा, भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे एवं बैठक की तैयारियों को लेकर संभागीय अग्रवाल महासभा के महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर,कोषाध्यक्ष डॉ श्रीमती अनीता अग्रवाल बिलासपुर एवं कार्यालय मंत्री दिलीप अग्रवाल बिलासपुर प्रमुख रूप से जुटे हुए हैं, साथ ही नवीन कार्यकारिणी के होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सभाओं में भी काफी उत्साह देखा जा रहा हैं।

## सीएमएचओ डॉ. प्रमोद महाजन को हटाने के पीछे किनका है हाथ ?

**बिलासपुर।** सी एम एच ओ डा प्रमोद महाजन आखिरकार हटा दिए गए ।बड़ा सवाल यह है कि डॉक्टर महाजन से कौन लोग रूष्ट थे और किसकी दुकानदारी बंद हो गई थी? डॉ प्रमोद महाजन अब सिर्फ संयुक्त संचालक स्वास्थ्य का काम देखेंगे ।कभी गुरु चेला के रूप में स्वास्थ्य विभाग में चर्चित दो बंदे जिनको डॉ प्रमोद महाजन ने तबादले के बाद तत्काल रतन पुर और जिला चिकित्सालय के लिए रिलीव किया था यह दोनों बंदे जिन पर कई तरह के गंभीर आरोप भी रहे है और इसी के चलते इन दोनो गुरु चेले का तबादला भी हुआ था के बारे में इस बात की काफी चर्चा है कि इन दोनों ने ही मिलकर ऐसा ऐसा चक्कर चलाया कि डॉ प्रमोद महाजन की जगह डॉ अनिल श्रीवास्तव को सीएमएचओ का प्रभार मिल गया।

# इंदिरा गांधी के आपात काल को बीजेपी ने किया याद बरसी को बीजेपी काला दिवस के रूप में मना रही है

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला भाजपा कार्यालय जशपुर में बिलासपुर संभाग के संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार के मुख्य आतिथ्य में एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, जिला भाजपा अध्यक्ष रोहित साय की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई जिसमें आपातकाल की बरसी को काला दिवस के रूप में मनाया गया। बैठक को बिलासपुर संभाग के संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने संबोधित करते हुए कहा कि आज की आज़ादी हमने कांग्रेस से लड़ कर पायी है। हम सब जानते है कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तब के प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन आपातकाल लगा दिया था। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे अलोकतांत्रिक काल था। आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई। लोकनायकजयप्रकाश नारायण ने इसे भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि कहा था।




आपातकाल की घोषणा होते ही स्वयंसेवकों और तमाम गैर कांग्रेसी नेताओं की गिरफ्तारी शुरू हो गयी। उन पर प्रताड़नाओं का सिलसिला सा चल पड़ा। देश भर से लाखों लोग सत्याग्रह करके जेल गए और लाखों लोगो को गिरफ्तार किया गया। लोकनायक जयप्रकाश नारायण, मोरारजी भाई देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, के. आर. मलकानी, अरुण जेटली, जॉर्ज फर्नांडिस, नीतीश कुमार, सुशील मोदी, रामविलास पासवान, शरद यादव, रामबहादुर राय समेत हज़ारो लोग गिरफ्तार कर लिए गए थे। अभी के छत्तीसगढ़ में वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने जी भाईयो समेत जेल में थे। स्व बद्रीधर दीवान जी समेत सैंकड़ो लोगो पर आपातकाल का कहर किस हद तक टूटा था, यह आज इतिहास ही है। उस समय जितने लोहा को गिरफ्तार किया गया था, उन्हें यह भी नही पता था की आपातकाल कब हटेगा और वो कब रिहा होंगे। दशको से हमे 'सेक्युलजीम और सोशिलज्म' जैसे शब्दों से डराने की कोशिश की जाती है। जबकि तथ्य यह है की ये दोनों शब्द आपातकाल से पहले हमारे संविधान का हिस्सा थे ही नहीं। आपातकाल में जब सारी ताकतें केवल एक व्यक्ति केन्द्रित कर दी गयी थी। राष्ट्रपति, न्यायपालिका, संसद समेत सभी संवैधानिक निकाय निष्प्रभावी कर दिए गए थे। तब 'पंथनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' इन दोनो शब्दों को संविधान के प्रस्तावना में चुपके से डाल दीए गए थे। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक भरत साय, पूर्व विधायक राजशरण भगत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदे, जिला भाजपा महामंत्री द्वय ओम प्रकाश सिन्हा, सुनील गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भरत सिंह, जिला मंत्री देवधन नायक एवं सुनील अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, गोपाल राय, विजय आदित्य सिंह जूदेव, गोविंद राम भगत, सालिक साय, संतोष सिंह, रजनी प्रधान, अनिता सिंह, शांति भगत, राजकपूर भगत, शारदा प्रधान, मुनेश्वर केसर, नितिन राय, संतोष सहाय, कपिलेश्वर सिंह, कपिल साय, सुनील राय, तुलाधार यादव, शरद चौरसिया, विजय सहाय, विनोद निकुंज, मैनेजर राम, अरविंद भगत, टुन्नू सोनी, नीतू गुप्ता, एंजेला खेस, पिंकी लकड़ा, मुन्नी गुप्ता, दीपक गुप्ता, रविन्द्र पाठक, गणेश साहू, अमित साय, निखिल गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, राहुल गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, राजा सोनी, दीपू मिश्रा, कृष्णा गुप्ता, रुद्रेश्वर यादव, आशु राय, बेंजामिन कुजूर एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फ़ैज़ान सरवर खान ने दी।

# ग्राम नगबेलडीह में 20 से अधिक ग्रामीण हुए फूड प्वाइजनिंग के शिकार



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

गुरुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत करेंझर के आश्रित वन ग्राम नगबेलडीह में 20 से अधिक ग्रामीण फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए हैं। बताया जा रहा है कि 23 जून की रात गांव में आयोजित एक मृत्यु भोज कार्यक्रम में गांव के 81 लोग शामिल हुए थे। जहां देर रात खाना खाने के बाद 20 से अधिक ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ गई। जिसमें 6 ग्रामीणों को गंभीर हालत में गुरुर एवं पुरुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया हैं। जहां उनका इलाज जारी हैं। गुरुर के स्वास्थ्य केंद्र में रामलाल पिता पलटन (50वर्ष), सुखलाल पिता रामलाल (35वर्ष) एवं सुखबती पति श्रीराम (65वर्ष) और पुरुर स्वास्थ्य केंद्र में किशन राम (57वर्ष), कीर्ति (12वर्ष) एवं सुरजोतिन सोरी (21वर्ष) को रेफर किया गया है। बाकियों की स्तिथि सामान्य बताई जा रही हैं। वही गांव में स्वास्थ्य विभाग ने अस्थाई कैंप लगाया हैं। प्रशासन द्वारा गांव में मुनादी की जा रही हैं। पानी को उबाल कर और ओआरएस घोल पीने की सलाह दी जा रही हैं।

मृत्यु भोज में शामिल हुए अन्य ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा हैं। वही मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा ने भी स्वास्थ्य विभाग को ग्रामीणों का समुचित इलाज़ करने की बात कही है।

# संगठन चुनाव और कांग्रेस की वर्तमान स्थिति दशा एवं दिशा के संबंध में गहन चर्चा की गई

**मुंगेली।** कमल टाकीज़ प्रांगण में दीपक गुप्ता जिला स.महामंत्री के नेतृत्व में आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें



आने वाले समय मे संगठन चुनाव और कांग्रेस की वर्तमान स्थिति दशा एवं दिशा के संबंध में गहन चर्चा की गई और यह संकल्प लिया गया कि एकजुट होकर पार्टी की मजबूती के लिए काम किया जाएगा और हर हाल में 10 दिनों के भीतर इस तरह का बैठक किया जाएगा। बैठक में उपस्थित प्रभु मल्लाह सदस्य छत्तीसगढ़ मछुवा कल्याण बोर्ड, संजय सिंह पार्षद, राहुल कुर्रे पार्षद, जित्तू श्रीवास्तव उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस, देवेन्द्र वैष्णव, राहुल रुपवानी, आयुष शुक्ला, असद खोखर, राम तलरेजा, एहशान अली खान, संजय दुबे, हारून तंवर, हर्ष यादव, रवि यादव, ललित जायसवाल, आशिफखान, राजा माणिक, आरिफ खोखर एल्डरमेन, सूरज यादव, दुर्गेश यादव, रूपेश यादव, नेतराम निषाद, गोलू ठाकुर, पुरुषोत्तम पटेल, राकेश सोनी, गोकुल देवांगन, दीपक देवांगन, आदि लोग उपस्थित रहे।

# नए कम्प्यूटर का इंस्टालेशन पर विक्रम शाह का आभार व्यक्त किया



**कुम्हारी।** 26 जून दिन रविवार को दोपहर 2:10 बजे नए कम्प्यूटर का इंस्टालेशन किया गया। इस शुभ अवसर पर प्रेस क्लब ऑफकुम्हारी के अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी जीतेन्द्र कुशवाहा को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए आभार व्यक्त किया।

# कोतवाली मुंगेली पुलिस की त्वरित कार्यवाही दुष्कर्म का आरोपी 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार

**मुंगेली।** कोतवाली मुंगेली पुलिस की त्वरित कार्यवाही दुष्कर्म का आरोपी 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी



के अनुसार 24 जून को पीडिता ने थाना सिटी कोतवाली मुंगेली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें आरोपी कमल मरकाम निवासी ग्राम-मदकूदीप, थाना- सरगांव जिला मुंगेली के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर विगत 02 वर्षो से लगातार दुष्कर्म किया है ,, जिस पर कोतवाली पुलिस ने धारा 376 के तहत मामला दर्ज कर 25 जून को आरोपी कमल मरकाम उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम मदकूदीप थाना सरगांव को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक केसर पराग, उप निरीक्षक आलोक सुबोध आरक्षक योगेश यादव, केशवध्रुव, मुकेशठाकुर, दुर्गेशयादव, राहुलयादव, भलेश्वर जायसवाल, अतुल ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

# अग्निपथ योजना देश के नौजवानों के भविष्य के साथ सरासर खिलवाड़

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार के द्वारा लागू की जा रही अग्निपथ योजना देश के नौजवानों के भविष्य के साथ सरासर खिलवाड़ है। इसका विरोध कांग्रेस पुरजोर तरीके से कर रही है देश की राजधानी के जंतर मंतर में अग्निपथ के खिलाफ सत्याग्रह किया गया। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर समस्त विधानसभा स्तर में भी सत्याग्रह का आयोजन कांग्रेस के द्वारा किया जा रहा है। बालोद जिला के गुंडरदेही विधानसभा में विधायक कुंवर सिंह निषाद जी के नेतृत्व में अर्जुंदा के दाऊ चौक में सत्याग्रह किया जा रहा है ,वही संगीता सिन्हा विधायक संजारी बालोद के नेतृत्व में बालोंद के कांग्रेस भवन के समीप सत्याग्रह किया जाना है इसी तरह डौंडीलोहारा विधानसभा में क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया जी के नेतृत्व में डौंडीलोहारा में सत्याग्रह का आयोजन किया गया है। इस शांतिपूर्ण सत्याग्रह आयोजन में देश के नौजवानों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ का पुरजोर विरोध किया जाएगा, केंद्र की सरकार हमेशा वन रैंक वन पेंशन की बात कहती रही है। लेकिन वर्तमान में यही केंद्र की सरकार सेना में नो रैंक नो पेंशन जैसी अग्निपथ योजना लेकर आई है जो सेना का भी अपमान है नौजवानों का अपमान है ऐसी योजना के विरोध के लिए ही बालोद जिले के तीनों विधानसभा में सत्याग्रह का आयोजन 27 जून 2022 को किया गया है इस आयोजन में प्रत्येक विधानसभा स्तर पर रहने वाले वरिष्ठ कांग्रेस जन, युवा कांग्रेसी, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी ,जोन सेक्टर एवं बूथ के पदाधिकारी पंचायती राज के प्रतिनिधि , नगरीय निकाय के प्रतिनिधि एवं समस्त मोर्चा संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेश कमेटी के महामंत्री रतीराम कोसमा ने दी।

# बोड़ला में संगीत महाविद्यालय का अध्यक्ष सावित्री रामचरण साहू ने किया शुभारंभ




**बोड़ला।** संगीत प्रेमियों के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी के साथ-साथ संगीत शिक्षा जगत में नई क्रांति की शुरुआत नगर की जनताओं के लिये हो गया। बोड़ला नगर में विशाल संगीत महाविद्यालय की स्थापना आज की गई है जिसका शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सावित्री रामचरण साहू अध्यक्ष नगर पंचायत बोड़ला के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। समूचे बोड़ला क्षेत्र वासियों के लिए सुनहरा अवसर संगीत शिक्षा मंडल मुंबई मिरज से मान्यता प्राप्त शास्त्री गायन, सुगम संगीत, तबला, पखावज, नाल, ढोलक, बाँसुरी, सितार, गिटार, कैसियो आदि सभी प्रकार के वाद्य यंत्रों की थ्योरी एवं प्रैक्टिकल सहित प्रमाणित कला गुरुओं के द्वारा संगीत शिक्षा दिया जाएगा। संगीत शिक्षा मंडल मुंबई द्वारा प्रारंभिक से बी.ए. एवं एम. म्यूज तक परीक्षा की सुविधा होगी जिसका लाभ सभी क्षेत्रवासी को मिलेगा। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि रामचरण साहू, पार्षद अर्जुन पटेल, विसर्जन धुर्वे, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र खरे, पार्षद प्रतिनिधि पूरन मानिकपुरी, एल्डरमैन दीपक माग्रे एवं कांग्रेश पार्टी के वरिष्ठ जन संगीत महाविद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित थे।

# आदिवासी महिला को झांसे में रख जमीन बेचने ले लिए लाखों रुपये, पता चला कि जमीन शासकीय है तो महिला को थमा दिया फर्जी चेक

पायनियर संवाददाता ◄ पत्थलगांव
www.dailypioneer.com

पत्थलगांव जामजुनवानी (नरवाटिकरा) की महिला सरिता एक्का से शासकीय जमीन को अपना जमीन बताकर बेचने के नाम पर पैसे लेकर बाद में महिला को सच्चाई पता चलने पर पैसे वापस करने की मांग की गई तो फर्जी चेक थमा देने के मामले में पत्थलगांव पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ ठगी का मामला कायम किया है, मिली जानकारी के मुताबिक जामजुनवानी (नरवाटिकरा) की महिला सरिता एक्का पति राजाराम एक्का ने पत्थलगांव थाने में शिकायत प्रस्तुत किया कि शैलेष भगत, रामनारायण ठाकुर एवं डिलेश्वर प्रसाद यादव द्वारा माह मार्च 2022 में फुलेता चौक के जमीन को बिक्री करने के नाम से 5 लाख 30 हजार रूपये प्राप्त करने के बाद, उक्त जमीन शासकीय जमीन होने की जानकारी मिलने पर रकम वापस मांगने पर रकम वापस न कर दूसरे व्यक्ति के नाम का चेक देकर धोखाधड़ी किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि मार्च 2022 में रामनारायण ठाकुर निवासी खारढोढी अपने साथी शैलेश भगत एवं डिलेश्वर यादव के साथ उसके घर पहुंच कर बोले कि शैलेष भगत का लड़का का रायपुर अस्पताल में ब्रैन का अपरेशन कराना है इसलिए पैसे की आवश्यकता है, इसलिये शैलेष भगत का फुलेता चौक में 40 डिसमील जमीन है, उसे खरीद लो उसके बाद तीनों मिलकर जमीन दिखाये, महिला ने पांच लाख तीस हजार रूपये गवाह दिलीप एक्का एवं रकबल एक्का ग्राम- जामजुनवानी (नरवाटिकरा) के सामने देकर खरीदी बिक्री सम्बन्धी स्टांप पेपर में लिखवा लिया। फिर महिला जब उक्त जमीन को रजिस्ट्री करने बोली तो उनके द्वारा टाल मटोल करने पर महिला द्वारा शंका होने पर दिखाये गये जमीन के आस- पास के लोगों तथा सरपंच महेश से जानकारी लेने पर पता चला कि वह शासकीय जमीन है तब महिला द्वारा उन लोगों से पैसा वापस करने का दवाब बनाने पर शैलेष भगत द्वारा 5 लाख 10 हजार रूपये का फर्जी चेक थमा दिया गया खाते में चेक को जमा करने पर चेक बाउंस होने के साथ साथ चेक किसी अन्य व्यक्ति जोसेफ कुजूर के नाम से होना और चेक में डाले गये खाता क्रमांक शैलेष भगत का होने की जानकारी मिली।

# आनलाइन पढ़ाई में हुई कमी अब आफलाइन में दूर करे : रामदास वैष्णव



**जांजगीर-चांपा।** बम्हनीडीह विकास खण्ड के ग्राम पुछेली मे शासकीय हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं को तिलक लगा मुंह मीठा करा कर पुस्तक प्रदान कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया साथ ही साथ इस उत्सव में विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। सर्वप्रथम आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। पुछेली हाईस्कूल के प्राचार्य मीनाक्षी मानासर ने अभिभावकों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने और शिक्षकों से लगातार संपर्क बनाए रखने को कहा शाला के बच्चों द्वारा कई उत्कृष्ट कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जनरल नॉलेज से संबंधित प्रश्न उत्तर भी किए गए। इस मौके पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामदास वैष्णव ने कहा की इन 2 वर्षों में ऑनलाइन क्लासेस से बच्चों के मानसिक स्तर पर जो प्रभाव पड़ा उस से ऊपर उठकर अब ऑफलाइन में उन कमियों को दूर करना है। जहां पुछेली सरपंच बेदीन बाई चौहान, जनपद सदस्य बुंदकुंवर कंवर, रामाधार जायसवाल संतोष जायसवाल जनविजय कंवर संहित अनेक ग्रामीण जन एवं छात्र छात्राएं उपस्थित होकर प्रवेश उत्सव को सफल बनाएं।

# विधायक कमरो की पहल पर पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण हेतु 6 करोड़ मंजूर

## पूंजी से छिरहाटोला मार्ग बनने से कई गाँवों की हजारों की आबादी होगी लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो की पहल पर राज्य सरकार द्वारा द्वारा वर्ष 2021-22 के बजट में शामिल भरतपुर- सोनहत विधानसभा क्षेत्रांतर्गत पूंजी से छिरहाटोला मार्ग लंबाई 4.75 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य के लिए 5 करोड़ 99 लाख 91 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। बहुप्रतीक्षित विकास कार्य हेतु राशि मंजूर किए जाने पर विधायक ने क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं लोनिवि मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि करोड़ों की लागत से ग्राम पंचायत पूंजी के बादाम नाला होकर आश्रित ग्राम छिरहाटोला पहुंच मार्ग बनने से ज्वारीटोला, कर्री, चिड़ौला एवं माड़ीसरई गाँव के करीब 10 हजार आबादी को इसका फायदा होगा एवं सभी गाँव मुख्य धारा से जुड़ेंगे तथा पुल और सड़क क्षेत्र के लिए आने वाले समय में लाइफलाइन होगा। बता दें कि 3 दिन पहले ही विधायक कमरो की पहल पर प्रदेश सरकार ने ग्राम घाघरा से लावाहोरी मार्ग पर रांपा नदी में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंचविहीन मार्ग निर्माण कार्य हेतु 4 करोड़ 85 लाख 36 हजार रूपए मंजूर किए हैं। यहां रांपा नदी पर पुल बनने से 10 गांव की करीब 10 हजार की आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी। ग्राम घाघरा, लावाहोरी, ठोरगी, खोहरा, सरगुजिहा पाठ, कुदरा, ढाब, कोरमा, कटरंगी एवं दुलारी ग्राम के ग्रामीणों को सीधे तौर पर उक्त पुल निर्माण का लाभ मिलेगा। विधायक गुलाब कमरो के द्वारा लगातार मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का मोहताज विधानसभा क्षेत्र भरतपुर-सोनहत आज विकास के मामले में शिखर पर पहुंच रहा है।

## सरकार ने किया वर्षों पुराना सपना साकार

विधानसभा क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों के लिए राज्य शासन से करोड़ों रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दिलाने वाले क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो कहते हैं कि उनके विधानसभा क्षेत्र में भरतपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में जहां सड़क और पुल-पुलिया नहीं होने की वजह से आसानी से लोगों का पहुंचना नामुमकिन था और पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में पूरी तरह से अनदेखी की, वहां हमारी सरकार हर बुनियादी सुविधा पहुंचाने दिन-रात एक किए हुए है। विधायक ने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र की जीवन रेखा होती है। इसके बनने से जहां लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलती है वहीं शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं भी तेजी से विकसित होती हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार ग्राम पूंजी से छिरहाटोला मार्ग के लिए राशि मंजूर कर प्रदेश की संवेदनशील भूपेश सरकार ने हजारों ग्रामीणों के वर्षों पुराने सपने को साकार किया है।

# हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

हत्या के आरोप में दोष सिद्ध पाए जाने पर प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रबोध टोप्पो ने लालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हरना चाका निवासी खोरबहरा उर्फ महेतरु सिंह राजपूत उम्र 55 वर्ष और संजय सिंह राजपूत उम्र 19 वर्ष को आजीवन कारावास व एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर अभियुक्त को तीन माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। अभियोजन के अनुसार दिनांक 06. 07.2020 को रात्रि करीबन 08.00 बजे प्रार्थी बलदेव सिंह राजपूत खाना खाकर सो गया था, रात्रि करीबन 10. 00 बजे पेशाब करने के लिये उठकर घर के बाहर पेशाब कर रहा था, उसी समय सामुदायिक भवन से उनका भाई कैलाश सिंह राजपूत (मृतक) के द्वारा बचाव बचाव की आवाज आई, तब प्रार्थी बलदेव राजपूत आवाज सुनकर सामुदायिक भवन की ओर दौड़ते हुये गया, तो देखा कि सामुदायिक भवन के अंदर से आरोपी




खोरबहरा उर्फ मेहतरू सिंह राजपूत, संजय उर्फ फेसा सिंह राजपूत, रामसिंह, हेमंत सिंह सहित अन्य लोग तब्बल, छुरी, लाठी हाथ में लिये हुये प्रार्थी को देखकर भागने लगे। प्रार्थी दौड़कर पकड़ने की कोशिश किया किंतु व भाग गये जब प्रार्थी सामुदायिक भवन के अंदर जाकर देखा तो उसका भाई कैलाश पलंग में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था और गर्दन अधकटा पलंग के नीचे लटका हुआ था। प्रार्थी ने घटना देखकर तत्काल अपने घर गया और अपने भाई रोहन सिंह, गोविंद सिंह, भतीजा उमाशंकर सिंह को घटना के संबंध में बताया। गवाह बलदेव के अनुसार आरोपी गण पुरानी रंजिश को लेकर उसके भाई कैलाश की हत्या किये हैं। प्रार्थी बलदेव राजपूत की सूचना पर आरक्षी केन्द्र लालपुर में बिना नम्बरी देहाती मर्ग इंटीमेशन दर्ज कर जांच म लिया गया। आरक्षी केन्द्र लालपुर में प्रार्थी के बताए अनुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना म लिया गया। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने पुलिस के समक्ष जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों की निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त हथियारों को बरामद किया गया। जांच, विवेचना उपरांत लालपुर थाना प्रभारी द्वारा 4 आरोपियों खोरबहरा राजपूत, संजय सिंह राजपूत, रामसिंह और हेमंत सिंह के खिलाफ अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय में पेश किया गया। उक्त मामले का विचारण प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायालय मुंगेली में किया गया। जहां अतिरिक्त लोक अभियोजक स्वतंत्र तिवारी द्वारा 11 अभियोजन साक्षियों का कथन न्यायालय के समक्ष कराया गया, जिसमें मुख्य गवाहों ने आरोपियों द्वारा घटना कारित करने के संबंध में अपना कथन न्यायालय के समक्ष किया।

# बारिश के दिनों में घरों और आसपास निकलने वाले सर्प के रेस्क्यू के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**मुंगेली।** कलेक्टर डॉ. गौरवकुमार सिंह के निर्देश पर जिले में बारिश के दिनों में घरों और आसपास निकलने वाले सर्प के रेस्क्यू के लिए वनविभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जिसमे कॉल कर सर्प के रेस्क्यू के लिए त्वरित जानकारी दे सकते हैं। जिला वनमंडलाधिकारी ने बताया कि मुंगेली रेंज में घरों और आसपास निकलने वाले सर्प के रेस्क्यू हेतु जानकारी देने के लिए रेंज ऑफिसर और डिप्टी रेंज ऑफिसर के मोबाइल नंबर 6265196033, 7987660642 पर संपर्क कर सकते हैं। इसी प्रकार पथरिया रेंज के लिए रेंज ऑफिसर और डिप्टी रेंज ऑफिसर के मोबाइल नंबर 6265196033, 7002428771, लोरमी रेंज के लिए रेंज ऑफिसर और डिप्टीरेंज ऑफिसर के मोबाइल नंबर 7441144540, 9669049793 और खुड़िया रेंज के लिए रेंज ऑफिसर और डिप्टी रेंज ऑफिसर के मोबाइल नंबर 7000625744, 7697610935 पर संपर्क कर सकते हैं।

**न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र. क्र./अ/6/2021-22
ग्राम- असौदा, प.ह.नं. 41

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक श्री सेवक राम कुर्रे पिता झंगलू जाति सतनामी निवासी असौंदा के द्वारा आवेदन के साथ दस्तावेज प्रस्तुत कर ग्राम असौंदा, प.ह.नं. 41, रा.नि.मं. बंगोली तह खरोरा, जिला रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 26/2, 28, 269/2 का रकबा क्रमशः 0.463, 0.279, 0.210 हे. कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.952 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में विश्णु मोहन पिता भकला, रेशम बाई पति भकला बिरीज बाई प्रेमबाई दोनो पिता जगनाथी, तोरण तरूण सरिता, पार्वती ना.बा. ब्रिजेश ना.बा. पदमा सभी पिता कृष्णा कुमार के नाम पर भाामिल खाता में दर्ज है। उक्त भूमि से संबंधित सहखातेदार बिरीज बाई पिता जगनाथी की मृत्यु दिनांक 23/01/2009 को हो जाने के कारण मृतक खातेदार का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर उनके विधिक वारिसान का नाम दर्ज कर शेष खातेदार का नाम यथावत रखे जाने कि मांग किया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 27/06/2022 को न्यायलयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
खरोरा

**न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र. क्र./............./अ-6/2021-22
ग्राम- बेल्दारसिवनी 43

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सालिकराम बेल्दार पिता स्व. गोकुल प्रसाद बेल्दार निवासी ग्राम बेल्दारसिवनी प.ह.न. 43 रा.नि.म. खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 86/3 का रकबा 0.032 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में गजरा बाई पिता गंगाराम के नाम पर दर्ज हैं। बाद भूमि से खातेदार की दिनांक 03.05.2013 को फौत हो जाने से फौती नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 28/06/2022 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
खरोरा
जिला रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, बोडला जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./202205080200004/
अ-21 वर्ष 2021-2022

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवार सिंह पिता मंगल सिंह निवासी लब्दा, तहसील बोड़ला द्वारा अपनी निजी भूमि ग्राम तरेगांव मैदान, तहसील बोडला के ख.नं. 169/13, 169/20. 234/13 रकबा क्रमशः 0.202, 0.162, 0162 हे. भूमि को गैर आदिवासी मंदाकिनी वर्मा, लक्ष्मनी वर्मा निवासी तरेगांव मैदान, तहसील- बोडला को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 07.07.2022 तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/06/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 22/06/22
पेशी दिनांक- 07/07/22

मुहर
तहसीलदार
बोड़ला

# पन्द्रहवें वित्त का भुगतान नहीं होने से सरपंचों की मुश्किलें बढ़ी

## दुकानदार ब्याज सहित राशि के लिए सरपंचों पर बना रहे दबाव

पायनियर संवाददाता ◀ खैरागढ़
www.dailypioneer.com




जनपद पंचायत खैरागढ़ के अंतर्गत आने वाले 114 ग्राम पंचायतों में लगभग चार माह से पन्द्रहवें वित्त योजना के अंतर्गत टाइड एवं अनटाइड फंड से कराए गए कार्यो के सम्बन्धित मटेरियल सप्लायर सहित दुकानदार को ऑनलाइन पेमेंट नही होने से सरपंचो की स्थिति दयनीय हो गई है। साथ ही दुकानदार सरपंचो से ब्याज सहित राशि देने के लिए दबाव बना रहे हैं।

बता दें कि खैरागढ़ जनपद पंचायत के अंतर्गत सरपंचो ने पन्द्रहवें वित्त योजना के ग्राम पंचायत स्तर, जनपद पंचायत स्तर सहित जिला पंचायत के अंतर्गत विभिन्न कार्य सम्पादित किये हैं। मूल्यांकन सत्यापन महीने भर से अधिक समय हो जाने के बाद भी पेमेंट नही होने से सरपंचो की बदहाल स्थिति हो गई है। गौरतलब है कि सरकार ने पूरी पारदर्शिता रखने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों के कोई भी कार्यो को सरपंच-सचिव मिलकर शासन को चुना न लगा सकेइस उद्देश्य से पिछले 3 वर्षो से ऑनलाइन पद्धति से सम्बन्धित दुकानदार को कार्य या सामान के एवज में राशि का भुगतान जनपद पंचायत से सरपंच-सचिव के डिजिटल सिग्नेचर से ऑनलाइन किया जाता है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार खैरागढ़ जनपद पंचायत के पन्द्रहवें वित्त योजना का पेमेंट छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक से किया जाता है। लेकिन जब से बैंक के आईएफएससी कोड चेंज हुआ है तब से ऑनलाइन पेमेंट नही होने से सरपंचो को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर ग्रामीण बैंक प्रबंधन के सुस्त रवैये के चलते ऑनलाइन पेमेंट मोड में आ रही दिक्कतों को अभी तक सुधारा नहीं जा सका है जिसके चलते भुगतान प्रक्रिया पर रोक लगी हुई है।

> पन्द्रहवें वित्त योजना के तहत ग्रामीण बैंक से पेमेंट किया जाता है। लेकिन बैंक प्रबंधन के द्वारा टेक्निकल प्राब्लम को सुधारने में देरी की जा रही है।जैसे ही बैंक द्वारा टेक्निकल प्राब्लम को ठीक किया जाएगा उसके बाद ग्राम पंचायतों का सम्बन्धित वेंडरों को भुगतान प्रारम्भ हो जाएगा।
>
> **-तरुण कुमार देशमुख,** सीईओ जनपद पंचायत खैरागढ़

## जिले में पहुंचा 2300 मीट्रिक टन डीएपी का रेक, कम होगी किल्लत

**राजनांदगांव।** जिले के किसान खेत की तैयारी में लग चुके हैं, जिसको देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा कृषकों को खाद एवं बीज उपलब्ध कराने लगातार समन्वय कर समितियों तक खाद व बीज का भंडारण किया जा रहा है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कृषि एवं अन्य संबंद्ध विभागों को आपस में समन्वय करते हुए खाद की आपूर्ति के लिए लगातार कार्य करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिले में लगातार डीएपी, पोटाश व अन्य उर्वरकों की रेक भी लग रही है। अब तक सहकारी समितियों में उर्वरकों के लक्ष्य 65000 मीट्रिक टन के विरूद्ध लगभग 43000 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया जा चुका है। साथ ही 33924 मीट्रिक टन खाद सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को वितरण किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि गतवर्ष इसी अवधि में समितियों में 41240 मीट्रिक टन खाद का भंडारण कर मात्र 29953 मीट्रिक टन खाद का ही उठाव हो पाया था। वर्तमान में 9000 मीट्रिक टन खाद अभी भी समितियों में वितरण हेतु शेष है। जिसमें यूरिया 27700 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरूद्ध 26999 मीट्रिक टन भंडारण एवं 4252 मीट्रिक टन समितियों में शेष, एसएसपी 11400 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरूद्ध 7315 मीट्रिक टन भंडारण व 1830 मीट्रिक टन समितियों में शेष, डीएपी 17700 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरूद्ध 6021 मीट्रिक टन का भंडारण किया जा चुका है। साथ ही 2300 मीट्रिक टन डीएपी की रेक जिले में पहुंच चुकी है, जिसे तत्काल समितियों में भंडारण करने का कार्य जारी है। इस प्रकार जिले में 8381 मीट्रिक टन डीएपी का भंडारण है व 2111 मीट्रिक टन डीएपी समितियों में शेष है। इसके अलावा एमओपी 5000 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरूद्ध 2587 मीट्रिक टन भंडारण व 813 मीट्रिक टन शेष तथा एनपीके व अन्य खाद भी पर्याप्त मात्रा में समितियों में उपलब्ध है। निजी विक्रय केन्द्रों में उपलब्ध खाद निर्धारित दर पर ही विक्रय किया जाना है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने निजी विक्रय केन्द्रों को सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी किसान को अधिक दर पर खाद वितरण न किया जाये। खाद के कालाबाजारी की शिकायत पाये जाने की स्थिति में संबंधित का विक्रय परिसर सील कर खाद जप्ती व उर्वरक अधिनियम 1985 के विभिन्न धाराओं के अधीन कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा एक जुलाई को, तैयारियां जारी

■ श्रद्धालु भक्त, माता - बहने अपने हाथों से खींचेंगे रथ

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को बड़ी श्रद्धा, भक्ति के साथ धूमधाम से निकाली जाती हैं। पारंपरिक भव्य रथ में भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र जी एवम बहन सुभद्रा के साथ विराजमान होकर अपने मंदिर से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए अपने भक्तों को दर्शन देते है। इस वर्ष 1 जुलाई को नगर के गांधी चौक स्थित प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर से भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। जिसकी व्यापक तैयारियां जोरों से चल रही है।

श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रमुख एवम रथयात्रा आयोजन समिति के प्रमुख महेश शर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार संस्कारधानी नगरी में पिछले आठ दशक से भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा धूमधाम से निकाली जा रही है। इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने अनेक धर्म प्रेमी भक्त दिनरात जुटे हुए हैं। पारंपरिक रथ को गांधी चौक स्थित मंदिर के समक्ष भव्यता प्रदान करते हुए सजाया जा रहा है।

श्री शर्मा ने जानकारी दी है कि आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को सुबह भगवान का विशेष पूजन इत्यादि किया जाएगा। दोपहर 2 बजे भगवान जगन्नाथ , बड़े भाई बलभद्र एवम बहन सुभद्रा के साथ सुदर्शन चक्र को मंदिर से निकालकर भव्य रथ में विराजमान किया जाएगा। आरती पश्चात भक्तों द्वारा अपने प्रभु के रथ की रस्सी को अपने हाथों से खींचकर नगर के विभिन्न मार्गो से नगर भ्रमण कराया जायेगा।

भजन सत्संग करते हुए गाजे बाजे के साथ जय घोष की गूंज के साथ रथयात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए जुनी हटरी स्थित श्री रामजानकी मंदिर पहुंचेगी , यहां प्रभु का सनातन संस्कृति के अनुसार पारंपरिक स्वागत किया जायेगा एवम इसी मंदिर में भगवान जगन्नाथ अपने भाई एवम बहन के साथ आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक विराजेंगे। श्री रामजानकी मंदिर के द्वार पर 10 दिनों तक रथ खड़ा रहेगा। आषाढ़ शुक्ल एकादशी को भगवान जगन्नाथ , बड़े भाई बलभद्र एवम बहन सुभद्रा के साथ रथ में विराजमान होकर गाजे बाजे के साथ वापस अपने मंदिर आयेंगे।

# नपं अध्यक्ष को मिली नोटिस की मियाद खत्म, संगठन का फैसला बाकी

■ सार्वजनिक बयानबाजी पर की गई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव और उसकी सलाह की खिलाफत करने पर छुरिया नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा को नोटिस थमाया गया है। उनके साथ ही कांग्रेसी पार्षद पर बैठक में हंगामा करने के मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई को लेकर नोटिस थमाई गई है। रविवार को इस नोटिस का जवाब देने की मियाद खत्म हो गई है।

नगर पंचायत के अधीन मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत आबंटित दुकानों में हुए कथित हेरफेर और लेनदेन के आरोप लगने से नगर पंचायत में सत्तारूढ़ कांग्रेस की काफी किरकिरी हो रही है। नपं अध्यक्ष और दोनों ही दलों के पार्षदों की मिलीभगत के चलते प्रभावितों को दुकानें आबंटित नहीं हो सकी है। मामला हाईकोर्ट तक पहुंच चुका है।

21 जून को इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई थी। नपं अध्यक्ष और कांग्रेस पार्षद इसमें शामिल नहीं हुए थे। बैठक में कुल 72 प्रभावित दुकानदारों की सूची को सामने रखते हुए उन्हें ही दुकानें आबंटित किए जाने पर चर्चा हुई थी। ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन ने जिले एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सभी प्रभावितों को दुकान देने का प्रस्ताव रखा। इस पर सहमति बनी कि नगर पंचायत अध्यक्ष को प्रस्ताव के तहत कार्य करने निर्देशित किया जाएगा।

बैठक में हुए निर्णय को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने सार्वजनिक रूप से संगठन के सलाह को मानने से इन्कार कर दिया। वहीं उन्होंने संगठन द्वारा बनाई गई सूची को दरकिनार करने का बयान दिया। इस संबंध में ब्लॉक अध्यक्ष जैन ने कहा कि प्रस्ताव में कोई सूची नहीं बनाई गई थी, बल्कि संगठन की ओर से निर्देश के तहत दुकान आबंटित करने पर सहमति बनी थी। उनका बयान सार्वजनिक रूप से पार्टी विरोधी है। इसके लिए उन्हें तीन दिन के भीतर जवाब देने के लिए नोटिस दिया गया है।

# धान खरीदी केंद्र पटेवा में अवैध कब्जा अब तक पटवारी प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं

## नायब तहसीलदार के निर्देश का असर नहीं, सोसायटी प्रबंधक पर भी मामला दबाने का आरोप

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



धान खरीदी केंद्र पटेवा के सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर पक्का निर्माण का मामला अब तक नही सुलझ पाया है। पायनियर की खबर के बाद प्रशासन में हड़कंप मचा तब नायब तहसीलदार ने खबरों पर संज्ञान लेते हुए हल्का पटवारी को मौका निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। लेकिन अब तक पटवारी ने वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया है।

जानकारी के अनुसार मौका निरीक्षण कर प्रतिवेदन देने पटवारी तक तैयार नहीं है और कथित अतिक्रमण की जमीन के नापजोख , सीमांकन और मौका निरीक्षण प्रतिवेदन के लिए आरआई और अन्य पटवारियों की टीम की जरूरत बताकर मामले से पल्ला झाड़ने के चक्कर में है। खबर है कि अब तक जांच टीम का गठन नहींहुआ है और प्रक्रिया अटकी हुई है। प्रतिवेदन के अभाव में जमीन के मालिकाना हक का निर्धारण नही हो पा रहा है और उक्त वादग्रस्त जमीन पर अब पक्का निर्माण पूरा हो चुका है।

कुल मिलाकर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के गम्भीर मामले में अब तक नाममात्र भी कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं धान खरीदी केंद्र पटेवा में अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण को लेकर सेवा सहकारी समिति प्रबंधन भी घिर गया है। जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। उक्त अवैध अतिक्रमण को जानबूझकर अनदेखा करने का आरोप लगाया जा रहा है।

पटेवा के धान खरीदी केंद्र में जिस अवैध निर्माण को लेकर बवाल मचा हुआ है दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि धान खरीदी केंद्र की जमीन पर अतिक्रमण की गम्भीर शिकायत के बाद भी अब तक सोसायटी प्रबंधन ने अवैध निर्माण को लेकर आपत्ति दर्ज नहीं किया है और न ही सहकारिता विभाग के अफसरों और नायब तहसीलदार को शिकायत किया है। जबकि धान खरीदी केंद्र और सेवा सहकारी समिति का कार्यालय एक ही परिसर में अतिक्रमण स्थल के ठीक सामने है। बावजूद इसके सोसायटी प्रबंधन की चुप्पी को लेकर सोसायटी प्रबंधक और जिम्मेदार कर्मचारियों पर भी उंगलियां उठ रही है। धान खरीदी केंद्र में अतिक्रमण के गम्भीर मामले में सोसायटी प्रबंधन की ओर से शिकायत दबाकर रखे जाने और कार्रवाई में हो रही देरी से भूमाफियाओं को शह मिल रही है। चूंकि पूर्व में भी पटेवा में बाजार चौक और प्रस्तावित गौठान की बेशकीमती सरकारी ज़मीनों पर अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया गया था। परन्तु बाजार चौक का अतिक्रमण अब तक नहीं हटाया जा सका और प्रस्तावित गौठान की जमीन पर फिर से अतिक्रमण की शिकायत बतायी जा रही है।

# फर्टिलाईजर्स बनाने वाली फर्म के खिलाफ शिकायत

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बैगाटोला सरपंच योगेश्वर निर्मलकर ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष सिंह से मुलाकात कर खेतान केमिकल्स एंड फर्टिलाईजर्स लिमिटेड को ग्राम पंचायत के अनुबंध के आधार पर जून से नवंबर तक बंद कराए जाने पत्र सौंपा। सरपंच योगेश्वर निर्मलकर, चंदन एवं ग्रामीणों ने पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह को पत्र सौंपते बताया कि खेतान केमिकल्स एंड फर्टिलाईजर्स लिमिटेड ग्राम फरहद पोस्ट सोमनी में स्थित है, जिसमें केमिकलऔर फर्टिलाईजर्स का उत्पादन कार्य किया जाता है। कंपनी के साथ ग्राम पंचायत फरहद के साथ हुए अनुबंध के आधार पर खेतान केमिकल एंड फर्टिलाईजर्स लिमिटेड को जून से नवंबर तक उत्पादन कार्य बंद रखना है, ताकि उक्त केमिकल एंड फर्टिलाईजर्स से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों से धान एवं अन्य फसलों तथा पशुधन को किसी प्रकार का नुकसान न हो इस विषय में उक्त खेतान केमिकल एंड फर्टिलाईजर्स लिमिटेड का उत्पादन बंद करने हेतु ग्राम पंचायत बैगाटोला द्वारा कंपनी प्रबंधन को नोटिस भी दिया जा चुका है, परंतु कंपनी प्रबंधन द्वारा अब तक उत्पादन कार्य बंद नहीं किया गया है। खेतान केमिकल एंड फर्टिलाईजर्स लिमिटेड से ग्राम पंचायत बैगाटोला का मुख्य कृषि क्षेत्र लगा हुआ है, जिसमें धान बुवाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने खेतान फर्टिलाईजर्स लिमिटेड में उत्पादन कार्य को शीघ्र अतिशीघ्र बंद करने की मांग रखी गई है।

# कबीरमठ में बैरागी वैष्णव समाज ने किया चौका महाआरती

■ बैरागी वैष्णव समाज धमतरी परिक्षेत्र कबीरमठ का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम कबीरमठ नादिया में कबीरपंथी बैरागी वैष्णव समाज धमतरी परिक्षेत्र नादिया के द्वारा कबीर जयंती एवं सामाजिक समारोह का आयोजित हुआ। इस मौके पर कबीर चौका महाआरती आयोजित हुई। समारोह में सम्मिलित क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू द्वारा बैरागी समाज के लिए समाजिक भवन की घोषणा की गई।

समारोह की अध्यक्षता मठ के आचार्य मंगल साहेब थे। विशेष अतिथि टिकेश साहू अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष डोंगरगांव, सुयश नाहटा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव, दीबिका साहू जनपद सदस्य डोंगरगांव, ग्राम के गणमान्यजन श्रीमति गंगा देवी वैष्णव, चमेली बाई वैष्णव व सुबश दास वैष्णव सहित कबीर पंथी बैरागी वैष्णव समाज धमतरी परिक्षेत्र कबीरमठ नादिया के गणमान्य पदाधिकारी थे।

उक्त अवसर पर बैरागी वैष्णव समाज धमतरी परिक्षेत्र कबीरमठ के अध्यक्ष महंत मकरंद वैष्णव, महंत टीकम दास वैष्णव, गोपाल वैष्णव, वेदनारायण वैष्णव, सदस्यगण सुरेन्द्र दास, प्रेमदास, विनोद वैष्णव, सुदर्शन दास, गणेश दास, भानुदास, दीपक दास, सत्यम वैष्णव, वेदव्यास वैष्णव, संजय वैष्णव, पुकेश वैष्णव, प्रकाश वैष्णव, दुष्यन्त वैष्णव, अनिल वैष्णव एवं खेमनारायण वैष्णव सहित कबीरपंथी ग्रामवासी मौजूद थे।

# 134 व्यक्तियों को दो करोड़ की सहायता राशि मरीजों के इलाज के लिए दी गई

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए मददगार बनी है। इस योजना के तहत जिले में 134 व्यक्तियों को 1 करोड़ 99 लाख 62 हजार रूपए की राशि मरीजों के ईलाज के लिए दी गई है। इस योजनांतर्गत जटिल एवं गंभीर रोगों के निःशुल्क ईलाज के लिए 20 लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। ऐसी बड़ी बीमारियों में शासन से मिल रही यह मदद महत्वपूर्ण है। बीपीएल श्रेणी के नागरिकों को कैंसर, हृदयघात, ट्यूमर, ब्लड कैंसर, मलेरिया, इंडोवस्कूलर इम्बोलिजेशन, ब्रेन ट्यूमर, किडनी एवं अन्य की गंभीर बीमारी के ईलाज में शासन द्वारा सहायता राशि दी जा रही है। डोंगरगांव की खोमेश्वरी पटेल को ब्रेस्ट कैंसर केईलाज के लिए 4 लाख 64 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई है। खैरागढ़ के संजय यादव ने बताया कि उन्हें पैनक्रियाज में ट्यूमर हुआ था। ऐसी स्थिति में काफी तकलीफ हुई और एम्स रायपुर ईलाज के लिए जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के तहत 3 लाख रूपए की सहायता राशि से बहुत मदद मिली। डोंगरगांव के गिरधारी लाल धनकर ने बताया कि उन्हें मलेरिया हो गया था, जिसने गंभीर रूप धारण कर लिया था। राजनांदगांव के प्रतीक यादव एप्लास्टिक एनिमिया जैसी दुर्लभ बीमारी से पीड़ित थे। उनके ईलाज के लिए 4 लाख 80 हजार रूपए की मदद शासन की ओर से दी गई। शगुन लाल मरकाम को 3 लाख 40 हजार 800 रूपए, मास्टर हेमन्त निषाद को 4 लाख 44 हजार 600 रूपए, कल्पना उजवने को 6 लाख 56 हजार 470 रूपए, निधि गहिने को 4 लाख 40 हजार रूपए, रेखा तेजवानी को 3 लाख 3 हजार 160 रूपए, हीराबाई पटेल को 3 लाख 14 हजार, सीताराम गोर्रे को 4 लाख 69 हजार रूपए, अन्विता हरिहारनो को 3 लाख 10 हजार रूपए, मालती गंजीर को 4 लाख 80 हजार रूपए, बाबुलाल को 3 लाख 59 हजार रूपए की सहायता राशि मिली है।

## पूंजीपति मित्रों के लिए सिक्योरिटी गार्ड तैयार कर रही मोदी सरकार : साहू

# अग्निपथ योजना : देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ : छन्नी साहू

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव/छुरिया
www.dailypioneer.com



केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सेना में भर्ती के लिए लाए गए अग्निपथ योजना को देश के युवाओं की भविष्य से खिलवाड़ बताते हुए खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस विधायक श्रीमति छन्नी चंदू साहू ने कहा कि भाजपा एवं केन्द्र की मोदी सरकार भारत के युवा एवं सेना में भर्ती के इच्छुक नौजवानों से छल कर रही है।

कांग्रेस विधायक छन्नी साहू ने अग्निपथ का विरोध करते हुए कहा कि भाजपा ने हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार देनें,सौ दिनों में महंगाई कम करनें,किसानों की आय दोगुनी करने, कालाधन वापस लाने, जनधन योजना से हर भारतवासी के खाते में 15-15 लाख डालने जैसे कई लोक लुभावनें झुठे वायदों के बूते देश की सत्ता हासिल कर ली।

विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने कहा कि मोदी सरकार ने कुर्सी संभालते ही अपने एक भी वायदों व घोषणाओं को पुरा नही किया। कांग्रेस विधायक नेकहा की भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा कर सबसे पहले किसानों को छला। देश में ऐसे तीन कृषि काला कानून लाए गए जिससे पूरे भारत देश का किसान परेशान होकर सड़क में आ गया। और अब युवाओं को रोजगार देने के नाम पर अग्निपथ योजना लाकर देश के नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

कांग्रेस विधायक छन्नी साहू ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार नें सेना भर्ती के लिए तीन वर्ष से कोई वेकैंसी जारी नही की। अब अग्निपथ योजना लाकर देश के युवाओं को अपने पूंजीपति मित्रों की सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्ड तैयार करने के अभियान में जुटी हुई है। विधायक छन्नी साहू ने कहा कि अग्निपथ ऐसी योजना है जिसमें चार वर्ष बाद 75 प्रतिशत अग्निवीरों की छटाई हो जाएगी। फिर इन अग्निवीरो को कहां नौकरी मिलेगी यह भी कही साफ नजर नही आता। विधायक छन्नी साहू ने कहा कि सेना से प्रशिक्षित होकर निकले इन जवानों को यदि वापस पैरामिलिट्री में काम करने का अवसर नहीं मिला तो इन अग्निवीरों को मजबूरी में जीविकोपार्जन के लिए औनें-पौनें की नौकरी करनी पड़ेगी या फिर प्रधानमंत्री मोदी जी के पूंजीपति मित्रों के यहां सिक्योरिटी गार्ड का काम करना पड़ेगा।

कांग्रेस विधायक ने कहा कि यदि अग्निपथ से लौटे अग्निवीरों को सम्मान जनक नौकरी नही मिली तो वे गलत रास्ते भी अख्तयार कर सकते हैं। इससे देश में अपराधिकरण को बढ़ावा मिलेगा। विधायक श्रीमती छन्नी साहु ने केन्द्र की मोदी सरकार से सेना में भर्ती के लिए लाई गई योजना अग्निपथ को वापस लेने तथा योजना में पूनर्विचार कर देश के युवाओं के हित में सेना में अस्थाई भर्ती प्रक्रिया को स्थगित करने कि मांग की है।

# मवेशी तस्करों को दबोचने वाले युवाओं के खिलाफ एफआईआर

■ पुलिस के खिलाफ आक्रोश, सवाल भी

पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com



गौ तस्करों को दबोचने वाले युवाओं के खिलाफ ही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर नागरिक संदेह की दृष्टि से देख रहे हैं और कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

दबोचे गए तस्करखोरबाहरा लाउत्रे (22), प्रेमलाल कोरकोट्टा (35) दोनो निवासी ग्राम कल्लुबंजारी पर पुलिस ने धारा 47ए, 47सी, 48, 52, 10, 4, 6, के तहत मामला दर्ज किया है। मामले में नया मोड़ तब आया तस्करो के साथ मारपीट के आरोप पर शिकायतकर्ता प्रार्थी एवं 3 गवाहो पर भी धारा 341, 323, 294, 506के तहत गुपचुप तरीके से अपराध दर्ज कर दिया गया। यह आरोप तस्करों ने ही लगाए थे। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद सवाल उठने लगे हैं कि क्या पशु तस्करों को पकड़ना अपराध है जागरुक युवाओं ने कानून की मदद की और उनके खिलाफ ही बगैर जाँच, गवाह, बिना जानकारीगुपचुप तरीके से अपराध दर्ज कर दिया जाना कहां तक सही है।

**आरक्षक की भूमिका पर उठ रहे सवाल :** इस कार्रवाई के बाद छुरिया पुलिस की भूमिका पर संदेह जताया जा रहा है। सवाल हो रहें हैं कि क्या पुलिस की तस्करों से सांठगांठ है। पशु तस्करो के साथ-साथ प्रार्थी एवं गवाहो पर एफआईआर दर्ज कर दिए जाने से नगर व क्षेत्र में छुरिया पुलिस व विभाग की किरकिरी हो रही है। लगातार तीन तबादलों के बाद भी छुरिया थाना नहीं छोड़ने वाले एक आरक्षक पर नागरिक कई तरह के आरोप लगा रहे हैं। आरोप लग रहे हैं कि उनकी अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों से गहरी सांठगांठ है।

# गरीबी से त्रस्त अफगानों के लिये एक और मुसीबत बनकर आया घातक भूकंप




**काबुल।** अफगानिस्तान में इस सप्ताह आए जबरदस्त भूकंप ने देश के उन इलाकों को बुरी तरह प्रभावित किया है, जो पहले से ही भयंकर गरीबी से जूझ रहे हैं।

देश में शनिवार को दूसरे देशों और संगठनों से मदद आई, लेकिन अधिकतर निवासियों को समझ नहीं आ रहा कि वे पर्वतीय इलाकों के बीच बसे गांवों में तबाह हुए हजारों मकानों को फिर से किस तरह बसाएंगे। भूकंप ने सबसे अधिक तबाही ऊंचे पर्वतीय इलाकों पक्तिका और खोस्त प्रांतों में मचाई है, जो पाकिस्तान सीमा से लगे हैं। वहां कुछ भूमि उपजाऊ है, इसलिये लोग जैसे-तैसे करके गुजर बस करते हैं जबकि ज्यादातर लोग काम के लिए पाकिस्तान, ईरान या किसी अन्य देश प्रवास कर चुके अपने रिश्तेदारों द्वारा भेजे गए पैसों पर निर्भर हैं। बुधवार को आए भूकंप में मीरादीन गांव में सभी 24 मकान मलबे के ढेर में तब्दील हो गए हैं।

रात में बारिश होने पर गांव के कई निवासी आसपास बनीं लकड़ी की झोपड़ियों में सोने को मजबूर हैं।

भूकंप प्रभावित इलाकों में धीरे-धीरे मदद पहुंच रही है, लिहाजा उन्हें अब तक कोई सहायता भी नहीं मिली है। मीरादीन गांव के निवासियों ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि वे इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कुछ ही महीने में आने वाली भीषण ठंड से पहले वे अपने घर फिर से बना भी पाएंगे या नहीं। पर्वतीय इलाकों में गर्मी का मौसम कम समय का होता है और रात ठंडी होती है। पूरे भूकंप प्रभावित इलाके में यह डर महसूस किया जा रहा है, जहां माना जा रहा है कि तीन हजार मकान तबाह हो गए हैं। पक्तिका गायन जिले के निवासी दौलत खान ने कहा, हम कई परेशानियों का सामना कर रहे हैं। हमें हर प्रकार की सहायता चाहिए। हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय और हमारी मदद कर सकने वाले अफगानों से मदद का अनुरोध करते हैं। भूकंप के कारण मकान गिरने पर दौलत के परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र बाल एजेंसी के प्रतिनिधि ने कहा कि बुधवार को आए 6 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों में 121 बच्चे शामिल हैं और इनकी संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि लगभग 70 बच्चे घायल हैं। शुक्रवार को आए भूकंप के बाद के झटकों में पांच और लोगों की जान चली गई।

# जम्मू-कश्मीर में G-20 मीटिंग बुलाने की तैयारी पर क्यों बौखला गया पाकिस्तान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में अगले साल होने वाले जी-20 (त-20) बैठकों का विरोध किया है। पाकिस्तान ने कहा है कि वो जी-20 बैठको को लेकर भारत की योजनाओं को पूरी तरह से नकारता है। इसके साथ-साथ पड़ोसी देश ने जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच विवादित क्षेत्र बताया है। पाकिस्तान ने कहा कि यह विवाद सात दशकों से अधिक समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एजेंडे पर है।

जम्मू कश्मीर दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाने वाले प्रभावशाली समूह जी-20 की 2023 की बैठक की मेजबानी करेगा। केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने समन्वय के लिए गुरुवार को पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता आसिम इफ्तिखार अहमद ने एक बयान में कहा कि इस्लामाबाद ने भारतीय मीडिया में आई उन खबरों का संज्ञान लिया है, जिनसे संकेत मिलता है कि भारत जी-20 से संबंधित कुछ बैठक जम्मू कश्मीर में कराने पर विचार कर सकता है। अहमद ने कहा, 'भारत की ऐसी किसी भी कोशिश को पाकिस्तान पूरी तरह नकारता है।'

### जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने समिति को दी मंजूरी

जम्मू-कश्मीर प्रशासन के आदेश में कहा गया है कि आवास एवं शहरी विकास के प्रधान सचिव समिति का नेतृत्व करेंगे, जिसका गठन विदेश मंत्रालय के 4 जून के पत्र के बाद किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव मनोज कुमार द्विवेदी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है, 'केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में होने वाली जी-20 बैठकों के समग्र समन्वय के लिए एक समिति के गठन को मंजूरी दी जाती है।'

### जम्मू-कश्मीर को बताया अंतरराष्ट्रीय स्तर का विवादित क्षेत्र

उन्होंने कहा कि यह सब जानते हैं कि जम्मू कश्मीर, पाकिस्तान और भारत के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर माना गया 'विवादित' क्षेत्र है और सात दशकों से अधिक समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एजेंडे पर है। अहमद ने कहा कि पाकिस्तान अंतराष्ट्रीय समुदाय से भारत से पांच अगस्त, 2019 को लिए गए अपने फैसले को वापस लेने और सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करने का आह्वान करने का अनुरोध भी करता है।

### अनुच्छेद 370 हटने के बाद से और बढ़ा तनाव

बता दें कि कि पांच अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने के लिए भारत द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत सरकार के इस कदम का पाकिस्तान ने पूरी दुनिया में पूरजोर तरीके से विरोध भी किया था और अभी भी करते आ रहा है। हालांकि, भारत सरकार उसके विरोध हमेशा से खारिज करती आई है।


## अमेरिकी थल सेना के सैनिक ने सैन्य टुकड़ी पर हमले की साजिश रचने का अपराध स्वीकार किया



**न्यूयार्क।** अमेरिकी थल सेना के एक सैनिक ने 2020 में एक हमले के जरिये अपनी सैन्य टुकड़ी के सदस्यों की हत्या की साजिश रचने का अपराध स्वीकार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लुइसविले,केनटकी के रहने वाले एथन फेलन मेलजर (24) ने बताया कि वह एक समूह की ओर से इस हमले को अंजाम देना चाहता था जो पश्चिमी सभ्यता को नष्ट करने के लिए हिंसा को बढ़ावा देता है। मेलजर ने मैनहट्टन संघीय अदालत में अपना अपराध स्वीकार किया।

मामले में अगले साल छह जनवरी को सजा सुनाई जाएगी। अमेरिकी सैनिकों की हत्या की कोशिश करने, आतंकवाडुदियों की मदद करने की कोशिश करने और राष्ट्रीय रक्षा सूचना साझा करने का अपराध स्वीकार करने को लेकर उसे 45 साल की कैद की सजा हो सकती है। अदालती दस्तावेजों के मुताबिक, संघीय अधिकारियों ने कहा कि मेलजर दिसंबर 2018 में सेना में शामिल होने से पहले एक कट्टरपंथी हिंसक समूह का सदस्य था जिसे 'ऑर्डर ऑफ नाइन एंज्ल्स' या 09ए के नाम से जाना जाता है।

# अमेरिकी बंदूक हिंसा रोधी विधेयक को जो बाइडेन की मंजूरी, कहा- लोगों के जीवन की रक्षा होगी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शनिवार को पिछले कुछ दशकों के काफी अहम माने जा रहे बंदूक हिंसा रोधी विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए। इस विधेयक को डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों राजनीतिक दलों का समर्थन मिला। टेक्सास में एक प्राथमिक विद्यालय में एक बंदूकधारी की ओर से 19 छात्रों और दो शिक्षकों की हत्या किए जाने की घटना के बाद देश में हथियार खरीदने संबंधी एक कड़े कानून के लिए सरकार पर दबाव था। स्कूल की घटना सहित हाल में हुई गोलीबारी की सिलसिलेवार घटनाओं से पहले इस तरह के किसी विधेयक को अकल्पनीय माना जा रहा था।

बाइडेन ने विधेयक पर हस्ताक्षर करने के बाद व्हाइट हाउस में कहा, 'इससे लोगों के जीवन की रक्षा होगी। गोलीबारी की घटनाओं में मारे गए लोगों के परिजनों का संदेश था कि हम कुछ करें। आज हमने यह कर दिया।' गुरुवार को इस विधेयक को अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट से और शुक्रवार को निचले सदन प्रतिनिधि सभा से मंजूरी मिल गई थी। अब बाइडेन के हस्ताक्षर करने के साथ ही यह विधेयक एक कानून बन गया है।

### यूरोप रवाना होने से पहले बाइडेन ने दी मंजूरी

बाइडेन ने यूरोप में दो शिखर सम्मेलनों के लिए वाशिंगटन से रवाना होने से ठीक पहले विधेयक पर हस्ताक्षर किए। 13 अरब डॉलर के इस विधेयक के तहत कम उम्र के बंदूक खरीदारों की पृष्ठभूमि की कड़ी जांच की जाएगी और राज्यों को खतरनाक समझे जाने वाले लोगों से हथियार वापस लेने का अधिकार दिया जाएगा। इसके अलावा विद्यालयों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य औक हिंसा की रोकथाम के स्थानीय कार्यक्रमों को निधि मुहैया कराई जाएगी। अमेरिका को हिलाकर रख देने वाली गोलीबारी की घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में यह कानून अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### बंदूक हिंसा के खिलाफ कुछ दशकों का सबसे बड़ा कदम

देश में बंदूक हिंसा के खिलाफ उठाया गया सांसदों का पिछले कुछ दशकों में यह सबसे बड़ा कदम है। रिपब्लिकन पार्टी हथियारों की बिक्री पर रोक लगाने के डेमोक्रेटिक प्रयासों को सालों से बाधित कर रही थी, लेकिन न्यूयॉर्क और टेक्सास में हुई गोलीबारी की घटनाओं के मद्देनजर डेमोक्रेटिक पार्टी के अलावा कुछ रिपब्लकिन सांसदों ने इस बार फैसला किया कि इस संबंध में संसद की निष्क्रियता अब स्वीकार्य नहीं है। दो सप्ताह तक चली बातचीत के बाद दोनों दलों के सांसदों के एक समूह ने यह विधेयक पेश करने संबंधी समझौता किया, ताकि बंदूक हिंसा को रोका जा सके।

# अमेरिका : कोविड-19 टीका नहीं लगवाने की वजह से हजारों सैनिकों पर लटक रही बर्खास्तगी की तलवार



**वाशिंगटन।** अमेरिका में 'आर्मी नेशनल गार्ड' के करीब 40 हजार सैनिकों ने कोविड-19 से बचाव के लिए बृहस्पतिवार को तय अंतिम समय सीमा तक अनिवार्य रूप से टीका लगवाने की शर्त को पूरा नहीं किया जबकि 14 हजार सैनिकों ने टीका लगवाने से साफतौर पर इंकार कर दिया है, जिससे उनपर बर्खास्तगी का खतरा मंडरा रहा है। अमेरिका के अर्मी नेशनल गार्ड में टीका नहीं लगवाने वाले 40 हजार सैनिक कुल सैनिकों के 13 प्रतिशत हैं। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को मिले आंकड़ों के मुताबिक छह राज्य ऐसे हैं जहां पर 20 से 30 प्रतिशत गार्ड सैनिकों ने टीकाकरण नहीं कराया है जबकि 43 राज्यों में ऐसे सैनिकों की संख्या 10 प्रतिशत से अधिक है।

गार्ड के अधिकारियों ने बताया कि वे समय पर टीका लगवाने के लिए सैनिकों को प्रोत्साहित करने के लिए यथासंभव कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया की करीब सात हजार सैनिकों ने टीकाकरण से छूट देने की मांग की है जिन्हें मनाने का प्रयास कर रहे हैं। इनमें से लगभग सभी ने धार्मिक कारणों से टीकाकरण से इंकार किया है।आर्मी नेशनल गार्ड के लेफ्टिनेंट जनरल जॉन जेनसेन ने एपी को दिए साक्षात्कार में कहा, ''हम वह सबकुछ कर रहे हैं जिससे सभी सैनिकों को टीका लगवाने और अपना सैन्य करियर जारी रखने का अवसर मिले। हर छूटा हुआ सैनिक छूट चाहता है, हम उनका उनकी प्रक्रिया के तहत समर्थक करना जारी रखेंगे।

# ब्रिटेन में तीसरे दिन भी जारी रेल कर्मचारियों की हड़ताल



**लंदन।** ब्रिटेन में रेल कर्मचारियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तीसरे दिन रेलवे स्टेशन सुनसान रहे और लाखों लोगों की सप्ताहांत की योजनाओं पर पानी फिर गया। ट्रेन कंपनियों ने कहा है कि लगभग 40,000 रेल कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं, जिसके चलते बहुत कम ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसे बीते 30 साल में सबसे बड़ी रेल हड़ताल माना जा रहा है। इन कर्मचारियों ने नौकरी, वेतन और कामकाजी शर्तो को लेकर विवाद के चलते मंगलवार और बृहस्पतिवार को 24 घंटे की हड़ताल की थी। कर्मचारी पर्याप्त वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं और उनका कहना है कि चार दशक में सबसे अधिक महंगाई होने के चलते उनके लिए खर्चा चलाना मुश्किल हो गया है। इस बीच, ट्रेन कंपनियां खर्चों में कटौती और कर्मचारियों की संख्या कम करने पर जोर दे रही हैं। ये कंपनियां दो साल से जारी महामारी के दौरान आपात सरकारी अनुदान पर खर्चे चला रही हैं। रेल, समुद्र एवं परिवहन यूनियन के महासचिव मिक लिंच ने कहा कि रेलवे कर्मचारी अपनी मांगों से पीछे नहीं हटेंगे। इन्हीं कर्मचारियों को कोविड के दौरान नायक कहकर इनकी प्रशंसा की गई थी। उन्होंने स्काई न्यूज से कहा, यदि कोई समझौता नहीं हुआ तो हम और अधिक कड़े कदम उठाने से नहीं हिचकिचाएंगे।

# इमरान खान के बेडरूम में जासूसी डिवाइस लगाने की कोशिश, बानी गाला का कर्मचारी गिरफ्तार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या की अफवाहों के बीच उनकी जासूसी का प्रयास किया गया है। बानी गाला का एक कर्मचारी खान के कमरे में जासूसी उपकरण लगाने करने की कोशिश कर रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, इस कर्मचारी को पूर्व प्रधानमंत्री के बेडरूम में उपकरण लगाने के लिए पैसे दिए गए थे। हालांकि, एक दूसरे कर्मचारी ने इसकी सूचना सुरक्षा टीम तक पहुंचा दी, जिसके बाद जासूसी के प्रयास को विफल कर दिया गया।


बानी गाला सुरक्षा दल ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की जासूसी करने की कोशिश की सूचना मिलने पर कर्मचारी को हिरासत में लिया। सुरक्षा दल ने उसे संघीय पुलिस के हवाले कर दिया। यह घटनाक्रम पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या की साजिश रचने की अफवाहों के बीच सामने आया है। इससे पहले इस कथित खतरे को देखते हुए शहर के बानी गाला के आसपास के इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया था।

इमरान खान को कुछ हुआ तो गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने इससे पहले 23 जून को इमरान खान को जान से मारने की धमकी देने के दावों को खारिज कर दिया था। आंतरिक मंत्री ने कहा कि इमरान खान के खिलाफ कोई खतरे की चेतावनी नहीं है। इमरान खान को उसी स्तर पर सुरक्षा और प्रोटोकॉल की पेशकश की जा रही है, जब वह प्रधानमंत्री थे। इससे पहले, इमरान खान के भतीजे हसन नियाजी ने कहा कि अगर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख को कुछ भी होता है, तो इस कृत्य को पाकिस्तान पर हमला माना जाएगा।

### इमरान खान की जान को खतरा बता रहे PTI नेता

पीटीआई के कई लोग दावा कर रहे हैं कि इमरान खान की जान को खतरा है। पीटीआई नेता शहबाज गिल ने कहा कि इस संबंध में हमने सरकार समेत सभी संबंधित एजेंसियों को सूचित कर दिया है। गिल ने दावा किया, ÷कर्मचारी पूर्व पीएम के कमरे की सफाई करता है। उसे जासूसी उपकरण लगाने के लिए भुगतान किया गया था। यह जघन्य और दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे लोगों को जानकारी हासिल करने के लिए धमकाया जा रहा है। इस तरह की शर्मनाक हरकतों से बचना चाहिए।

# टाटा की हुई एक और सरकारी कंपनीः जुलाई से सौंप दी जाएगी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** ओडिशा स्थित नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड को टाटा ग्रुप की एक फर्म को सौंपने का काम जुलाई के मध्य तक पूरा होने की संभावना है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। टाटा स्टील की यूनिट टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स (टीएसएलपी) ने इस साल जनवरी में 12,100 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर एनआईएनएल में 93.71 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की बोली जीती थी। कंपनी ने जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड और जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के एक गठजोड़ को पीछे छोड़ते हुए यह सफलता हासिल की थी।

### लेनदेन अंतिम चरण में है

जानकारी अनुसार एक अधिकारी ने बताया ''लेनदेन अंतिम चरण में है और अगले महीने के मध्य तक हस्तांतरण हो जाना चाहिए।'' चूंकि सरकार की कंपनी में कोई हिस्सेदारी नहीं है, इसलिए बिक्री से होने वाली आय राजकोष में जमा नहीं होगी और इसके बजाय चार सीपीएसई और ओडिशा सरकार के दो पीएसयू में जाएगी।

### कंपनी पर भारी भरकम कर्ज

बता दें कि नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड का कलिंगनगर, ओडिशा में 1.1 मीर्टकि टन क्षमता वाला एक इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट है। यह सरकारी कंपनी भी भारी घाटे में चल रही है और यह प्लांट 30 मार्च, 2020 से बंद है। कंपनी पर 31 मार्च 2021 को 6,600 करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज और देनदारियां हैं, इसमें प्रमोटरों का 4,116 करोड़ रुपये, बैंकों का 1,741 करोड़ रुपये अन्य लेनदारों और कर्मचारियों का भारी बकाया शामिल है।

# श्रीलंका में पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा, 450 रुपये लीटर के पार पहुंची कीमत



**नई दिल्ली.** आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में पेट्रोल की कीमत में 50 श्रीलंकाई रुपये और डीजल की कीमतों में 60 श्रीलंकाई रुपये की बढ़ोतरी हुई है। पड़ोसी देश में पिछले दो महीनों में तीसरी बार ईंधन की कीमतें बढ़ाई गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के ईंधन विक्रेता सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) ने कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी रविवार रात दो बजे से लागू हो गई है। लंका आईओसी ने भी इसी अनुपात में कीमतों में बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के साथ पेट्रोल की कीमत 470 श्रीलंकाई रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 460 श्रीलंकाई रुपये प्रति लीटर हो गई है।

**श्रीलंका के दौरे पर आएगा अमेरिका का प्रतिनिधिमंडल :** आर्थिक बदहाली का सामना कर रहे श्रीलंका को मौजूदा संकट से उबारने की खातिर बातचीत करने के लिए अमेरिका का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को यहां आएगा। समाचारपत्र न्यूज फर्स्ट में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के वित्त विभाग और विदेशी विभाग के अधिकारियों का यह प्रतिनिधिमंडल 26-29 जून तक श्रीलंका के दौरे पर रहेगा। इसमें कहा गया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विभिन्न राजनीतिक प्रतिनिधियों, अर्थशास्त्रियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लोगों से मुलाकात करेंगे और यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि श्रीलंका की मदद करने के लिए अमेरिका किस तरह के प्रभावी कदम उठा सकता है। श्रीलंका में अमेरिका की राजदूत जूली चुंग ने कहा, ''यह दौरा श्रीलंका के लोगों की सुरक्षा और समृद्धि की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।'' उन्होंने कहा, ''श्रीलंका अपने इतिहास के सबसे बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहा है, ऐसे हालात में उसकी आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने और लोकतांत्रिक प्रतिष्ठानों को मजबूत करने के हमारे प्रयास बेहद अहम होंगे।

# इस सप्ताह कैसी रहेगी शेयर बाजार की चाल? एक्सपर्ट लगा रहे हैं अनुमान



**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों का रुख इस सप्ताह वैश्विक रुझानों, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विदेशी संस्थागत निवेश की चाल से प्रभावित होगा। इसके साथ ही विशेषज्ञों ने कहा कि मासिक वायदा सौदों के पूरा होने के चलते भी बाजार को अस्थिरता का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि रुपये में उतार-चढ़ाव और मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

स्वास्तिका इंवेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''वैश्विक बाजारों में सुधार और जिंस कीमतों में कमी के कारण दो सप्ताह की तेज गिरावट के बाद भारतीय बाजार निचले स्तरों से उबरने में कामयाब रहे। ऐसा लगता है कि ये सुधार आगे जारी रह सकता है और हम इक्विटी बाजारों में आने वाले दिनों में एक अच्छी तेजी की उम्मीद कर सकते हैं।'' मीणा ने कहा, ''वायदा सौदों के पूरा होने के अलावा ऑटो बिक्री के मासिक आंकड़ों और मानसून की प्रगति भी बाजार के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

# ओएनजीसी को पांच महीने के बाद एचपीसीएल बोर्ड में एक निदेशक मिला



**नयी दिल्ली।** तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) को आखिरकार पांच महीने से अधिक समय के बाद हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के बोर्ड में एक निदेशक मिल गया है। गौरतलब है कि ओएनजीसी ने 36,915 करोड़ रुपये में एचपीसीएल का अधिग्रहण किया था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 22 जून को एचपीसीएल के बोर्ड में निदेशक के रूप में ओएनजीसी के निदेशक (ऑफशोर) पंकज कुमार की नियुक्ति के लिए अपनी मंजूरी दी। पांच महीने से अधिक समय से ओएनजीसी का एचपीसीएल के बोर्ड में कोई प्रतिनिधि नहीं था।

एचपीसीएल ने डेढ़ साल से अधिक समय तक (जनवरी 2018 और अगस्त 2019 के बीच) ओएनजीसी को अपने प्रवर्तक के रूप में मान्यता नहीं दी थी, जबकि सरकार ने कंपनी में अपनी पूरी 51.11 प्रतिशत हिस्सेदारी उसे बेच दी थी। बाजार नियामक सेबी के हस्तक्षेप के बाद ही एचपीसीएल नरम पड़ी और ओएनजीसी को एक निदेशक नियुक्त करने का अधिकार मिला, जिसे एचपीसीएल ने 'सरकारी नामित निदेशक (ओएनजीसी का प्रतिनिधि)' कहा। एचपीसीएल ने शेयर बाजार को बताया, ''पंकज कुमार को 22 जून 2022 से कंपनी के बोर्ड में सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

# संभागायुक्त कावरे ने एक कृषक परिवार में लिया जन्म, बचपन में माता-पिता के साथ कि खेती किसानी, तेंदूपत्ता तोड़ाई का भी किया काम, महादेव के अड़िग इरादों के आगे आर्थिक स्तिथि नही बनी रोढ़ा और बन गए आईएएस

## रूम पार्टनर पहले ही अटेम्पेट में बना आईएएस, जिसे देखकर ही प्रशासनिक सेवा में आने की ठानी : महादेव कावरे

रवि भूतड़ा ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

'बचपन में माता-पिता के साथ खेती किसानी की, और जब स्कूल के समय गर्मियों की छुट्टियां लगती थी, तो उस समय तेंदूपत्ता खरीदी के समय ठेका पद्धति पर ठेकेदार को तोड़ाई का काम के दौरान ठेकेदार की ओर से जो खरीदी का काम होता तो वो करते थे। तेंदूपत्ता कलेक्शन माता-पिता भी करते थे। और हम कलेक्शन के साथ-साथ खरीदी का भी काम करते थे। बचपन से ही परिवार से पढ़ाई के लिए बहुत सपोर्ट मिला। मुझे याद है, जब मैं हायर सेकेंडरी में आया तब जाकर गांव में लाइट आई थी। मेरा बचपन एक कच्चे मकान में ही गुजरा है। लेकिन जब ग्रामीण से शहरी परिवेश में आए तब लगा कि अपना भी पक्का मकान हो। उक्त बातें संभागायुक्त महादेव कावरे ने **पायनियर** से साझा करते हुए कही, किसान परिवार में जन्मे श्री कावरे ने तेंदूपत्ता खरीदी करने से लेकर दुर्ग जोन कमिश्नर बनने तक के सफर को कुछ यूं साझा किया.....



**■आपका फैमली बैकग्राउंड, और किस माहौल में आपका परिवेश हुआ हैं..?**

मेरा जन्म बीजापुर के एक छोटे से गांव बोरजे में हुआ। जो कि जिला मुख्यालय से 12 किमी अंदर हैं। मेरे पिता किसान थे। वो नही रहे। माँ गृहणी हैं। हम 5 भाई-बहन हैं। मेरे से दो बड़े भाई-बहन और मेरे से छोटे 2 भाई-बहन हैं। पत्नी हाउस वाइफहै। मेरे दो बेटे है, दोनों ही सैनिक स्कूल में हैं। मेरी प्रायमरी और मिडिल शिक्षा सरकारी स्कूल से ही हुई हैं। आठवीं में मैंने राष्ट्रीय प्रतिभा परीक्षा दी थी। 9th मैन बस्तर हाईस्कूल से की। जगदलपुर से ही मैंने इंजीनियरिंग का कोर्स किया हैं। मैं कोई लक्ष्य लेकर नही चला कि मुझे आईएएस ही बनना है, सिर्फ इतना था कि पढ़ाई करनी हैं। स्कूली शिक्षा के समय मेरे शिक्षकों ने मुझे बहुत सपोर्ट किया। जब मैं जगदलपुर आया तो मुझे काफी दिनों तक हॉस्टल नही मिला। मैंने बीई करने बाद आईटी दिल्ली से एमटेक का एग्जाम दिया। जब मैं दिल्ली गया तो जो मेरे रूम पार्टनर थे, वो पहले ही अटेम्ट में ही आईएएस हो गए थे, उनको देखकर ही मुझे लगा कि मैं प्रशासनिक क्षेत्र में जाऊंगा। क्योकि इंजीनियरिंग करने के दौरान मेरी रेलवे में भी जॉब लग गई थी। दोनों में कम्पेयर करने के बाद फिर मैने प्रशासनिक सेवा में ही जाने की ठानी। 1992 में मैंने यूपीएससी क्लीयर किया।

**■कहा और कब किन-किन पदों पर रहे है...?**

राज्य प्रशासनिक सेवा में सेलेक्ट होने के बाद मेरी पहली ज्वाइनिंग 1994 में डिप्टी कलेक्टर रायपुर रहा। इसके बाद मध्यप्रदेश के सिवनी जिला में रहा। नरसिंगपुर भी रहा। इस दौरान एसडीएम का भी दायित्व मिला। छत्तीसगढ़ राज्य गठन होने के बाद छत्तीसगढ़ मंत्रालय में गृह विभाग में पोस्टिंग हुई। रायपुर, गरियाबंद और बिलाईगढ़ एसडीएम भी रहा। फिर एडिशनल कलेक्टर के पद पर प्रमोशन हुआ। जिसके बाद 2006 में कोरिया जिला पंचायत सीईओ पोस्टिंग हुई। 2007 में एडिशनल कलेक्टर रायपुर बनाया गया। 2009 में नया रायपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी के रूप में पोस्टिंग हुई, यहां 8 साल रहा। इसी दौरान एडिशनल कलेक्टर रायपुर और सीईओ रायपुर डेवलपमेंट का चार्ज रहा। 2018 में बेमेतरा कलेक्टर की जिम्मेदारी मिली।

उसके बाद डायरेक्टर ट्रेजरी और ज्वाईट सेकेट्री माइनिंग रहा। फिर जशपुर कलेक्टर बनाया गया। अक्टूबर 2021 में विशेष सचिव सिंचाई विभाग रहा। फिर जनवरी 2022 में दुर्ग संभागायुक्त बनाया गया।

**■कलेक्टरी के दौरान क्या चुनौती रही..?**

देखिये, बेमेतरा प्लेन एरिया था और जशपुर ट्रायबल क्षेत्र। चुनौतियां जशपुर में ज्यादा रही। चूंकि वहां कनेक्टिविटी और ट्रायबल डेवलपमेंट की भी बात है।

**■प्रशासनिक अधिकारी में क्या क्वालिटी होनी चाहिए..?**

आम लोगो के प्रति जो सोच है वो अच्छी हो। यदि वी जनता के प्रति निगेटिव सोच रखेंगे, तो बहुत ही गलत बात होगी। चूंकि आपको प्रशासनिक जगह पर बैठाया गया है, तो वो जनता के लिए समय निकाले। उनकी बातें सुने।

**■सब्जेक्ट सेलेक्शन कितना इम्पोर्टेंट है..?**



देखिये, यूपीएससी एग्जाम में सब्जेक्ट का सेलेक्शन बहुत इम्पोर्टेंट है। क्योंकि ग्रेजुएशन जिस सब्जेक्ट में किये हो तो उस सब्जेक्ट को न लेकर दूसरे सब्जेक्ट च्वाइस करते हो और फिर उसकी तैयारी करते हो। तो थोड़ा डिफिकल्ट हो जाता है। इवन इंटरव्यू के हिसाब से भी सब्जेक्ट का सेलेक्शन बहुत इम्पोर्टेंट होता है।

**■आपके लिए सफलता के क्या मायने है, चूंकि आप नक्सल क्षेत्र के एक छोटे से गांव से आये हैं..?**

सफलता के सबसे महत्वपूर्ण मायने शिक्षा और मेहनत है। आपने अगर शिक्षा को अच्छे से ग्रहण किया और जो जिम्मेदारी आपको दी जाती है, और उसपर अच्छे से मेहनत किया तो लोग उसे पसंद करेंगे। आपके जो वरिष्ठ अधिकारी है वो पसंद करेंगे।

**■शासन की योजनाओ का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और आखिरी छोर के व्यक्ति को उसका लाभ मिले, इसके लिए क्या प्रयास किये जा रहे हैं..?**

एक बेमेतरा का उदाहरण आपको बताता हूँ, वहां राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत जो गाज गिरने से, पानी में डूबने से या प्राकृतिक आपदा में कोई हानि होती है, तो शासन का प्रावधान है कि उन्हें 4 लाख रुपये सहायता राशि दिया जाएगा। इसमे मैंने यह महसूस किया था कि जो निचले स्तर के अधिकारी है इसमें जांच पड़ताल के लिए काफी समय कगया देते है, जिसकी वजह से पीड़ित परिवार को समय पर भुगतान नही मिल पाता। तो मैने कोशिश किया कि 24 घँटे के अंदर पीड़ित परिवार को सम्बन्धित राशि का चेक मिले। जिसके लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस कार्य में हम सफल भी हुए। जिसके बाद इसे जशपुर में शुरू किया। गौठानो में नोडल अधिकारी बनाये गए है। सबको जिम्मेदारी दी गई हैं। समूह की महिलाओं को जोड़ा गया। जिसकी वजह से आज गौठान मल्टीएक्टिविटी के रूप में संचालित हो रहे हैं। वर्मी कंपोस्ट का उपयोग सभी करे इसके लिए निचले अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। अगर हम मेहनत करे तो योजनाओं का क्रियान्वयन सही होगा।

**■आप लगातार दौरे कर रहे है, आकस्मिक निरीक्षण कर रहे है, लापरवाह अधिकारियों पर कार्यवाही भी कर रहे है...?**

मेरी पोस्टिंग संभागायुक्त के रुप में हुई है तो मेरा फर्ज बनता है कि पूरे संभाग में सभी विभाग के जो लोग है सही ढंग से काम करे। शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से हो। राजस्व के जो पेंडिंग काम है वो तीव्र गति से हो। काम में गुणवत्ता अच्छी हो। लोक सेवा गारंटी का क्रियान्वयन सही ढंग से हो। सर्विस टाइम लिमिट के अंदर उनको सर्विस देनी है। पटवारी ठीक से काम कर रहे है या नही। नगरीय निकाय लोकल बॉडी काम कर रही है या नही। प्रशासनिक कसावट के लिए जरूरी है और आम जनता के काम हो इसके लिए भी जरूरी है।




**■चूंकि आप किसान के बेटे हैं, तो आर्थिक स्तिथि कभी रोड़ा बनी हैं..?**

देखिये, आवश्यकताएं बहुत ज्यादा नही थी। कभी भी पान-गुटखा य शराब को हाथ तक नही लगाया। हमारी रिक्वायरमेंट बहुत कम थी। बड़े भाई शिक्षक थे और पिताजी किसान तो घर चल जाता था।

**■पहले और अब के सरकारी स्कूल में कितना अंतर आया है..?**



हम कच्चे स्कूल भवन में पढ़े है, लेकिन अभी की अपेक्षा उस समय टीचर अच्छे हुआ करते थे। बस्तर में होने के बावजूद उस समय पढ़ाई अच्छी हुआ करती थी। मुझे लगता है अभी के टीचर वो इम्प्रुव नहीं कर पाए। लेकिन अब जब से संविलियन हो गया है, मॉर्डन टेक्नोलॉजी आ गई है, इंग्लिश मीडियम स्कूल भी चालू हो रहे है, अब ऐसा लगता है की एजूकेशन के क्षेत्र में अच्छा काम होगा। अब इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी परिवर्तन आया है। अधोसरंचना में फर्क आया है।

**■आप आईएएस नही होते तो क्या होते..?**

मैं सोचता हूँ कि जो मेरे गांव में मेरे साथ जो पढ़ते थे, उनमें आज कोई टीचर है कोई इंजीनियर है। अगर मैं जगदलपुर नही आता, और इंजीनियरिंग नही करता, तो शायद टीचर बन जाता।

**■सक्सेस मंत्र किया है आपका..?**

मेहनत और लोगो के लिए कुछ काम आ जाये।

**■आपका आयडल कौन है...?**

बाबा भीमराव साहब अंबेडकर, क्योकि उन्होंने इतना अच्छा संविधान बनाया है।

**■फुर्सत में क्षणों में क्या करते है.?**

पर्यावरण के क्षेत्र में ज्यादा लगाव है, तो प्लांटेशन और गार्डनिंग का बहुत शौक है। कभी पर्यटन स्थल भी घूम लेते हैं। गाने का शौक नही है, स्पोर्ट्स देखने का शौक है।

**■आज की युवा पीढ़ी के लिए कोई संदेश...?**

जो यूपीएससी दे रहे है या देना चाहते है, उन्हें बस यही कहूंगा कि सब्जेक्ट बार बार चेंज न करे। अभी के कंपीडिशन टफहो गए है, तो एक बार में हताश न हो। प्रयास करते जाईये। असफल भी हो जाते है तो पुनः प्रयास करे।

# धर्मनगरी भाटापारा में जगतगुरु स्वामी श्री निर्श्चलानन्द सरस्वती जी महाराज का प्राकट्य महोत्सव मनाया गया





पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

मठ मंदिरों को ध्वस्त करने की मंशा बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, भारत देश कुछ सालों में हिंदूराष्ट्र बनेगा. यह परिकल्पना आप हम सब की जल्द पूरी होगी। केंद्र एवं राज्य सरकारें हिन्दुत्व के मुद्दे को लेकर कुछ नहीं कर सकती इस मुद्दे पर हम लगातार प्रयासरत है और आगे भी रहेंगे। भारत के अनेक सनातनी हिंदू सांप्रदाय इस कार्य में सवा सौ करोड संख्या में अदृश्य रूप से सहयोग कर रहे है। उक्त बातें जगतगुरु स्वामी श्री निर्श्चलानन्द सरस्वती जी महाराज ने कहीं। धार्मिक नगरी भाटापारा में गोवर्धनमठ के पुरीपीठाधीर्श्वर जगतगुरु स्वामी श्री निर्श्चलानन्द सरस्वती जी महाराज का 80वाँ प्राकट्य महोत्सव राष्ट्रोंत्कर्ष दिवस के रूप में गुरुकुल स्कूल के प्रांगण में विशाल जनसमूह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र राज्य के अलावा आसपास के ज़िले के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के समापन में उपस्थित लोगों से मिलकर जगतगुरु ने अपना आशीर्वाद दिया।

# अब कम होगी बिजली समस्या : विधायक की पहल से दर्जन भर नया ट्रांसफार्मर लगने से अब अच्छा वोल्टेज मिलेगा

पायनियर संवाददाता ◄ पत्थलगांव
www.dailypioneer.com

पत्थलगांव विधानसभा के दर्जनों ग्राम समेत शहरी क्षेत्र में पत्थलगांव विधायक रामपुकार सिंह की अनुशंसा से नए ट्रांसफार्मर लगाए गए है।विदित हो कि बीते दिनों भीषण गर्मी में होने वाली बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या को देखते हुवे नगरवासी एवं ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष बिजली संकट से अवगत कराया था जिसे विधायक ने त्वरित संज्ञान में लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए थे। विधायक की अनुशंसा से काडरों फिटिंगपारा, लुदबूदी पारा, सराईटोला, मुड़ाबहला कराजीर, बगईझरिया ऊतियालपारा, छातासरई घोटोमुड़ा, मुर्गी बाजार एवं कोयला फेक्ट्री गली पत्थलगांव, पेमला हर्राबहार में नए ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों में हर्ष है। कुकुरगाव पूर्व सरपंच सोनसाय तिर्की, खीरोधर यादव, बीडीसी आशीष कुजूर, वीरेंद्र एक्का समेत अन्य पंचायत के ग्रामीणों ने गत दिनों वोल्टेज की समस्या को लेकर विधायक से मांग की थी। विधायक रामपुकार सिंह ने कहा कि जनता की समस्या को हल करना मेरी पहली प्राथमिकता है। गांव के बच्चे अच्छी रोशनी में पढ़े ओर आगे बढ़ें। नए ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों को राहत एवं शहरी क्षेत्र को भी कटौती से राहत मिलेगी विधायक सिंह ने कहा कि ग्रामीण के लिए आज के समय में पानी, सड़क, बिजली महत्वपूर्ण है किसान को समय पर बिजली मिलेगी तो फसल का उत्पादन अच्छा होकर अच्छी आमदनी होगी।



### महेशपुर ,कोतबा, सुरेशपुर ,दोकडा में नए सब स्टेशन की स्वीकृति

क्षेत्र की बिजली व्यवस्था और मजबूत होगी विधायक की पहल से मुख्यमंत्री बघेल ने पत्थलगांव क्षेत्र में चार नए पावर सब स्टेशन महेशपुर, कोतबा, सुरेशपुर ,दोकडा की स्वीकृति दी हैं। कुछ ही दिनों के अंदर चारों पीएसएस से बिजली सप्लाई शुरू हो जाएगी। वही जिप सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस महामंत्री आरती सिंह ने कहा कि प्रदेश में लोकप्रिय कांग्रेस की सरकार द्वारा बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए बड़े कदम उठाए जा रहे हैं विधायक की पहल से पत्थलगांव क्षेत्र में दर्जनों नए ट्रांसफार्मर एवं चारो नए पीएसएस से आपूर्ति होने पर निश्चित रूप से क्षेत्र के उपभोक्त ाओं को फायदा होगा। इस सम्बंध में विद्युत कार्यपालन अभियंता राम कुमार चौहान ने बताया कि चार नए पावर सब स्टेशन के बनने एवं इन नए ट्रांसफार्मर लगने के बाद क्षेत्र में भविष्य में बिजली का लोड बढ़ने पर भी दिक्क त नहीं होगी।

# रायपुर स्मार्ट सिटी के इको मैराथन 'प्लागाथोन' में दौड़ा शहर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के ' इको मैराथन प्लागाथोंन' में युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया एवं आकर्षक पुरस्कार के विजेता भी बने। महापौर एजाज ढेबर, छ ग. हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, पूर्व मंत्री एवं विधायक सत्यनारायण शर्मा भी रायपुरवासियों के साथ स्वच्छता व स्वास्थ्य जागरूकता के लिए आयोजित इस इको मैराथन में शामिल हुए। तेलीबांधा मरीन ड्राइव से तीन किमी की दौड़ में धावकों ने कचरा बीनते हुए अपनी रेस पूरी की। कार्यक्रम की शुरुआत फिटनेस ट्रेनर नेहा श्रीवास्तव और यूनिक फिट्नेस के हेल्थ टिप्स और जुंबा डान्स से सुबह 6 बजे से हुई । इस प्लागाथोन में रायपुर नगर निगम के 10 सफाई मित्रों मनोज केवर्थ, नवीन, आर.बी. ध्रुव, कौशल सोनी, देवेंद्र कुर्रे,अनूप कुमार, सुमित कुमार, राजेंद्र लंगोटे, रूपेश कुमार, बांके चौहान को समान्नित भी किया गया।



# मुख्यमंत्री ने एनीमिया मोबाइल टेस्टिंग यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर
www.dailypioneer.com

लोगों से भेंट-मुलाकात के लिए जशपुर जिले के बगीचा पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एनीमिया मोबाइल टेस्टिंग यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मोबाइल टेस्टिंग यूनिट लोगों के बीच जाकर एनीमिया की जांच करेगी और खून की कमी वाले व्यक्तियों को दवाई देगी। मोबाइल यूनिट के माध्यम से लोगों को एनीमिया के प्रति जागरूक कर इसके दुष्प्रभावों और इससे बचने के उपायों के बारे में भी बताया जाएगा। मुख्यमंत्री बघेल ने एनीमिया मोबाइल टेस्टिंग यूनिट को हरी झंडी दिखाने के बाद स्कूली बच्चों और गर्भवती महिला को एनीमिया से बचाव के लिए थेरेपेटिक डोज का वितरण किया। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों को थेरेपेटिक डोज (WIFAS - Weekly Iron Folic Acid Suppliment) दिया जाता है। प्राथमिक शाला के बच्चों को दो माह का और पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को तीन माह की खुराक दी जाती है।



# अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस का प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन आज

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज 27 जून को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक नेहरू चौक में शहर ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय 'सत्याग्रह' धरना देकर केंद्र सरकार की 'अग्निपथ योजना' का विरोध किया जाएगा। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार चुन चुन कर सभी वर्गों पर हमला कर रही है और देश को खोखला करने में लगी हुई है ,पहले नोटबन्दी,जीएसटी ,किसान विरोधी कानून,अब सेना में अग्निपथ योजना के माध्यम से 4 वर्ष के लिए अग्निवीर भर्ती करने जा रही है ,जो युवाओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ है वही देश की सुरक्षा भी कमजोर होगी, अपने भविष्य से आशंकित युवा देश की रक्षा पूरी मुस्तैदी से कैसे कर सकता है ,न पेंशन ,न मेडिकल सुविधा ,न पूर्व सैनिक का पदनाम ऐसे में युवाओ में असंतोष की भावना स्वाभाविक रूप से उभरेगा। कांग्रेस पार्टी ने इस योजना का पूरे देश मे सत्याग्रह के माध्यम से विरोध कर रही है ताकि युवाओ को उनका अधिकार मिले और योग्य ,कुशल सैनिक भारतीय सेना का मान बढ़ाये।

# मितान योजना से लोगों को मिल रही बड़ी राहत, जिले में अब तक 169 लोगों को घर बैठे ही मिला प्रमाण-पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शुरू की गई ''मुख्यमंत्री मितान योजना'' का लाभ प्रदेश समेत बिलासपुर वासियों को मिल रहा है। घर बैठे ही मितान योजना से मिल रही सुविधाओं से लोगों को बड़ी राहत मिली है। मितान योजना में 180 लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया है, जिनमें से 169 आवेदकों के घरों तक मितान द्वारा प्रमाण-पत्र पहुंचा दिया गया है। इस योजना को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। मुख्यमंत्री मितान योजना के संचालन से समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है तथा प्रणाली में भी पारदर्शिता आई है। यह योजना प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने में भी कारगर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री मितान योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों के घर तक सरकारी सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। अब प्रदेश के नागरिकों को सरकारी सेवाएं प्राप्त करने के लिए किसी भी सरकारी कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है, क्योंकि अब सरकार द्वारा सभी सरकारी सेवाएं नागरिकों के घर पर प्रदान की जा रही है।



**169 लोगों को घर बैठें मिला है प्रमाण पत्र**

बिलासपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में 2 मई से अब तक 180 लोगों ने मुख्यमंत्री मितान योजना के टोल फ्री नंबर 14545 में कॉल करके अपना अपॉइंटमेंट बुक कराया है। जिसमें से 169 आवेदनों का समय-सीमा के भीतर निराकरण कर प्रमाण-पत्र घर पहुंचा दिया गया है। 11 आवेदनों का परीक्षण जारी है, जिनका जल्द ही निराकरण कर दिया जाएगा।

**अधिकतम दो दिन का समय, बहुतों को कुछ ही घंटों में मिला है प्रमाण-पत्र**

मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत कितनी तेजी से काम किया जा रहा है और लोगों को कितना लाभ मिल रहा है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की निराकृत 169 आवेदनों में से अधिकतर आवेदकों को उसी दिन उनका प्रमाण-पत्र घर पहुंचा दिया गया है जिस दिन आवेदक द्वारा प्रमाण पत्र के लिए कॉल किया गया था। निवास और जाति जैसे प्रमाण-पत्र तो मितान के द्वारा आवेदक के घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज एकत्र करने के 6 से 7 घंटे के भीतर ही तैयार करके पहुंचा दिया जाता है। अगर दस्तावेज सही और पूर्ण है तो मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत आवश्यक सेवाओं के प्रमाण पत्र अधिकतम दो दिन के भीतर आवेदक को घर बैठें प्राप्त हो रहा है।

**13 तरह के प्रमाण-पत्र मिलेंगे**

मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत 13 तरह के प्रमाण-पत्र के लिए टोलफ्री नंबर 14545 पर काल किया जा सकता है। काल मिलने पर आवेदक की सहायता के लिए मितान घर पहुंचते हैं और जरूरी दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने के बाद तैयार प्रमाण-पत्र को आवेदक को घर पहुंचाकर देते हैं। लोगों को मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र, दस्तावेज़ के नकल के लिए अनुरोध, गैर-डिजिटाइज्ड (भूमि रिकॉर्ड आदि की प्रति), जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाणपत्र, दुकान पंजीकरण, भूमि की जानकारी, जन्म प्रमाणपत्र सुधार, मृत्यु प्रमाणपत्र सुधार, विवाह प्रमाणपत्र सुधार जैसी सर्विस घर बैठे दी जा रही है। इसके लिए आवेदन करने के लिए टोल फ़्री नम्बर-14545 पर कॉल किया जा सकता है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403